

मोदी चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से मिलकर... 12

चंदिया हजारा के ग्रामीणों ने बाढ़ बचाव कार्य में... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 313
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 27 अगस्त, 2023

बर्निंग ट्रेन बनी लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस

मदुरै में ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग, 10 की मौत

- तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर लखनऊ-रामेश्वरम एक्सप्रेस के एक कोच में लगी आग
- सभी आठ पीड़ित उत्तर प्रदेश के रहने वाले, जिस कोच में आग लगी उसमें कुल 55 यात्री थे
- टूरिस्ट ट्रेन के कुछ यात्री कोच के अंदर चाय बनाने लगे, तभी सिलेंडर फटने से हादसा हो गया
- पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस आग हादसे पर उप्र मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख
- राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग का किया ऐलान

मदुरै डीआरएम की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं
9360552608, 8015681915

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/सीतापुर

तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गई। शनिवार तड़के हुए हादसे में यूपी के 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग झुलस गए। प्राइवेट कोच में यूपी के 63 तीर्थयात्री सफर कर रहे थे। हादसे के वक्त कोच यार्ड में खड़ा था। यह कोच 17 अगस्त को लखनऊ जंक्शन से रवाना हुआ था। कोच को रविवार को चेन्नई से लखनऊ लौटना था। मदुरै कलेक्टर एमएस संगीता ने बताया कि कोच में सभी यूपी के तीर्थयात्री थे। इस कोच को मदुरै में दो दिन तक रुकना था। यात्रियों ने आज सुबह कॉफी बनाने के लिए स्टोव जलाया, तो सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया।

मृतकों में लखनऊ, सीतापुर और लखीमपुर के लोग

मृतकों में छह लोगों का नाम-पता चला है। इनमें शत्रुदमन सिंह निवासी सीतापुर, मिथिलेश कुमारी निवासी सीतापुर, शांति देवी निवासी लखीमपुर, मनोरमा अग्रवाल निवासी लखनऊ, हिमानी बंसल निवासी लखनऊ और परमेश्वर दयाल शामिल हैं। परमेश्वर का पता कन्फर्म नहीं है। सीतापुर के आरएसएस स्वयंसेवक शिव प्रताप सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं चार लोगों को लाद कर बाहर निकाल लिया, लेकिन अपनी मिसेज और बहनोई शत्रुदमन सिंह को नहीं निकाल पाया। हार कर गिर गया।

सुबह 5.15 बजे लगी आग

रेलवे के मुताबिक, हादसा मदुरै यार्ड पर खड़े कोच में सुबह 5.15 मिनट पर हुआ। 5 बजकर 45 मिनट पर फायर टीम पहुंची और 7 बजकर 15 मिनट पर आग बुझा ली गई। ये प्राइवेट कोच शुक्रवार को नागरकोल जंक्शन पर पुनालूर-मदुरै एक्सप्रेस (16730) में जोड़ा गया था। ट्रेन सुबह 3 बजकर 47 मिनट पर मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची थी। वहां इस कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया।

सिलेंडर लेकर सफर कर रहे थे यात्री

कोच में आग लगने का मुख्य कारण सिलेंडर रहा, जिसे अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। रेलवे के अनुसार, आईआरसीटीसी से कोई भी कोच की बुकिंग कर सकता है, लेकिन सिलेंडर ले जाने पर रोक है। इसके बावजूद सिलेंडर लेकर कोई यात्री सवार हुआ। घटना वाली जगह पर डीआरएम समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर हैं। झुलसे लोगों को गवर्नमेंट राजाजी कॉलेज मदुरै में भर्ती करवाया गया है।

लोग बचाओ-बचाओ चीख रहे

हादसे से जुड़े दो वीडियो सामने आए हैं, जिसमें एक महिला और कई यात्री बचाओ-बचाओ चीख-चिल्ला रहे हैं। थोड़ी देर बाद ये आवाज शांत हो जाती है। फायर एक्सटिंग्विशर और पानी की बौछारें रेलवे कर्मी डाल रहे हैं, लेकिन, उसका असर आग पर नहीं हो रहा।

मृतकों के परिवार को 15 लाख मुआवजा

आग की लपटें बढ़ती देख रेलवे ने फौरन अलग-बगल की बोगियों को अलग किया, जिससे कि आग दूसरी बोगियों में न फैल सके। आग से एक बोगी पूरी तरह जल चुकी है। मृतकों के परिवार को कुल 15 लाख मुआवजे का ऐलान हुआ है। जिनमें रेलवे 10 लाख, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 3 लाख और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 लाख रुपए का ऐलान किया। जहां से टिकट बुक हुए थे, उस ट्रैवल एजेंसी के कर्मचारी अंकुर ने बताया, 17 अगस्त को सीतापुर से रामेश्वरम के लिए टूर गया था। कुल 63 यात्री थे। 30 अगस्त को वापसी थी। हादसे में सीतापुर के आदर्श नगर निवासी एक महिला मिथलेश चौहान और पुरुष शत्रुदमन सिंह तोमर की भी मौत हुई है।

घायल ने सुनाईआप बीती: मदुरै के पास एक ट्रेन कोच में आग लगने की घटना में घायल हुईं एक महिला रेखा ने बताया कि मैं बीच वाली सीट पर लेटी थी और धमाके की आवाज सुनी। हर तरफ आग दिखाई दे रही थी। हम सभी तुरंत भागे और खिड़की के पास पहुंचे, लेकिन वह बंद थी। फिर हमने किसी तरह उसे खोला। जो पीछे थे वे भाग गए और जो आगे बैठे थे वे फंस गए।

सीएम योगी ने रेल मंत्री से ली जानकारी

हादसे पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। मृतकों के परिवार को 2 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वह खुद घटना पर नजर बनाए हैं। हर पल की अपडेट ले रहे। रेल मंत्री अश्विनी वार्ष्णेय से बात की। हादसे में घायलों का समुचित उपचार कराया जाए, इस पर नजर बनाए हैं। प्रमुख सचिव गृह ने कमान संभाल ली है। स्थानीय अधिकारियों और रेलवे के अधिकारियों के साथ बात कर यूपी के लोगों के उचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। यूपी सरकार ने टोल फ्री नंबर 1070, 9454410813, 9454441075 जारी किया है।

मिथिलेश, मृतका | शत्रुदमन सिंह, मृतक | पापू भसीन, ट्रैवल्स

स्टालिन ने हादसे पर दुख जताया

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिवार को तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। तमिलनाडु के मंत्री मा. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस घटना में 9-10 लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें से चार लोगों की पहचान हो गई है। घायलों का इलाज चल रहा है। पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को उनके गृहनगर भेजा जाएगा। हम उत्तर प्रदेश सरकार से बात कर रहे हैं।

ममता ने मौतों पर दुख प्रकट किया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मौतों पर दुख प्रकट किया और रेलवे से सुरक्षा को लेकर अधिक सतर्क रहने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि रेलवे में एक और दुखद घटना हुई। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करती हूं, उम्मीद है कि हादसे की जांच कर जल्द ही जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

17 अगस्त को हुई थी रवानगी

मदुरै रेल हादसे के लिए सभी यात्री 17 अगस्त को रवाना हुए थे। सीतापुर की भसीन टूर एंड ट्रैवेल्स कंपनी से लोगों ने चार धाम की यात्रा के लिए पैकेज के तहत बुकिंग कराई थी। यात्रा के शेड्यूल के मुताबिक 17 अगस्त को शाम 4 बजकर 20 मिनट पर ट्रेन लखनऊ से विजयवाड़ा के लिए चली थी। यह ट्रेन रात 8 बजकर 40 मिनट पर विजयवाड़ा पहुंची। यहां यात्रियों ने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद बस से मल्लिकार्जुन (श्री शैलम ज्योतिर्लिंग) पहुंचे। वहां दर्शन के बाद सभी ने रात्रि विश्राम किया। 20 अगस्त को दोपहर 1 बजे विजयवाड़ा से सभी यात्री ट्रेन में सवार हुए। ट्रेन रात 8 बजकर 40 मिनट पर रेनीगुंटा पहुंची। यहां सभी ने रात्रि विश्राम किया।

अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच को गठित समिति को 1.34 करोड़ रुपये का होगा भुगतान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कॉल्विन अस्पताल में रिमांड के दौरान चिकित्सीय परीक्षण के लिए लाए गए माफिया अतीक अहमद और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की हत्या के मामले की जांच के लिए गठित समिति को राज्य सरकार 1.34 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। बता दें कि 15 अप्रैल को अस्पताल लाए जाने पर घात लगाए हुए तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तत्पश्चात, पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच आयोग गठित किया गया था। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आयोग के अध्यक्ष एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व

- जांच आयोग के उपाध्यक्ष वीरेन्दर सिंह को भी 30 लाख रुपये का भुगतान होगा
- तत्पश्चात, पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच आयोग गठित किया गया था

मुख्य न्यायाधीश दिलीप बाबासाहब भोंसले को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं जांच आयोग के उपाध्यक्ष वीरेन्दर सिंह को भी 30 लाख रुपये का भुगतान होगा। इसके अलावा सदस्यों में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय को 20 लाख रुपये, पूर्व डीजी सेवानिवृत्त आईपीएस सुबेश कुमार सिंह को 20 लाख रुपये, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी को 20 लाख रुपये, न्यायिक जांच आयोग द्वारा नियुक्त एमाईकस क्यूरी राहुल अग्रवाल को पांच लाख रुपये, सहयोगी अधिवक्ता निखिल मिश्रा को दो लाख रुपये और आयोग को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने एवं राज्य सरकार का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए आबद्ध अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल को सात लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

रक्षाबंधन से पहले उत्तर प्रदेश सरकार का महिलाओं को तोहफा

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। यूपी सरकार ने रक्षाबंधन से पहले ही प्रदेश की महिलाओं को तोहफा दिया है। रक्षाबंधन पर्व के लिए प्रदेश की महिलाएं यूपी रोडवेज की बस में 30 और 31 अगस्त को निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। खास बात यह है की यूपी से अन्य प्रदेश को जाने वाली बसों में भी उन्हें यह सुविधा मिलेगी। यानी कोई महिला रक्षाबंधन पर अगर यूपी रोडवेज की बस से लखनऊ से देहरादून जा रही है तो उसकी देहरादून तक की यात्रा निशुल्क रहेगी।

रक्षाबंधन पर बढ़ने वाली यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए योगी सरकार ने अतिरिक्त बस चलाने का भी आदेश जारी किया है। ऐसा

- 30 और 31 अगस्त को यूपी रोडवेज की किसी भी बस में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी
- इस दौरान, यूपी से अन्य प्रदेश को जाने वाली बसों में भी उन्हें यह सुविधा मिलेगी
- रक्षाबंधन पर बढ़ने वाली यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए योगी सरकार ने अतिरिक्त बस चलाने का भी आदेश जारी किया

14 शहरों में महिलाएं सीएनजी और ई-बसों में भी मुफ्त यात्रा का आनंद उठा सकेंगी

यूपी सरकार ने 14 शहरों में सीएनजी और ई-बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा शुरू की है। इनमें लखनऊ, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, शाहजहांपुर, झांसी, मुरादाबाद, गोरखपुर, अलीगढ़ और बरेली शामिल है। इन शहरों में महिलाएं सीएनजी और ई-बसों में मुफ्त यात्रा का आनंद उठा सकेंगी। यह सुविधा दो दिन तक उपलब्ध रहेगी, जिससे महिलाएं रोडवेज बसों से किसी भी स्थान पर आ-जा सकेंगी।

इस बार दो दिन मनाया जाएगा रक्षाबंधन

इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 30 और 31 अगस्त को दो दिन मनाया जाएगा। पहले, यूपी सरकार ने महिलाओं को एक दिन की मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की थी, लेकिन अब इसे बढ़ा कर दो दिन तक कर दिया गया है। महिलाओं को उनके परिवार और प्रियजनों के पास आने-जाने के लिए इससे आसानी होगी।

इसलिए ताकि महिलाएं बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। यूपी रोडवेज ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है, जो महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन को और भी सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएगी।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

काशी दुनिया का सबसे पुराना जिंदा शहर: मोदी

जी-20 में बोले, भारत का मंत्र है विरासत भी विकास भी, 4सी का संदेश दिया

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी में शनिवार को जी-20 कल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मिनट का वीडियो संदेश दिया। इसमें उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम वाराणसी में मिल रहे हैं। जो मेरा संसदीय क्षेत्र है। काशी न केवल दुनिया का सबसे पुराना जिंदा शहर है। बल्कि सारनाथ जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था, वो यहां से दूर नहीं है। यह वास्तव में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी है। पीएम ने कहा, 4सी... कल्चर, क्रिएटिविटी, कॉमर्स और कॉरपोरेशन से दुनिया

आगे बढ़ेगी। मुझे खुशी है कि आपके समूह ने कल्चर यूनाइट्स ऑल अभियान शुरू किया है। यह वसुधैव कुटुंबकम...एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना को ही समाहित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपके द्वारा जी-20 एक्शन प्लान को सॉलिड परिणामों के साथ शेप देने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना करता हूं। यह हमें एक समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए सांस्कृतिक शक्ति का इस्तेमाल करने में सक्षम बनाएगा। काशी को ज्ञान, कर्तव्य और सत्य का खजाना माना जाता है। भारत का मंत्र है विरासत भी, विकास भी। बैठक में जी-20 कल्चरल वर्किंग ग्रुप के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इनमें मामूली संशोधनों के बाद 20 सूत्रीय दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए गए। सांस्कृतिक क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए वैश्विक भागीदारी का दावा किया गया।

संस्कृति मंत्रियों की बैठक में इन 4 मुद्दों पर हुई चर्चा

- सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण और दोबारा स्थापित करना
- जीवन शैली, पर्यावरण और भाषाओं का बचाव
- पारंपरिक कला, रचनात्मक और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना
- संस्कृति को सहेजने में डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाना

जी-20 में इन देशों की भागीदारी

- भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 की बैठक में कल्चरल वर्किंग ग्रुप के 170 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम और यूएसए देश शामिल हैं।

सांस्कृतिक विरासत पर मंथन

वाराणसी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के दौरान तैयार किए गए मसौदा को सभी ने स्वीकार किया। कहा गया कि यह सांस्कृतिक क्षेत्र हमारे भविष्य को आकार देने में सहायक होगा। सामूहिक ज्ञान और साझा जिम्मेदारियों के माध्यम से, हम अपने सामने मौजूद चुनौतियों को वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक प्रगति के अवसरों में बदल सकते हैं। साझा सांस्कृतिक विरासत वह डोर है जो हम सभी को जोड़ती है।

संस्कृति सिर्फ हमारी पहचान का हिस्सा नहीं

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी.किशन रेड्डी ने एक ऐसे भविष्य की आशा व्यक्त की जहां संस्कृति सिर्फ हमारी पहचान का हिस्सा नहीं होगी। बल्कि विकास, सामाजिक समावेश और वैश्विक सद्भाव के लिए एक प्रेरक शक्ति होगी। चार प्राथमिकता वाले क्षेत्र समावेशी और टिकाऊ भविष्य के हमारे दृष्टिकोण की आधारशिला हैं। इनमें सभी की प्राथमिकता एक ऐसी दुनिया को दर्शाती है जो सांस्कृतिक रूप से विविध है। फिर भी एकीकृत है। एक ऐसी दुनिया जहां सांस्कृतिक विरासत अतीत का स्तंभ और भविष्य का मार्ग दोनों है। भविष्य की यात्रा जी-20 सदस्य देशों और अन्य लोगों के बहुमूल्य योगदान के बिना संभव नहीं होती।

अधिशाषी अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर कचरा गाड़ियों को किया रवाना

जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत् धाता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी राजू पासवान तथा अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने नगर को स्वच्छ, स्वस्थ्य एवम सुंदर बनाने हेतु नई कचरा गाड़ियों एवम रिक्शो को हरी झंडी दिखाकर कचरा निस्तारण हेतु रवाना किया। नवसृजित नगर पंचायत क्षेत्र मे जल निकासी, सडके निमार्ण, साफ-सफाई सहित अनेक कार्य चुनौती बने है।

नव सृजित नगर पंचायत धाता की बोर्ड समिति स्वच्छता एवम सुंदरीकरण के लिए विशेष ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है। इसी कार्य के तहत् बोर्ड बैठक में नगर को स्वच्छ रखने हेतु नई कचरा गाड़ियों एवम् जिन गलियों में कचरा निस्तारण गाड़ी या ट्रैक्टर नही पहुंच पाते ऐसी गलियों के लिए 16 नये कचरा निस्तारण रिक्शों को नगर के हर घर का कचरा इखट्टा करने के लिए नगर को समर्पित किया गया है।

इन गाड़ियों में सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने की व्यवस्था है। ताकि नगर वासियों का अलग-अलग कचरा इखट्टा कर निस्तारित किया जा सके। वही अधिषशी अधिकारी सहित नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियो से अपील किया कि नगर को साफ, सुन्दर बनाने मे सभी से सहयोग देने की अपील भी किया। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि अजीत चांसलर, विजय नामदेव, मोहम्मद कलीम, रजनीश त्रिपाठी, चुन्नू पांडे, गब्बर केसरवानी, शिवम सेठ, उत्कर्ष जायसवाल, रमेश सिंह पटेल, लवलेश सोनकर सहित कार्यालय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेंगे सहकारी समिति के कार्यालय : पंकज अग्रवाल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला सहकारी समिति में बी- पैक्स सदस्य बनाने की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत सभागार में डिस्ट्रिक्ट कार्पेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल अध्यक्षता में हुई।

डिस्ट्रिक्ट कार्पेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा की सहकारी समितियों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडने के लिये प्रत्येक गांव में 200 सदस्य बनाने का काम करना है। समितियों को मजबूत करने व जनता को भटकना ना पडे इसके लिये सरकार द्वारा प्रत्येक गांवों में सहकारी समिति का कार्यालय खोलने का काम किया जा रहा है। जहां पर आधार, वृद्धा, विधवा पेंशन आदि के साथ आने वाले समय में समिति द्वारा ही कोटा चलाने का काम भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सोसाइटीयो में भाजपा का ही अध्यक्ष बनाने के लिये भाजपा विचारधारा के सदस्य बनाने का काम करना है। साथ ही सोसाइटियों के माध्यम से सरकार द्वारा दिये जाने वाले लाभ के बारे मे लोगों जागरूक करना है।

सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा कि पूर्व में सहकारी समितियों में सपा, बसपा का कब्जा रहा है। जिनके द्वारा समितियों में भ्रष्टाचार कर उनको समाप्त करने का काम किया गया है। देश के अन्य राज्यों में जहां भाजपा की सरकारें रही व सहकारी समितियों के माध्यम से लोगों ने खूब विकास किया।

जिसका एक उदाहरण अमूल है। जिसका आज दुनिया में नाम है। सहकारी समितियों के माध्यम से लोगों को लाभ मिले इसके लिये देश के केन्द्रिय सहकारिता मंत्री अमित शाह व प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जे पी यस राठौर द्वारा सहकारी समितियों पर निगरानी कर इनको बढाने का काम किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि सहकारी समिति का मतलब था अलग-अलग संसाधनों के माध्यम से लोगों का सहयोग करना, किन्तु पूर्ववर्ती सरकारों की निरंकुशता और गलत नीतियों का परिणाम रहा कि धीरे-धीरे सघन सहकारी समितिया समाप्त हो गयी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पुनः इनको जीवित करने का काम किया है।

इस मौके पर तीरथ तिवारी, योगेश जैन, कुशल चतुर्वेदी, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, मुन्ना करवरिया, दिव्या त्रिपाठी, राखी चौबे, आभेष मिश्रा, दुर्गेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

अलग बुन्देलखण्ड राज्य की किया मांग पीएम को भेजी खत वाली राखी

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

लम्बे अर्से से अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग किया जा रहा है। बुंदेलखण्ड राष्ट्र समिति की अगुवाई मे कई बार खून से खत लिखकर अलग राज्य बनाने की मांग किया। इसी क्रम मे बुंदेलखण्ड की बहनो ने पीएम मोदी को खत भरी राखियॉ भेजकर अलग राज्य की मांग किया है। खत के माध्यम से अलग राज्य बनाने की मांग रक्षा सूत्र भेज कर रक्षा का वचन मांगा है। किया गया है।

पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को मुखर करते हुए वीरभूमि अमर शहीद दरियाव सिंह की धरती से बहनो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राखियां भेजी गयी हैं। बहनों ने उनसे रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बुंदेलखंड राज्य का तोहफा देने की मांग किया है। जहॉ चंद्रयान-3 प्रक्षेपण की सफलता की बधाई दिया है। अलग राज्य की मांग को लेकर 29 बार अपने खून से पीएम को पत्र लिख चुके बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय नें इन सभी राखियों को पार्सल से प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा है। इसी प्रकार महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी और छतरपुर आदि जिलों से भी प्रधानमंत्री को राखियां भेजी जा रही हैं। समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री को भेजने के लिए उनके पास आईं सभी राखियां को पत्र से लिपटी थी और बहनों ने उसपर अपनी बात भी लिखी है। छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं ने प्रधानमंत्री को राखियां भेजकर बुंदेलखंड की बहनों का दर्द सुनने की अपील किया है।

डीएम ने किया निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को देवांगना घाटी के पास निर्माणाधीन सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बाउंड्री वॉल निर्माण, वीवीआईपी गेस्ट रूम, स्ट्रांग रूम, मीटिंग हॉल, गेस्ट रूम आदि के बारे में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन बांदा शुभेंदु से जानकारी की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जो छत डालने के लिए शटरिंग का कार्य चल रहा है, उसे तेजी से कराकर माह अगस्त में ही पूरा कर लिया जाए और सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में कास्टिंग का कार्य कराएं। बाउंड्रीवाल का जो निर्माण कार्य अधूरा है, उसको तत्काल पूर्ण करा ले। उन्होंने कहा कि जो अभी मिट्टी फीलिंग का कार्य शेष है, उसको भी श्रम शक्ति बढ़ाकर कराएं।

मानिकपुर सभागार में हुई वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना महाअभियान की कार्यशाला मानिकपुर मंडल के मंडल उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार मानिकपुर में हुई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि इस अभियान को प्रत्येक परिवार तक ले जाना है। इस अभियान के माध्यम से बीजेपी बूथ स्तर पर जो इस वर्ष 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवयुवक व युवतियां हैं, उन्हें मतदाता बनाने का कार्य करना है। साथ ही जो नाम मतदाता सूची में गलत है, उन्हें संशोधित करने, नई विवाहित बालिकाएं परिवारों में आई हैं, उनका भी नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है। मानिकपुर मंडल के प्रभारी राजीव त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि यह मात्र एक अभियान नहीं है जिसे हम मतदाता सूची के माध्यम से जोड़ेंगे, वह पहली प्राथमिकता में आने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करके हमें मजबूत करने का कार्य करेगा, जो मतदाता किसी भी कारण से अभी तक नहीं जुड़ पाए हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। बैठक में सेक्टर संयोजकों व बूथ अध्यक्षों से 27 अगस्त को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर रेडियो टीवी के माध्यम से अपने गांव में, कस्बे में सुनने की अपील करते हुए नए मतदाता बनाने का प्रारूप 6 व संशोधन के लिए प्रारूप 7 भी वितरित किए गए। इस मौके पर मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, महेश केषरवानी, मोहन दास मिश्रा, पुरुषोत्तम अग्रहरि, सीताराम पासवान, हरबंस तिवारी, विष्णु तिवारी, शोभित केसरवानी, अभिलाष जायसवाल, सुमित गुर्जर, राजू वर्मा, धनंजय त्रिपाठी, अखिलेश्वर सिंह, गोकर्ण उपाध्याय, शंकर लाल द्विवेदी, विश्वास बाबू द्विवेदी, सच्चिदानंद द्विवेदी, आदित्य गौतम, वृंदावन तिवारी, प्रेम नारायण द्विवेदी, बसंत लाल सिंह, रिपु दमन पांडेय, धर्मेंद्र मिश्रा, बालमुकुंद त्रिपाठी, शशिकांत मिश्रा, विकास सोनकर, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

कीमती जमीनों के बैनामों का डीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को कर्वी माफी, रानीपुर भट्ट एवं सीतापुर रुरल ग्राम में बड़ी मालियत के पंजीकृत अभिलेखों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कर्वी माफी के विक्रेता रामकिशोर एवं क्रेता श्याम नंदन, विक्रेता राम भरोसा सिंह एवं क्रेता आर डी सिंह, रानीपुर भट्ट में विक्रेता लता देवी एवं क्रेता राज किशोर गुप्ता एवं सीतापुर रुरल में विक्रेता अवधेश प्रसाद तथा क्रेता रमा शर्मा के प्लाटों का मौके पर निरीक्षण किया। जिसमें कर्वी माफी के क्रेता आरडी सिंह एवं रानीपुर भट्ट के क्रेता राज किशोर गुप्ता के प्लाटो पर स्टांप की कमी पाई गई। जिसमें जिलाधिकारी ने उपनिबंधक कर्वी राजेश सिंह को निर्देश दिए कि इन्हें नोटिस देकर स्टांप कमी की धनराशि जमा कराया जाए। सीतापुर रुरल के प्लाट के निरीक्षण पर पाया गया कि वहां पर प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार कर्वी को निर्देश दिए कि सीतापुर के सम्बन्धित लेखपाल को नोटिस जारी करें कि उनके द्वारा प्लाटिंग के बारे में जानकारी नहीं दी गई। साथ ही प्लाटिंग करता अवधेश प्रसाद की जमीन का आकलन कराया जाए कि इनके द्वारा कितनी भूमि पर बिना नक्शा पास कराए प्लाटिंग किया जा रहा है।

इस मौके पर तहसीलदार कर्वी अमित कुमार, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह, कर्वी माफी लेखपाल महेंद्र सिंह एवं रानीपुर भट्ट लेखपाल राजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

विद्यालय में चलाया जल संरक्षण व पॉलीथिन जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन एवं आरोग्य भारती के पर्यावरण प्रमुख कानपुर प्रांत डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जल संरक्षण जागरूकता व पॉलीथिन हटाओ अभियान का शुभारंभ हसवा ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय अतरहा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षाधिकारी जय सिंह ने शिरकत कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

अतिथियों को विद्यालय परिवार ने बैज अलंकृत, माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया तत्पश्चात डॉ अनुराग ने सभी बच्चों को जल संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण उपाय जैसे वाटर बेल, पानी व्यर्थ न नष्ट हो इसलिए ग्रामीणों को समझाने, अनावश्यक पीने के पानी से सड़कें सींचने, नालियों को धुलने इत्यादि को रोकने के साथ-साथ पॉलीथिन भूमि के नीचे न जाने पाये जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति न नष्ट हो और न ही पर्यावरण प्रदूषित हो इसलिए सभी बच्चों को इकोब्रिकस बनाने हेतु जागरूक किया। इकोब्रिकस बनाने के लिए डॉ अनुराग ने एक खाली बोतल में पालीथीन भरकर प्रयोग करके दिखाया। बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने कहा कि जल संरक्षण व पॉलीथिन हटाने एवं इकोब्रिकस बनाने के लिए जनपद में 2200 से भी अधिक विद्यालयों में बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों व ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए डॉ अनुराग द्वारा प्रदत्त जल संरक्षण व पॉलीथिन हटाओ जागरूकता पत्रक भेजेंगे। शिक्षकों के माध्यम से बच्चों से इकोब्रिकस बनवाई जाएंगी। जो पर्यावरण को प्रदूषित होने से भी बचाएंगी। सभी को डॉ अनुराग ने जल संरक्षण व पालीथीन हटाओ जागरूकता पत्रक वितरित किया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रोहित सिंह, आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, मंत्री विवेक सचान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग चन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, संगठन मंत्री शैलेंद्र अग्निहोत्री, नफीस अहमद प्रधानाचार्य सहित सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

ओ लेवल कम्प्यूटर कोर्स की परीक्षा सकुशल सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। संचार एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में ओ लेवल की परीक्षा शनिवार को सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रथम बैच प्रातः 9 बजे से अंतिम बैच शाम 5 बजे तक चार बैच में संपन्न हुई। संचार एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय लखनऊ के ई.एस. डॉ चंद्रजीत यादव के साथ संस्थान के प्रबंध निदेशक सुभाष चंद्र साहू उपस्थित रहे। परीक्षा सीसी टीवी कैमरो के बीच नकल विहीन सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल 1325 छात्र-छात्राओं को सम्मिलित होना था, जिसमें से कुल 1215 छात्र-छात्रायें उपस्थित और 110 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित रहे। देशभर में पहली बार ओ लेवल का पेपर ऑनलाइन हुआ है। जिसमें पूरे चित्रकूटधाम मण्डल में केवल जनपद चित्रकूट के राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में परीक्षा हुई है। इस मौके पर इन विजलेटर रिजवाना, विनीता सिंह, विनोद कुमार, राजीव सिंह, ब्रजेश कुमार, विष्णु गुप्ता, माया साहू, अंजलि साहू आदि मौजूद रहे।

शिक्षक नेताओं ने किया नवागन्तुक लेखाधिकारी से मुलाकात

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिलाध्यक्ष जैनुल आब्दीन की अध्यक्षता में नवागन्तुक लेखाधिकारी (बेसिक) सुरेश कुमार गुप्ता से भेंट की। मण्डल अध्यक्ष शिवसागर मिश्र ने पुष्पगुच्छ देकर नवागुंतक लेखाधिकारी का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जैनुल आब्दीन ने लेखाधिकारी को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उनके निस्तारण की माँग की। इस मौके पर जिला महामंत्री हर्ष त्रिपाठी, मण्डल महामंत्री विश्वबन्धु पांडेय, मण्डल कोषाध्यक्ष नसीम उल हक, संयुक्त मन्त्री उमेश श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी भरत मिश्र, मानवेन्द्र मिश्र, अखिलेश सिंह, राम लोचन आदि मौजूद रहे।

जिला जज ने दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिला न्यायालय में हुआ। इस मौके पर जिला जज विष्णु कुमार शर्मा द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गयी। जिसमें जानकीशरण प्रजापति को अध्यक्ष पद, मो. अनस अंसारी महासचिव, धीरेन्द्र कुमार शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, उपेन्द्र तिवारी, विवेक राव, विनेश कुमार पटेल संयुक्त सचिव, अनूप सिंह ललित संगठन सचिव, रविप्रकाश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, गिरजाशंकर तिवारी ऑडिटर, रेनू सिंह सांस्कृतिक सचिव, कार्यकारिणी के सदस्य रवि कुमार श्रीवास्तव, गोविंद प्रसाद, रितेश सिंह, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, राजेश यादव, रघुवीर द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, नारेन्द्र चतुर्वेदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

थाने मे डीएम-एसपी ने सुनी जन समस्या

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। शासन की मंशानुरूप संम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना राधा नगर में जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने सयुक्त रुप से जन समस्याओं को गम्भीरता से सुना और समस्याओं को समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितो को दिये। उन्होंने कहा कि समाधान थाना समाधान दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाय तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाय तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाय। ताकि उन प्रकरणों की पूर्णवृत्ति न होने पाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, राजस्व निरीक्षकगण, थानाध्यक्ष, लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

किशनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला व मंत्री सुनील सिंह मनोनीत

जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर। किशनपुर कस्बा में व्यापार मंडल कंछल गुट के कस्बा व्यापार मण्डल का नवगठन किया गया। व्यापार मण्डल के कंछल गुट ने अपने संगठन का विस्तार तेजी से कर रहा है। जिला संगठन से तहसील व कस्बो मे संगठन की समितियॉ तैयार कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि व्यापारियो को एकजुट होकर अपने हित के लिए सघर्ष करना होगा। कही पुलिस उत्पीडन तो कही माफियो सहित अन्य उत्पीडन को रोकने के लिए व्यापारियो को सगंठित किया जा रहा है। श्री फाल्गुन गिरी बाबा के मंदिर में कस्बे के व्यापारियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें व्यापार मंडल कंछल गुट के जिला अध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला की अगुवाई में व्यापारियो की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मत से किशनपुर कस्बा निवासी अनिल शुक्ला को किशनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वेद प्रकाश अग्रवाल को महामंत्री नियुक्त किया गया तथा सुनील सिंह को उपाध्यक्ष रामराज सिंह को संरक्षक विभूति तिवारी को कोषाध्यक्ष इंन्द्रजीत सोनकर, मो शमी, विकास यादव को व्यापार मण्डल मंत्री तथा विनीत अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, खागा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष बबलू त्रिवेदी, संरक्षक अब्दुल हफीज हाफिज, मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल समेत बडी सख्या मे व्यापारी उपस्थित रहे। कस्बा के छोटू अग्रवाल, अदान यादव, आयुष मिश्रा, जितेंद्र सिंह, शन्नूलाल यादव, अमन सिंह, पम्मू मिश्रा, शुभम सिंह, राजा सिंह, नितिन शुक्ला, मोहम्मद सोग्गा, मोनू सलमानी, अनिल पांडेय, जगदीश सिंह ,श्याम जी अग्रवाल श्री प्रकाश सोनकर, धनंजय सिंह, पप्पू सोनकर के अलावा दर्जनों व्यापारी गण मौजूद रहे। नवनिर्वाचित व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि कस्बे के सभी छोटे बड़े व्यापारियों के हित व उनकी आन मान सम्मान की रक्षा हमारा संगठन करेगा कस्बे के सभी व्यापारियों के साथ हमारी टीम कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्रम संख्या	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अन्तिम तिथि
01	51235525	Set of PU Foam as Cushion Material (For Retrofitment of Berth and Seats) as per FST Properties conforming to EN 45545 Part-2 HL-3 and conforming to RDSO Spec.No.-MMDTS-19020 Rev.-5 dt. 01.03.2023.	30 Sets.	03.10.2023
02	51235526	Set of PU Foam as Cushion Material (For Retrofitment of Berth and Seats) as per FST Properties conforming to EN 45545 Part-2 HL-3 and conforming to RDSO Spec.No.-MMDTS-19020 Rev.-5 dt. 01.03.2023.	65 Sets.	03.10.2023
03	51235527	Set of PU Foam as Cushion Material (For Retrofitment of Berth and Seats) as per FST Properties conforming to EN 45545 Part-2 HL-3 and conforming to RDSO Spec.No.-MMDTS-19020 Rev.-5 dt. 01.03.2023.	07 Sets.	03.10.2023

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या– 51235525-26-27 दिनांक– 25.08.2023 2658/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रामोदय विवि के कुलपति ने युवा वैज्ञानिक के माता-पिता को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मूल्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम की अनिवार्य गतिविधि के रूप में संचालित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रार्थना सभा मंच में शनिवार को चंद्रयान 3 की लैंडिंग टीम में चित्रकूट के युवा वैज्ञानिक नीलेश सिंह के माता पिता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने इसरो में युवा वैज्ञानिक नीलेश सिंह के पिता गगन सिंह और कुलसचिव नीरजा नामदेव ने उनकी माता आशा सिंह का शाल, श्री फल देकर सम्मानित किया।

युवा वैज्ञानिक नीलेश सिंह के पिता गगन सिंह महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि चंद्रयान 3 के अंतरिक्ष में सफल अवतरण से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति सतत प्रयास से मिलती है। युवाओं को इस सफलता से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि, प्रबंधन, प्रौद्यौगिकी, कला, विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने विवेकानंद सदभावना खुला सभागार में सामूहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर चंद्रयान 3 के सफल अवतरण प्रार्थना सभा गतिविधियों की श्रंखला में कीर्ति, सिमरन, संध्या, मुस्कान, चंचलेश, अंकित, बंटी (कृषि संकाय) ने ओम का तीन बार उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। प्रबंधन संकाय के वैभव श्रीवास्तव ने श्री मदभागवत गीता के अंश और प्रौद्यौगिकी संकाय की प्रिया सिंह ने प्रेरणादायक अंशों को पढ़ा।

कला संकाय के छात्र-छात्राओं नंदनी, अंकिता पाठक, पुष्पांजलि, शांति, संस्कृति, कृष्णा दीक्षित, वैभव श्रीवास्तव, चंद्र सावन गीत (कजरी) प्रस्तुत किया।

विज्ञान संकाय की इशू सिंह और भारती सिंह ने युगल गीत के रुप में झूला गीत प्रस्तुत किया। अकादमिक विभाग की ओर से डॉ कुसुम सिंह ने मासिक प्रतिवेदन पढ़ा। मानस मर्मज्ञ कृष्ण प्रताप तिवारी ने व्यक्तिगत प्रार्थना के महत्त्व और सार्वजनिक प्रार्थना के प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रार्थना सभा का संचालन डॉ आर के पांडेय ने किया।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 27 अगस्त 2023

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.8(-0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 91 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 16.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

कल्याणपुर पुलिस की लापरवाही से मजदूर की हत्या के बाद लावारिस में हुआ अन्तिम संस्कार

✻ छह जुलाई को नहीं लौटा था घर, 10 जुलाई को पिता ने कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई थी गुमसूदगी,12 जुलाई को कानपुर देहात में कुएं में मिला था युवक का शव

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के कई जनपदों को पुलिस को मजबूती प्रदान करने के लिए कमिश्नरी प्रणाली लागू कर दी थी। इसी क्रम में कानपुर नगर को भी पुलिस कमिश्नरेट किया गया। लेकीन कमिश्नरेट लागू होने के बाद ऐसा लगता है कि गम्भीर मामलों में पुलिस ने कार्रवाई ना करने की कसम खाली है। कल्याणपुर पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है जिसमें 6 जुलाई को गायब हुए युवक की दस जुलाई को पिता द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई और उसका खामियाजा गुम हुए हुए युवक के पूरे परिवार को भुगतना पड़ा। युवक की बीती 12 जुलाई को कानपुर देहात में हत्या की जा चुकी है। हत्या के बाद युवक के परिजनों को उसकी लाश नहीं मिली क्योंकि पुलिस ने लावारिस में उसका अंतिम क्रियाकर्म करवा दिया। अब जाकर 21 अगस्त को कल्याणपुर पुलिस ने परिजनों को बताया कि गुम हुआ युवक अब इस दुनिया में नहीं है जिसके बाद से उनके घर में

मृतक मजदूर अरुण राजपूत का फाइल फोटो

कोहराम सा मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार थाने कल्यानपुर क्षेत्र में रहने वाला अरुण कुमार राजपूत पुत्र प्रताप सिंह उम्र लगभग तेईस साल लेबरी का काम करता था। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी। पत्नी के अलावा एक डेढ़ साल की बेटी भी है। पिता प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा अरुण ठेकेदार दीपू के अंडर में काम करता था। पनकी रोड बम्बा के पास उसकी साइट चल रही थी। बीती 6 जुलाई को उनका बेटा अरुण गायब हो गया था। काफी खोजबीन की,लेकिन पता नही चला। 10 जुलाई को कल्यानपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आरोप है कि बेटे की बरामदगी के लिए कई बार थाने के चक्कर काटे, लेकिन पुलिस ने सच्चाई नही बताई।

कल्याणपुर पुलिस ने दी हत्या हो जाने की सूचना

प्रताप सिंह का कहना है कि कल्याणपुर पुलिस ने बताया की तुम्हारे बेटे की हत्या हो चुकी है। उसको मार के कानपुर देहात के बाघपुर में कुएं में डाल दिया गया था। जिसका शव 12 जुलाई को कानपुर देहात की पुलिस ने कुए से बरामद किया था। युवक की पहचान उसके हाथों में लिखे नाम से हुई थी। पुलिस ने अज्ञात में शव के दाह संस्कार भी करा दिया है। मामला पीएम में गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। पिता की मानें तो कल्याणपुर पुलिस ने ठेकेदार दीपू के कानपुर देहात स्तिथ घर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया था। लेकीन दीपू ने हत्या करने से इनकार किया था। सूत्रो की मानें तो कड़ाई से पूछताछ करने के बाद दीपू की पत्नी ने बताया की 6 तारीख को अरुण की हत्या उसके ही घर पर की गई थी और कुछ दूरी पर एक कुएं में शव को डाल दिया गया था।कल्याणपुर पुलिस ने दीपू की पत्नी ऊषा देवी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक सम्मानित

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर नगर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में हुए पं रामबालक मिश्र स्मृति समारोह के कार्यक्रम में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विश्वविद्यालय मे हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक को सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने पूर्व राष्ट्पति को विश्वविद्यालय में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्पति ने सीएसजेएमयू एलुमनाई एसोसिएशन की कार्यों, उससे जुड़े

भविष्य के लक्ष्यों एवं डिजिटल इनिशिएटिवस और स्टूडेंट फ्रेंडली कल्चर के बारे में जानकारी प्राप्त की। विश्वविद्यालय के विकास कार्यों पर खुशी जाहिर करते हुए पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद ने कुलपति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उस समय के बारे में भी बताया कि जब वह स्वयं इस विश्वविद्यालय के छात्र रहे थे। बताते चलें कि पूर्व राष्ट्पति रामनाथ कोविंद सीएसजेएमयू के एलुमनाई भी हैं।

मदर टेरेसा के जन्मदिन पर बांटे स्कूली बैग, खिल उठे बच्चों के चेहरे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय बाल रोग अकादमी और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संयुक्त प्रयास से आईएपी के चैरिटी डे के उपलक्ष में शास्त्री नगर काली मठिया स्थित नगर निगम के कंपोजिट स्कूल में बच्चों को 100 स्कूली बैग बांटे गए। स्कूली बैग पाकर बच्चो के चहरे खिल उठे। आईएपी सचिव बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ अरुण आर्या मदर टेरेसा के जन्म दिन पर चेरेटी डे मनाते है। कंपोजिट स्कूल की प्रिंसिपल वंदना कटियार ने बताया बच्चे और उनके परिजन बहुत खुश थे। काफी समय से बच्चो को बस्ते की जरूरत थी। जो शनिवार को पूरी हुई।इस मौके पर डॉक्टर यशवंत राव, डॉक्टर विवेक सक्सेना डॉक्टर आशीष विश्वास , डॉक्टर शैलेंद्र गौतम उप प्राचार्य शिखा कटियार इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का किया पुतला दहन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शनिवार को किदवई नगर चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर महानगर ने महानगर मंत्री गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया । इस दौरान गोपाल मिश्रा ने बताया कि जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र स्वप्नदीप के साथ हुई रैगिंग की जघन्य घटना और उसके बाद उसकी मृत्यु ये बता रही है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में बढ़ते अपराधों को रोकने में पूरी तरह विफल हैं। इसी के विरुद्ध आज ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया है। पश्निम बंगाल में इस घटना के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री को गिरफ्तार किया गया , कार्यकर्ताओं व सैकड़ों छात्राओं पर बर्बरता पूर्ण तरीके से लाठीचार्ज किया गया। ममता बनर्जी निरंतर पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की हत्या कर रहीं हैं मगर विद्यार्थी परिषद ममता के अन्याय के खिलाफ लगातार अपनी लड़ाई को और मजबूत करेगा और स्वप्नदीप को न्याय दिलाके रहेगा । मुख्य रूप से कार्यकर्ता मौजूद रहे जैसे दिग्विजय, उज्जवल, मयंक,शादाब, सानुज, सुधांशु, अंकित, श्रेयांश शामिल रहे।

जहीर ने राहुल बन किशोरी को बनाया हवस का शिकार, मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में एक बार फिर लव जेहाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि जाहिर नाम के युवक ने राहुल बनाकर एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा कर जबरन संबंध बनाया। जब लडकी ने मना किया तो लड़की के प्राइवेट वीडियो को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देने लगा। आरोप है कि युवक लड़की पर निकाह और धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहा था। वहीं लड़की ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है पुलिस आरोपी जहीर को गिरफ्तार कर चुकी है। मामला कानपुर के पनकी थाने का है जहां लड़की का कहना है कि वह एक गोविंद नगर की फैक्ट्री में काम करती थी। वहीं पर हमीरपुर का रहने वाला राहुल काम करता था राहुल से उसकी दोस्ती हो गई थी इसी दौरान राहुल एक दिन उसको अपने कमरे पर ले गया जहां उसने पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ जबरन संबंध बनाया लड़की ने जब इसका विरोध किया तो उसने कहा कि मैं तुमसे प्यार करता हूं मैं तुमसे शादी भी करूंगा वही लड़की को कुछ दिन बाद लड़के की सच्चाई का पता चला और उसके शादीशुदा होने की बात भी सामने आई है। आरोपी की पत्नी रुखसाना ने लड़की को कॉल कर सच्चाई के बारे में बताया है। आरोपी की सच्चाई का पता चलने के बाद उसके होश उड़ गए उसने अपनी घर वालों को बताया और राहुल ऊर्फ जहीर से बात करना बंद कर दिया लेकिन इसके बाद भी जहीर ने लड़की को नए-नए नंबर से फोन करके धमकाना शुरू कर दिया साथ ही धर्म परिवर्तन और निकाह करने का दबाव बनाने लगा। लड़की के अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दे डाली।

सिरफिरे शोहदे ने छात्रा को तेज़ाब से नहलाने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना बाबू पुरवा अंतर्गत एक सिरफिरे शोहदे की शर्मनाक करतूत सामने आई है। शहर में सोशल मीडिया फ्रेंड से डरी सहमी छात्रा ने कॉलेज जाना बंद कर दिया है। उसका डर इस कदर है कि वह घर से बाहर नहीं निकल रही है। सिरफिरा छात्रा की अश्लील तस्वीरें रिश्तेदारों को भेज रहा है। इसके साथ ही छात्रा और उनके परिजनों को धमकी दे रहा है कि यदि मुझसे बात नहीं की और मिलने नहीं आई तो तेजाब से नहलाकर हत्या कर दूंगा। पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना बाबू पुरवा में मुकदमा दर्ज कराया है। बाबू पुरवा थाना क्षेत्र स्थित प्राइवेट कर्मी की बेटी स्नातक की छात्रा है।

छात्रा की प्रथम गुप्ता नाम के युवक से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती हुई थी। दोनों पहले चैट और मोबाइल फोन पर बात करने लगे। छात्रा के चाचा का कहना है कि इसी दोस्ती के दौरान युवक ने बेटी की कुछ आपत्तिजनक फोटो खींच ली थी। आरोपी युवक बेटी की फोटो को एडिट कर परिवारीजनों और रिश्तेदारों को भेज रहा है।

पिता-पुत्र पर एफआईआर दर्ज

सिरफिरा लगातार छात्रा को तेजाब से नहलाने की धमकी दे रहा है। जिसकी वजह से छात्रा डरी सहमी है। छात्रा के पिता ने अरोपी युवक के पिता से संपर्क किया तो उन्होंने भी गाली-गलौज और अभद्रता की। बाबूपुरवा कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि छात्रा के परिजनों की तहरीर पर पिता-पुत्र पर आईटी ऐक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पिता-पुत्र की तलाश की जा रही है।

दंपत्ती पर हुए जानलेवा हमला मामले में तीन दिन बाद जागी पुलिस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दंपत्ति पर हुए जानलेवा हमला मामले में शनिवार को सोशल मीडिया में पुलिस की लापरवाही एवं निष्क्रियता उजागर होने के बाद पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने तत्काल संज्ञान में ले लिया। पूरे प्रकरण की जांच करने का कड़ा निर्देश जारी किया। उन्होंने पत्रकारों से जानकारी देते हुए बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर एवं थाना प्रभारी को जांच करने का निर्देश दिया है। ज्ञातव्य हो कि 23/24 अगस्त की रात बिल्हौर थाना क्षेत्र के नानामऊ गांव निवासी कन्हैयालाल के बेटे विजय शर्मा और पुत्रवधू राधा शर्मा पर गांव के ही मोहन लाल और उसका बेटा अजीत तथा दो अन्य अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया गया। वारदात के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए पहले स्थानीय

अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को हालत नाजुक होने की वजह से चिकित्सकों ने हैलट अस्पताल के लिए भेज दिया। लेकिन वहां के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद परिजन पनकी स्थित माया हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार जारी है। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दिया। लेकिन स्थानीय पुलिस के कान में जूं नहीं रेगी। वारदात के तीन दिन बाद भी पुलिस निष्क्रिय बनी रही है। हालांकि पूरा प्रकरण जब सोशल मीडिया में शनिवार को वायरल हुआ। जिसके बाद डीसीपी पश्चिम के संज्ञान में आया। पुलिस की लापरवाही उजागर होने की जानकारी होते ही डीसीपी पश्चिम ने तत्काल सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर से वार्ता की और जांच का निर्देश दिया है।

चलती बस में महिला ने बेटी को दिया जन्म, कुछ ही देर में मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना साढ़ के भीतरगांव इलाके के पावर हाउस के पास शनिवार को चलती हुई निजी बस में एक महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। इस दौरान बेहाल महिला ने नवजात बच्ची को बस में ही जन्मा लेकीन कुछ ही देर में जन्म लेने वाली बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद महिला को एंबुलेंस की सहायता से भीतरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया वहां पीड़ित महिला का इलाज महिला चिकित्सक कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह अपने पति के साथ कानपुर के नौबस्ता स्थित निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर से अल्ट्रासाउंड करा कर वापस जहानाबाद लौट रही थी पति अश्वनी वाल्मीकि ने बताया की पत्नी खुशी की पहली डिलीवरी होनी थी 19 सितंबर को डिलीवरी की डेट डॉक्टर द्वारा दी गई थी। जिसके कारण शुक्रवार सुबह कानपुर के नौबस्ता स्थित निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराया और फिर वापस जहानाबाद बस से लौट रहे थे। इस दौरान भीतरगांव इलाके के कुदौली तिराहे के पास प्रशव पीड़ा शुरू हुई बस के पीछे वाली सीट में पत्नी लेटी हुई थी। इससे कुछ देर में ही पत्नी को एक बेटी पैदा हुई बस चालक ने बस सड़क किनारे खड़ी कर दी बस में मौजूद एक महिला ने सहयोग किया। सीएचसी से करीब 15 मिनट के बाद एक एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तुरंत जच्चा बच्चा को भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर बच्ची को मृत्यु घोषित कर दिया गया जबकि जच्चा खुशी को चिकित्सकों की देखरेख में भीतरगांव हॉस्पिटल में रखा गया है यहां पर जहानाबाद से उसके परिजन भी आ गए हैं।

चौबेपुर ब्लॉक को आदर्श ब्लाक बनाने की ओर अग्रसर ब्लाक प्रमुख

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ब्लाक को कानपुर जिला की आदर्श ब्लाक बनाने की ओर निरन्तर अग्रसर हैं, बताते चले कि चौबेपुर ब्लाक प्रमुख बनने के बाद चौबेपुर ब्लाक को कानपुर जिला की आदर्श ब्लाक बनाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील हैं, ब्लाक परिसर में वीडियो कक्ष, कर्मचारी स्टाफ कक्ष, ब्लाक प्रमुख कक्ष के बाद आदर्श अमृत सरोवर का निर्माण एक अनोखा प्रयास हैं, आदर्श अमृत सरोवर के निर्माण से ब्लाक परिसर में सुंदरता होगी तथा बरसात में होने वाली बारिश के पानी का संचय भी होगा, ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला ने बताया कि ब्लाक को आदर्श ब्लाक बनाने का निरन्तर प्रयास करते रहेंगे।

गंगा का जलस्तर 9 सेंटीमीटर घटा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

✻ राजस्व विभाग ने बाढ़ प्रभावित लोगों में वितरित करवाए लंच पैकेट

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

कानपुर नगर। गंगा का जलस्तर अब धीरे-धीरे घटने लगा है। जल स्तर घटने के बाद अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों में खुशी की लहर है। गंगा के जलस्तर के घटना के बाद अब जिला प्रशासन के सामने बाढ़ क्षेत्र में भरें पानी के वजह से ग्रामीणों को होने वाली बीमारियों का डर सताने लगा है। उत्तराखंड में बारिश का कहर बरकरार है। वहां पर अभी भी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। जिसकी वजह से नरौरा और हरिद्वार बांध से पानी के छोड़े जाने का क्रम बराबर जारी है। कानपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब गंगा का जलस्तर घटने लगा है। बीते दो दिनों में गंगा के जलस्तर में 9 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। गंगा के जलस्तर के घटने की सूचना के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों में खुशी की लहर है। लेकिन अभी भी ख्यौरा कटरी के भगवानदीन पुरवा, भोपाल पुरवा, न्यू डल्ला पुरवा, मक्का पुरवा, गिल्ली पुरवा, दुर्गा पुरवा, में अभी भी गंगा का जलस्तर घटना का नाम नहीं ले रहा है। जिला प्रशासन की ओर से कई टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगाई गई है। जो ग्रामीणों को हर संभव मदद पहुंचने का कार्य कर रही है। बीते दिन शनिवार को एडीएम फाइनेंस राजेश कुमार व कानून गोह रितेश सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का नाव द्वारा निरीक्षण किया। एडीएम फाइनेंस राजेश कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया कि जिला प्रशासन हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। राजस्व विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गंगा बैराज सिंहपुर मार्ग पर तिरपाल डालकर अस्थाई कैंप में रह रहे ग्रामीणों को लंच पैकेट वितरित किए गए हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का मिलिट्री की एक टीम ने किया दौरा

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के लिए मिलिट्री के टीम बीते दिन शनिवार को ख्यौरा कटरी के गांव पहुंची। जहां पर ख्यौरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद के नेतृत्व में कटरी के 7 गांवों भगवानदीन पुरवा, भोपाल पुरवा, मक्का पुरवा, दुर्गा पुरवा, बनिया पुरवा, का निरीक्षण किया। इसके बाद गंगा बैराज हाईवे पर अस्थाई कैंपों में निवास कर रहे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी हर संभव मदद करने के लिए कहा है।

गंगा के जल स्तर पर एक नजर

गंगा का चेतावनी बिंदु 114 है लेकिन वर्तमान समय में गंगा का जलस्तर गंगा बैराज पर 114.70 अप व 114.50 डाउन दर्ज किया गया। नरौरा बांध से 1,14,809 व हरिद्वार बांध से 1,11,881 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। वही गंगा बैराज से 4,16,037 पानी डिस्चार्ज किया। यह जानकारी गंगा बैराज सिंचाई विभाग के गेज रीडर उत्तम पाल ने दी।

जिला जज ने बालिका गृह व बालक गृह का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उच्च न्यायालय किशोर न्याय कमेटी एवं प्रशासनिक न्यायमूर्ति इलाहाबाद द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शासन द्वारा संचालित संस्थान राजकीय बाल गृह बालिका स्वरूप नगर, राजकीय बाल गृह बालिका ख्योरा नवाबगंज राजकीय बाल गृह बालक कल्याणपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रदीप कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर, शुभी गुप्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिलाधिकारी द्वारा नामित एडीएम (एल.ए.) रिंकी जायसवाल, जयदीप सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे। संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान संस्था में कौशल विकास द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अंतर्गत बालिकाओं को डांस, सिलाई कढ़ाई, पार्लर का प्रशिक्षण उपस्थित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा था, निरीक्षण के दौरान उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों व संस्था के अधीक्षकों को समस्त संस्था की साफ-सफाई व डॉक्टर के नियमित विजिट, बालकों / बालिकाओं के शारीरिक व मानसिक विकास हेतु आउटडोर व इनडोर खेल कराने एवं बालकों / बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संस्था में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाये जाने व बालकों / बालिकाओं की काउंसलिंग कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्देशों का अनुपालन कराए जाने का आश्वासन दिया गया।

शिक्षा चौपाल का आयोजन, खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के सिकहौला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने और जनसमुदाय की भागीदारी को बढ़ाने के लिए शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया।जहां शिक्षा चौपाल में पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित सभी अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाने के लिए जागरूक किया,साथ ही विद्यालय में चित्रण के माध्यम से बच्चों को तरह तरह की जानकारी भी दी गई। बताते चले कि साढ़ थाना क्षेत्र के सिकहौला गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में आज निपुण भारत मिशन को प्राप्त करने और जनसमुदाय की

भागीदारी को बढ़ाने के लिए शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया, जहां शिक्षा चौपाल में खंड शिक्षा अधिकारी पूनम वर्मा ने विद्यालय पहुंचने के दौरान सभी चीजों का जायजा लिया।खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा संबंधी जो भी योजनाएं संचालित है, खासकर टी पी टी के माध्यम से जो भी धनराशि निपुण भारत मिशन के तहत अभिभावकों के खातों में ट्रांसफर की जा रही है,साथ ही कक्षा एक से तीन के बच्चो के लिए जो निपुण लक्ष्य जो निर्धारित किए गए है ,उसके विषय में अभिभावकों को जागरूक करना उनका मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि अभिभावकों और ग्रामवासियों के सुझावों को लेने के दौरान शिक्षक बच्चो की शिक्षा को और बेहतर कैसे बना सकते है,ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बच्चों का शैक्षिक स्तर बढ़ सके। वही विद्यालय में मौजूद प्रधानाचार्य और शिक्षिकाओं ने चित्रण के माध्यम से बच्चों को तरह तरह की जानकारी दी।

आधार कार्ड लोगों के लिए बनी समस्या

जन एक्सप्रेस । राजेश पाल

* डाक सहायक की नियुक्ति होने के बावजूद दूसरे ऑफिस में अटैचमेंट होने से उपजे हालात
* आधार कार्ड नहीं बनाए जाने से दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों सहित अन्य को हो रही परेशानी

बाजार शुक्ल, अमेठी। सरकार एक तरफ तमाम योजनाओं सहित अन्य कार्यों के लिए आधार को अनिवार्य कर दिया है। वहीं संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों को आधार कार्ड बनवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा सहित दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय डाकघर में आधार कार्ड नहीं बनाए जाने से दूरदराज से आने वाले ग्रामीणों सहित अन्य को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डाकघर के कर्मचारियों की मानें तो उनका कहना है कि डाक सहायक की नियुक्ति है विभाग द्वारा दूसरी पोस्ट ऑफिस में अटैचमेंट होने के कारण आधार कार्ड बनने का कार्य बाधित रहता है। जो समस्या का कारण बनी हुई देखी जा रही है। आधार कार्ड जनता के लिए बना पाना सम्भव नहीं

है। वहीं लोगों का कहना है कि जब आधार ही नहीं होगा तो तक सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा कई जगह आधार कार्ड की मांग की जाती है।

आधार कार्ड नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं सम्बंधित उच्चाधिकारियों से अति शीघ्र आधार कार्ड बनवाए जाने की व्यवस्था की मांग की है।

डाकघर प्रभारी डाकघर से बात की गई साझा

डाकघर प्रभारी शशिकांत गुप्ता से बात साझा की गई बताया तकनीकी नेटवर्क खराबी की दिक्कत के साथ ही स्टाफ की कमी आधार कार्ड बनाने में समस्या बनी हुई है डाक सहायक की नियुक्ति है। डाक सहायक का दूसरे ऑफिस में अटैचमेंट की वजह से आधार का कार्य बाधित है। स्टाफ की कमी उच्च अधिकारियों से अवगत कराया गया है जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा डाकघर में जल्द आधार कार्ड बनाने का कार्य कराया जाएगा। ताकि जरूरतमंद लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

शिक्षक की भूमिका में आए जिलाधिकारी, छात्रों को दिया सफलता का मंत्र

जन एक्सप्रेस । अमेठी

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निशुल्क कोचिंग प्रारंभ की गई है।जिसमें शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पहुंचकर छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं उन्हें सफलता के मंत्र बताएं। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें,इससे आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था आपको लक्ष्य प्राप्ति में सही दिशा दिखाएंगी। किंतु मेहनत आपको ही करना है। उन्होंने छात्रों से कहा कि विषयों का गहराई से अध्ययन करें एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए पर्याप्त समय दें। जिससे आपको मन मुताबिक परिणाम मिल सके।उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बदले हुए पैटर्न के हिसाब से पढ़ाई करें। साथ ही पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों का बार-बार अध्ययन करें। कोचिंग व्यवस्था परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के हिसाब से आपका मार्गदर्शन अवश्य करेगी।परंतु आपका अध्ययन के प्रति ज्यादा समय देने एवं समर्पण भाव ही आपको सफलता दिलाएगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके

शर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन सायं 3:30 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज में किया जा रहा है। तथा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में 13 छात्र पेट परीक्षा,03 छात्रों ने नीट,02 छात्रों का एसएससी में चयन हुआ है। इस क्रम में वर्ष 2023-24 में निःशुल्क कोचिंग में यूपीएससी, यूपीपीएससी के 143 नीट के 129 एनडीए, सीडीएस के11 एवं यूपीएसएस एससी, एसएससी के 57 छात्र, छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया है।विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु पात्रता की शर्तों के तहत छात्र, छात्रा का अभिभावक जनपद का निवासी हो, परीक्षा हेतु शैक्षिक अर्हताएं सम्बन्धित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदकों को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

थानों पर समाधान दिवस में फरियादियों की हुई सुनवाई

जन एक्सप्रेस/अमेठी। शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना गौरीगंज,मुंशीगंज पर क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी द्वारा,थाना संग्रामपुर पर क्षेत्राधिकारी लल्लन सिंह द्वारा,मुसाफिरखाना गौरव सिंह द्वारा थाना जगदीशपुर पर एवं जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा राजस्व टीम के साथ थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। तथा सम्बन्धित को संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

करोड़ों के घोटालेबाज लेखपाल पर शासन का आदेश निष्प्रभावी

जन एक्सप्रेस/अमेठी। राजस्व नियमावली के अनुसार एक लेखपाल एक तहसील में दस साल तक ही ड्यूटी देगा।उसके उपरांत उसका स्थानांतरण अन्य तहसीलों में जिला प्रशासन द्वारा कर दिया जाता है। लेकिन कुछ लेखपाल जो अधिकारियों के लिए कमाऊ पूत बन जाते हैं,उन्हें अधिकारी जिला प्रशासन के स्थानांतरण के बाद भी छोड़ना नहीं चाहते। जिसमें सरकार की मंशा व निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है। ऐसे ही एक लेखपाल उदय प्रताप हैं,जिन्हें मुसाफिरखाना तहसील में दस वर्ष से ऊपर हो गया। जिसका स्थानांतरण भी जिला प्रशासन ने अमेठी तहसील के लिए कर दिया है। लेकिन मुसाफिरखाना तहसील प्रशासन ने महीनों बीत जाने के बाद भी कार्य मुक्त नहीं किया। यही नहीं उक्त लेखपाल का नाम एन एच 56 में हुए करोड़ों के घोटाले में भी आया है।जिसमें कई अधिकारियों के साथ इसकी भी जांच चल रही है। इस बारे में मुसाफिरखाना उप जिलाधिकारी सविता यादव ने बताया कि शीघ्र ही लेखपाल उदय प्रताप को कार्य मुक्त कर दिया जाएगा।

सम्मानित होकर खिले मेधावियों के चेहरे

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के मुंशीगंज स्थित इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थान राजर्षि रणञ्जय सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी में शनिवार को स्नातक वर्ग के लिए कैरियर काउन्सलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 135 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने कैरियर सम्बन्धी विभिन्न प्रश्न पूंछे।जिसका कैरियर विशेषज्ञों द्वारा जवाब दिया गया। कैरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैरियर विशेषज्ञ तथा एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि स्नातक की डिग्री पूर्ण करने के साथ ही कैरियर निर्धारण का महत्वपूर्ण वक्त होता है। डॉ.त्रिपाठी ने स्नातक के बाद उपलब्ध विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा नौकरी के क्षेत्रों के विकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की छात्रों को अपने सपनों, क्षमताओं, आवश्यकताओं तथा चुनौतियों के अनुरूप सही निर्णय लेना चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि आरआर पीजी के प्राचार्य

प्रोफ़ेसर पी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि कैरियर का चुनाव करने से पहले अपनेलक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा की जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समर्पण तथा कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं होना चाहिए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.पूनम सिंह ने कहा की सही कैरियर चुनाव सफलता का पहला कदम होता है।उन्होंने कहा की महिलाऐं आज सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं।सम्मान समारोह के अंत मे कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों के स्नातक की परीक्षा में इस वर्ष अधिकतम अंक पाने वाले अनुराग जयसवाल 71.33प्रतिशत को प्रथम स्थान, फरहीन खान 70.61प्रतिशत को दूसरे स्थान तथा शुभांगिनी 70.55 प्रतिशत को तीसरे स्थान के लिए शील्ड और पदक देकर सम्मानित किया गया।तथा कार्यक्रम में शामिल सभी मेधावी छात्रों को भी पदक प्रदान किए गए। संस्थान के निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान है: मुकेश अग्रहरि

जन एक्सप्रेस/बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय में मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि की अध्यक्षता एवं प्रभारी रामनरायण उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में **मतदाता चेतना महाभियान कार्यशाला** आयोजित की गई। मंडल प्रभारी राम नरायण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिशन 2024 की तैयारी के मद्देनजर संगठन द्वारा निर्देशित आगामी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा हम सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही आगामी लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजय प्राप्त करने लिए जुट जाना है। मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त कर उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा बल्दीराय का एक एक भाजपा कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजय दिलाने के लिए संकल्प ले चुका है। हम सभी कार्यकर्ता आगामी सभी कार्यक्रमों में अपना शत प्रतिशत योगदान देकर कार्यक्रमों को सफल बनाएंगे।

कार्यकम को जिला आई टी संयोजक संजय उपाध्याय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नरेंद्र अग्रहरि, दिलीप सिंह,जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव, मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, रोहित अग्रहरि, घनश्याम तिवारी, कैलाशनाथ दूबे,अनिल मिश्रा, श्रीनिवास शुक्ला, विशाल जायसवाल, पंकज शुक्ला, राहुल मिश्रा, श्रीराम मौर्या, विजय तिवारी, माखनलाल जायसवाल, रामदत्त तिवारी, राजेश शुक्ला, जगदीश मिश्रा, मधुसूदन दूबे, अशोक सरोज, पूर्णचंद्र जोशी, आशीष मिश्रा, अरविंद पांडेय, भोलानाथ शर्मा, जितेंद्र शर्मा, शिवम सिंह, यश प्रताप सिंह, श्रीनाथ पाठक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं ने किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सामाजिक संस्था इंडिया एंटी करप्शन फोर्स (रजि.) के महासचिव विपिन कुमार मिश्र एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर और सदर तहसील परिसर में नीम और पीपल के वृक्षों का रोपण किया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक एडवोकेट रमाशंकर पाण्डेय, विद्या भूषण पाण्डेय, विधिक सलाहकार देवेन्द्र पाठक, सचिव - आदित्य मिश्र, बार एसोसिएशन सुल्तानपुर अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय,पूर्व अध्यक्ष गिरजा शंकर शुक्ल, अरुण कुमार उपाध्याय, राम कुमार सिंह डी.एम. पेशकार कमल बाबू, सी.आर.ओ. पेशकार आत्माराम पाण्डेय, ए.डी.एम. (एफ/आर) पेशकार शहजाद, ऐ.डी.एम. (प्रशासन) पेशकार रतन बाबू ,सदर तहसीलदार केशव सिंह अभिषेक मिश्रा सुचित एडवोकेट, उमेश मिश्र एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

महंत धर्मेंद्र दास व धर्म प्रकाश समेत 8 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर

जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत उदासीन आश्रम के महंत धर्म प्रकाश व लखनऊ के तथाकथित महंत धर्मेंद्र दास समेत 8 लोगों के विरुद्ध महंत परमेश्वर दास के अपहरण का मुकदमा दर्ज। मुकदमा दर्ज होने के बाद संत समाज के बीच प्रकरण को लेकर हलचल मची।

लखनऊ जिले गोसाईगंज थाने के पुलिस ने बीते 15 जुलाई को सुल्तानपुर के बंधुआ कला संगत के महंत भरत दास की तहरीर पर लखनऊ के महंत परमेश्वर दास के अपहरण के आरोप में लखनऊ के महंत धर्मेंद्र दास, महंत विश्राम दास, महंत विष्णु दास, महंत संतोष दास व सुल्तानपुर जिले के महंत फतेहपुर संगत धर्म प्रकाश व बंधुआ कला थाने के निवासी जाबिर समेत आठ लोगों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 323 364 वह 420 के तहत अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरु।

बंधुआ कला उदासीन आश्रम के महंत बाबा भरत दास ने आरोप लगाया है कि बीते 20 जून 2020 को लखनऊ जा रहे थे तो उन्होंने देखा कि गोसाईगंज के निकट लखनऊ के महंत परमेश्वर दास को धर्मेंद्र दास व उनके साथी बल पूर्वक जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बैठा रहे थे, वह बीच बचाव की कोशिश की पर सफल नहीं हो सके और धर्मेंद्र दास महंत परमेश्वर दास का अपहरण कर अपने साथियों के साथ भागने में सफल रहे । तब से लेकर महंत परमेश्वर दास का अब तक कोई पता नहीं चला है।

एन0एस0पी0एस में मनाया गया नारी समानता दिवस

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला रायबरेली में 'नारी समानता दिवस' मनाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की संयोजिका श्रीमती संचिता त्रिवेदी के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं में- निहारिका, माही, सिद्धि, कशिश, अनन्या, आराध्या, अनुप्रिया अपर्णा, अक्षिता, अंशिका ने एक प्रेरक लघु नाटिका प्रस्तुत कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में नारी के योगदान, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का संदेश दिया वहीं विद्यालय की छात्रा अनन्या ने ÷मुझे पुरुष के बराबर हक दिलाने की बात चल रही है।÷ कविता के माध्यम से नारी समानता के भावव्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी के साथ समानता का व्यवहार करके ही हम समाज में वास्तविक समानता ला सकते हैं।

आज नारी विकास, सुरक्षा, शिक्षा, राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में कन्धे से कन्धा मिलाकर अपना सकारात्मक सहयोग दे रही हैं। अतः उनके प्रति श्रृद्धा, सहानुभूति, सुरक्षा एवं सहयोग की भावना रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पिंकी जायसवाल जी के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा सृष्टि व छात्र दिव्यांश ने किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0 दास मिश्र, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अवधेश कुमार शर्मा, राकेश अवस्थी, बालजी पांडे, मनीष तिवारी, रामकिशोर, बी0एस0 त्रिवेदी अभिषेक श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

विद्यालयों को मास्टर डाटा बेस तैयार करने व छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सारणी निर्गत

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 वैभव त्रिपाठी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10 की कक्षाओं से सम्बन्धित विद्यालयों को मास्टर डाटा बेस तैयार करने, छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सारणी निर्गत की गई है। विद्यालयों द्वारा मास्टर बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने से लेकर मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर प्रमाणित करने हेतु 30 सितम्बर 2023 तक की तिथि निर्धारित की गई है। 05 अक्टूबर 2023 तक जिला विद्यालय निरीक्षक उनकी अधिकारिता में आने वाले समस्त विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों की संख्या एवं प्रोफाइल को डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित करेंगे। छात्र-छात्राएं 15 सितम्बर 2023 से 10 नवम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

18 सितम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 तक छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र-छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान कर आवेदन आनलाइन सत्यापित-अग्रसारित किये जायेंगे। जनपद के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य को सूचित किया जाता है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु छात्रों को अवगत कराये तथा अपने स्तर से भी समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करें, जिससे कोई भी पात्र छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रहें।

मंडल आयोग के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल (बी0पी0मंडल) की मनायी गयी जयन्ती

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सामाजिक न्याय के पक्षधर, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व मधेपुरा संसदीय क्षेत्र से पूर्व सांसद एवं मंडल आयोग के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल (बी.पी. मंडल) की जयंती रायबरेली में डॉ0 आंबेडकर लोहिया वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। मंडल आयोग के निर्माता एवं अध्यक्ष बीपी मंडल की 105 वीं जयंती रायबरेली के फिरोज गांधी कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाई गई। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वामी प्रसाद मौर्य रहे। जयंती समारोह की अध्यक्षता फिरोज गांधी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. राम बहादुर वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डी.बी.पी.जी. कॉलेज बछरावां के क्रीडा अध्यक्ष डॉ राजेश चंद्रा ने किया। जयंती समारोह का संचालन प्रख्यात साहित्यकार व कवि जय चक्रवर्ती ने किया।

डॉ0 आंबेडकर लोहिया वाहिनी के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उमड़े जन सैलाब को संबोधित करते हुए बुद्धवादी सामाजिक न्याय के पुरोधा स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीपी मंडल की जयंती के अवसर पर जाति आधारित जनगणना कराये जाने की वकालत की। उन्होंने डॉ0 अंबेडकर की सूझबूझ का बखान करते हुए कहा कि सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े लोगों के उत्थान और कल्याण के लिए साइमन कमीसन ने एक सूची बनाई थी।

किंतु कुछ पिछड़ी जातियों के गुमराह हो जाने की वजह से वे इस सूची में शामिल नहीं हो पायी थीं। उनके इस पिछड़ेपन को दूर करने के लिए संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर ने संविधान में अनुच्छेद 340 की

व्यवस्था दी थी कि देश और प्रदेश की सरकारें सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए एक आयोग गठित कर उनके कल्याण की योजनाएं बना सकती हैं। अतिथियों सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा वरिष्ठ समाजसेवी रामसेवक वर्मा ने की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव एवं गणेश प्रसाद मौर्य आदि ने भी बीपी मंडल साहब की इस जयंती समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शत्रुघ्न मौर्य, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद मौर्य, धुन्नी मौर्य, राही ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव उर्फ राजू यादव, विनोद रावत, सत्येश गौतम, सुनील यादव, राजवंत सिंह पटेल, अशोक प्रियदर्शी, राजेश पासवान, डॉ, सुनील दत्त, एडवोकेट शाक्य एस. एन. मौर्य निशाचर भाई, रामप्रसाद बौद्ध, शिवनारायण सोनकर, विमल किशोर सबरा, हरिप्रसाद शास्त्री, राजेंद्र बौद्ध, बलराज राना, एडवोकेट आर.बी. मौर्य, दीपक मौर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति ने बालक-बालिका आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में शनिवार को न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज रचना सिंह व सदस्य अपर जिला जज उमाशंकर कहार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिनव जैन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, खैरुम निशाँ प्रथम अपर सिविल जज (जू0डि0) सदस्य द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली

बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति ने बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिंग कराये। दौरान निरीक्षण जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति व पूनम सिंह उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । रविवार । 27 अगस्त 2023

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

कांग्रेस ने मेरे खिलाफ आजमगढ़ में पोस्टर लगवाए, नहीं करने चाहिए थे ऐसे व्यक्तिगत हमले : अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस में बुराइयां हैं, पर अभी सबसे खराब भाजपा से हमारी लड़ाई है। इसलिए बड़े दिल के साथ गठबंधन कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तहत कांग्रेस ने ज्यादा सीटें लीं, जिसके चलते हम हारे। उन्होंने लोकसभा की अमेठी और रायबरेली सीटों पर सपा प्रत्याशी न उतारने के संकेत भी दिए। दिल्ली में एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में अखिलेश ने कहा कि आजमगढ़ के चुनाव में कांग्रेस ने मेरे (अखिलेश) खिलाफ पोस्टर लगाए, जबकि इस तरह के व्यक्तिगत हमले नहीं करने चाहिए थे। लेकिन, कई बार इवेंट मैनेजर नेताओं को गलत राह पर ले जाते हैं। अखिलेश ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) रायबरेली और अमेठी में राजनीतिक शिष्टाचार के चलते प्रत्याशी नहीं उतारते थे। हम आगे भी इस पर जरूर विचार करेंगे। उन्होंने कांग्रेस के साथ अतीत में रहे मतभेदों पर कहा कि लड़ाई भाजपा से है, इसलिए पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है। टमाटर के दाम का विरोध करने पर हमारे साथियों को जेल भेजा जा रहा है। रोजगार के झूठे आंकड़े रखे जा रहे हैं। पिछले चुनाव हम इसलिए भी हारे कि समाजवादी जनता को समझा रहे थे, जबकि भाजपा के लोग भटका रहे हैं।

व्यासजी गोंड समाजवादी एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर व्यासजी गोंड को नामित किया है। व्यासजी गोंड अखिल भारतीय गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है।

मुजफ्फरनगर की घटना में शामिल शिक्षिका समाज पर धब्बा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुजफ्फरनगर की घटना में शामिल शिक्षिका समाज पर धब्बा है। पूरे देश के शिक्षकों को उसे दंडित करने के लिए आवाज उठानी चाहिए। अखिलेश ने एक्स के जरिये कहा कि मुजफ्फरनगर के एक वायरल वीडियो में एक शिक्षिका एक अल्पसंख्यक बच्चे को दूसरे बच्चों से पिटवा रही है। इसमें वह दोहरे अपराध की दोषी है, क्योंकि वह पिटवा भी रही है और दूसरे बच्चों को हिंसक भी बना रही है। अखिलेश ने इसके जरिये भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार ये वीडियो जी-20 की बैठक में दिखाकर साबित करे कि उसका नफरती एजेंडा किस तरह से सही है। उधर, जारी बयान में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज के अभाव में मरीजों को भटकना पड़ रहा है। भाजपा सरकार गरीबों को बीमारी में मदद के बजाय उसकी दुश्वारियां बढ़ा रही है।

मदुरै हादसे में प्रभावित परिवारों को मिले 1 करोड़ मुआवजा

अखिलेश यादव ने मदुरै में हुए रेल हादसे को रेलवे की लापरवाही बताते हुए कहा कि इस घटना में यूपी के 10 लोगों की मौत का समाचार दुखद है। इस लापरवाही की गहन जांच और मृतकों के परिवारीजनों को 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।

यूपी में बिजली संकट : छह उत्पादन इकाइयां हुईं ठप, बारिश बंद हुई तो बिगड़ सकते हैं पूरे प्रदेश के हालात



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में छह बिजली उत्पादन इकाइयां ठप हो गई हैं। इससे 1937 मेगावाट कम बिजली उत्पादन हो रहा है। ऐसे में बारिश थमी और गर्मी बढ़ी तो प्रदेशवासियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है। उत्पादन ठप होने की वजह तकनीकी खामी बताई जा रही है। प्रदेश में पिछले सप्ताह चार विद्युत उत्पादन इकाई ठप हो गई थीं। इस बार छह उत्पादन इकाई ठप हुई हैं। इसमें टांडा की दो यूनिटों से 220 मेगावाट, मेजा से 528 मेगावाट, रिहंद से 189 मेगावाट, अनपरा की दो यूनिटों से एक हजार मेगावाट बिजली पावर कॉरपोरेशन को मिलती थी। इसमें टांडा की एक और मेजा की एक यूनिट रविवार को शुरू हो सकती है, जबकि रिहंद और अनपरा की उत्पादन इकाइयां 29 अगस्त तक शुरू होने की संभावना है। पावर कॉरपोरेशन की ओर से उत्पादन इकाइयों के ठप होने की वजह तकनीकी खामी (ब्वायलर ट्यूब लिकेज) बताया जा रहा है। इन यूनिटों के ठप होने से उत्पादन कम हो रहा है। ऐसी स्थिति में गर्मी बढ़ी तो प्रदेशवासियों को बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि, अभी प्रदेश में बिजली की मांग करीब 24 हजार मेगावाट है। इसमें उत्पादन निगम की यूनिटों से 3915 मेगावाट बिजली मिल रही है, जबकि 12 हजार मेगावाट आयातित बिजली से काम चलाया जा रहा है। फिलहाल इस मौसम में भी ग्रामीण इलाके में 18 घंटे के बजाय 17.58 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है। विभागीय रिपोर्ट में सिर्फ ग्रामीण इलाके में दो मिनट की कटौती दिखाई जा रही है।

तकनीकी कारणों से बंद हुई यूनिटें

प्रदेश में बिजली का इंतजाम है। उपभोक्ताओं को किसी तरह की समस्या नहीं होगी। कुछ यूनिट तकनीकी कारणों से बंद हुई हैं। इस तरह की समस्या कभी-कभार आती रहती है। टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही ये इकाइयां फिर से बिजली उत्पादन करने लगेंगी।
- डा. आशीष कुमार गोयल
अध्यक्ष पावर कॉरपोरेशन

बेसिक टीचर्स के ट्रांसफर : पहले किए गए तबादले, अब कर रहे निरस्त, गंभीर बीमारी वाले भारांक ने फंसाया मामला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बेसिक शिक्षा विभाग में एक से दूसरे जिले में हुए तबादलों को लेकर खिचड़ी है कि पक ही नहीं पा रही है। विभाग अब अपने ही किए तबादलों को कहीं मौखिक तो कहीं लिखित रूप से निरस्त कर रहा है। इससे प्रभावित शिक्षक दो माह से तैनाती व कार्यमुक्त के लिए भटक रहे और आए दिन धरना-प्रदर्शन, घेराव कर रहे हैं। विभाग ने कई साल बाद लंबी कवायद के बाद जून अंत में 16614 शिक्षकों के तबादले की सूची जारी की। इसके बाद उनसे जुड़ी प्रक्रिया शुरू की गई लेकिन वह पूरी नहीं हो पा रही है। कई बार के पत्राचार के बार भी कई जिलों में बीएसए सूचनाएं नहीं अपडेट कर पा रहे हैं। इसी बीच काफी संख्या में शिक्षकों के तबादले निरस्त किए जा रहे हैं। कहीं पर इसका कारण जिले में समय से न होने वाली पदोन्नति बताई जा रही है, तो कहीं पर भारांक को सही नहीं बताया जा रहा है। अब इससे प्रभावित शिक्षक आए दिन जहां बीएसए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं वहीं बेसिक शिक्षा निदेशालय से लेकर राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान (एसईआईटी) पर आए दिन धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब विभिन्न स्तर की जांच के बाद उनका तबादला किया गया तो फिर अब किस आधार पर उन्हें रोका जा रहा है। इस धीमी गति से चल रही प्रक्रिया के बीच दो महीने बीत गए और अभी तक शिक्षकों का स्कूल आवंटन भी नहीं हो पा रहा है। इन सबका असर विद्यालयों में पठन-पाठन पर भी पड़ रहा है।

कार्यमुक्त शिक्षकों को वेतन भी नहीं मिल रहा

एक तरफ तो शिक्षक कार्यमुक्त के लिए भटक रहे हैं। वहीं जिन शिक्षकों को कार्यमुक्त किया गया और उन्होंने बीएसए के यहां ज्वॉइन कर लिया लेकिन उनका वेतन नहीं बन रहा है। जानकारी के अनुसार वह जिस जिले से तबादला पाकर आए हैं वहां से लास्ट पेमेंट सर्टिफिकेट (एलपीए) नहीं आ पा रहा है। ऐसे में उनका वेतन भी नहीं जारी हो पा रहा है।

जिलों से मांगी गई है अपडेट सूचना

परिषदीय विद्यालयों में हुए 16614 तबादलों को लेकर बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने तीन दर्जन से अधिक जिलों से सूचना मांगी है। उन्होंने कहा है कि कुछ ऐसे शिक्षक व शिक्षिकाओं का तबादला हुआ है, जिनके बैच की पदोन्नति उनके जिले में अपडेट नहीं हुई है। ऐसे शिक्षकों की निर्धारित प्रारूप पर बीएसए जल्द से जल्द सूचना उपलब्ध कराएं।

69000 शिक्षक भर्ती मामला : एक अंक के लिए सीएम आवास का होगा घेराव, 19 दिन से चल रहा धरना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती में एक अंक से नियुक्ति पाने से वंचित अभ्यर्थियों का धैर्य जवाब देता दिख रहा है। अभ्यर्थी ईको गार्डन में 19 दिन से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव करेंगे और उनसे मिलकर अपनी बात रखने का प्रयास करेंगे। क्योंकि विभागीय अधिकारी उनकी बात सुन नहीं रहे हैं। धरने में शामिल अभ्यर्थियों ने कहा कि 10 महीने पहले 09 नवंबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने एक अंक बढ़ाने से संबंधित आदेश दिया। अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए सरकार की याचिका को खारिज कर दिया था। किंतु बेसिक शिक्षा विभाग ने अभी तक हमें एक अंक से नियुक्ति से वंचित रखा है।

स्वदेशी गाय की खरीद पर ट्रांसपोर्टेशन और बीमा का खर्च उठाएगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गौ-पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की है। शासन ने शुक्रवार को इसका शासनादेश जारी कर दिया। शासनादेश के मुताबिक दूसरे प्रदेशों से साहिवाल, थारपारकर, गिर एंव संकर प्रजाति की गाय खरीदने पर परिवहन, ट्रांजिट बीमा एवं पशु बीमा समेत अन्य मदों पर खर्च होने वाली धनराशि पर सब्सिडी दी जाएगी। सब्सिडी अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगी, जो कुल व्यय धनराशि का 40 प्रतिशत यानी 80 हजार रुपये तक होगी। पहले चरण में योजना 18 मंडल मुख्यालय के जिलों में लागू होगी। अपर मुख्य सचिव पशुपालन डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की संख्या और नस्ल को बढ़ाना है, ताकि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बना रहे। वहीं, दुग्ध आयुक्त एवं मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी की ओर से लाभार्थी को दूसरे प्रदेश से स्वदेशी नस्ल की गाय खरीदने के लिए एक अनुमति पत्र जारी किया जाएगा, ताकि परिवहन में समस्या न हो। वहीं इन गायों का 3 वर्ष का पशु बीमा और दूसरे प्रदेश से लाने के लिए ट्रांजिट बीमा कराना अनिवार्य है। योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी गाय की खरीद, उसके परिवहन, पशु ट्रांजिट बीमा, 3 वर्षों का पशु बीमा, चारा काटने की मशीन की खरीद एवं गायों के रखरखाव के लिए शेड के निर्माण पर दिया जाएगा। योजना का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी के पास पर्याप्त जगह होनी चाहिये। साथ ही उनके पास पहले से 2 से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय न हों। वहीं इस योजना के तहत 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों को तरजीह दी जाएगी जबकि 50 प्रतिशत में अन्य वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं।

गोमती नदी से सटे गांवों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

*** एसडीएम ने निरीक्षण कर ग्रामीणों से की मुलाकात, गांव से लेखपाल दे रहे रिपोर्ट**

बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गोमती नदी से सटे पांच गांव गोमती नदी के पानी की चपेट में हैं। बता दे कि शनिवार को सुबह 8 बजे बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ लासा, सुल्तानपुर, बहादुरपुर, अकडरिया खुर्द, कलां, दुघरा इन गांव का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी फसलों का जायजा लिया। बता दे कि सुबह 8 बजे एसडीएम पहले लासा गांव पहुंचे वहां उन्होंने गोमती नदी में कटान का पानी आने के कारण गांवों की फैसले डूब गई है उन फसलों का जायजा लिया और एसडीएम ने सुल्तानपुर बहादुरपुर का निरीक्षण कर अकड़रिया खुर्द गांव पहुंचे वहां उन्होंने सजीवन लाल यादव के बंगले के पास जाकर उनसे मुलाकात कर हाल-चाल जाना, वहीं एसडीएम ने अकड़रिया कलां निरीक्षण करने के बाद दुघरा गांव के आगे जमखनवां सड़क पर बह रहे पानी का भी निरीक्षण किया। वहीं इस पूरे निरीक्षण के दौरान एसडीएम बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बीकेटी तहसील अपनी पूरी तैयारी कर चुकी हैं, किसानों के खेतों में पानी भरा हुआ हैं किसान परेशान है क्षेत्रीय लेखपाल की ड्यूटी गांव में लगाई गई हैं जोकि हालातो पर अपनी नजर बनाए हुए हैं हर एक एक्टिविटी की रिपोर्ट हम लेखपाल से ले रहे हैं पांच गांव की किसानों की फैसले पानी में डूबी हुई हैं जिससे किसान परेशान है बीकेटी प्रशासन किसानों के साथ में खड़ा हुआ है लगातार पूरे गांव की मॉनिटरिंग कराई जा रही है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

एस आर इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उद्यमिता दिवस के अंतर्गत चल रहे पखवाड़े में आज स्वावलंबी भारत अभियान के द्वारा एस आर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में उद्यमिता मेला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के तौर पर स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय सह समन्वयक डॉ राजीव कुमार और कार्यक्रम की अध्यक्षता मा0 सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने की। वहीं डॉ राजीव कुमार ने बच्चों को उद्यमिता एवं स्वावलंबन के बारे में बताते हुए कई स्वदेशी कंपनिया का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे आज हमारी पूर्ण स्वदेशी कंपनियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टक्कर दे रही हैं रोजगार लेने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का मंत्र भी बच्चों को दिया। इस कार्यक्रम में मा0 सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने बच्चों को उद्यमिता के बारे में बताते हुए अपनी कहानी का भी उल्लेख किया कि कैसे उन्होंने 16 व्यवसाय किये और आज इस मुकाम पर हैं। इस मौके पर स्वागत एवं प्रस्तावना प्रांत समन्वयक अमित सिंह द्वारा की गई।

सेंट जोसेफ कॉलेज की नीतियों के खिलाफ विद्यार्थी परिषद का विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बख्शी का तालाब जिले की मलिहाबाद नगर इकाई द्वारा सेंट जोसेफ कॉलेज की शैक्षिक समस्याओं को लेकर जिला संयोजक अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया।सेंट जोसेफ कॉलेज में बढ़ती फीस और शिक्षको के व्यवहार से नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विद्यालय के बाहर अपना अक्रोस जताया। जिला संयोजक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रशासन का कोई भी फीस का मानक नहीं है,विद्यालय लगातार फीस को बढ़ाता जा रहा है और छात्र छात्राओं को शिक्षको के द्वारा प्रताड़ित भी किया जा रहा है। विभाग संयोजक अशोक पांडे ने बताया कि विद्यालय मे कुछ अध्यापकों द्वारा हिंदू संस्कृति का और छात्र छात्राओं को तिलक वा कलावा बांध के आने पर रोक लगाया गया।विद्यार्थी परिषद ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया अपनी मांग को रखते हुवे कहा कि विद्यार्थी परिषद की मांगों को 15 दिन के अंदर इसका निवारण किया जाए और विद्यालय के खिलाफ कार्यवाही की जाए नही तो अभाविप एक बड़े आंदोलन के लिए प्रयासरत होगी और ये भी कहा जिले के सभी ऐसे विद्यालय जिनका फीस का मानक तय नही है और छात्र हितों के खिआफ कार्य कर रही है वो भी आंदोलन के लिए तैयार रहे।आंदोलन में पुष्पा गौतम ,दिव्यानी सिंह, अकाश रावत ,अभिषेक सिंह ,दिव्यांशु ,पृथ्वी, सौरभ ,प्रखर ,आकाश प्रताप सिंह, राजू, दीपक सिंह ,पवन कुमार ,योगेश गुप्ता, राजा सिंह, सौरभ सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भगवती सिंह की मनाई 91वीं जयंती वक्ताओं ने बताया शिक्षा का पुजारी

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

*** मां चंद्रिका देवी के पावन स्थल पर किया गया हवन-पूजन**

बीकेटी, लखनऊ। बख्शी का तालाब में समाजवादी संत भगवती सिंह की 91वीं जयंती मनाई गई। बता दें कि शनिवार को क्षेत्र के चन्द्रभानु गुप्त कृषि स्नाकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक, पूर्व मंत्री एवं मां चंद्रिका देवी मंदिर के संरक्षक की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भगवती सिंह बाबू जी के नाम से जाने जाते हैं। उनके जन्म दिवस पर मां चंद्रिका देवी के पावन स्थल पर हवन पूजन भगवती सिंह जन्मदिवस समिति के द्वारा किया गया। उसके बाद बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज में उनकी प्रतिमा पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ केके शुक्ला, शिक्षकों व कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह, अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी व अध्यक्ष शिक्षा समिति महेंद्र सिंह झीन बाबूजी% ने मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। एसआर कॉलेज के चेयरमैन व भाजपा सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने बताया की बाबू भगवती सिंह शिक्षा के पुजारी थे। उन्होंने सपना देखा था कि चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाया जाएं, उनके इस सपने को हम सब लोग मिलकर जरूर पूरा करेंगे। पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा कि बाबूजी सच्चे समाजवादी थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भजन का आयोजन हुआ। कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भजन के माध्यम से बाबू भगवती सिंह जी को याद किया। बाबूजी के जीवन पर पंडित नंदकिशोर शर्मा द्वारा बनाई गई टेली फिल्म भी दिखाई गई। भगवती सिंह के जन्मदिवस पर पूर्व सांसद सुशीला सरोज, देवी बख्श सिंह बाबू बाबूजी के पुत्र ह्रदेश कुमार सिंह, सुषमा सिंह महामंत्री बैजनाथ रावत सहित क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित रहे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

चंद्रयान-3 अब शोध हो महीन

सुरक्षा जगत में समाज शास्त्रीय और अपराध-विज्ञान की दृष्टि से चंद्रमा और फौजदारी वाले जुर्म के संबंध पर विचार करें। जैसे डीजीपी विजय कुमार ने पत्रकारों को बताया था कि पुलिस अधिकारियों को प्रेषित परिपत्र में उन्होंने कहा, 'कैसे चंद्रमा की कलाओं के आधार पर तैनाती करें। वे बोले, 'चंद्रमा की कलाओं को जानने के लिए सबसे आसान तरीका हिंदू पंचांग है। इससे पता चलता है कि किस तारीख को चंद्रमा कितने बजे उगता और अस्त होता है। रात कब आंशिक रूप से और कब बिल्कुल अंधेरी होती है। लोगों को यह जानना चाहिए ताकि वे सतर्क रहें। पुलिस को भी यह जानना चाहिए ताकि वह उसे समय सबसे ज्यादा मुस्तैद रहें।

भारत के चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया के वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सारे देश में खुशी का माहौल है। होना भी चाहिए। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। मेरा मानना है कि अब इस पर विशद शोध शुरू होना चाहिए कि आमजन के जीवन पर इसका प्रभाव कैसा, क्या और कितना पड़ेगा ? यह महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाक्रम है। यूं चंद्र उपग्रह है, मगर उसे ज्योतिष में पूर्णग्रह माना जाता है। संतोषजनक रहा कि यह यान चांद पर विशाखा नक्षत्र में स्थापित हुआ था, जो सर्वाधिक शुभ माना जाता है। चंद्रमा तो मन का कारक भी है। यह शोध इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि यूपी के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार (आईपीएस-1988) ने गत सप्ताह (21 अगस्त 2023) ने चंद्रकलाओं के आधार पर पुलिस की तैनाती का उल्लेख किया था। पंचांग के महत्व को उकेरा था। उनके शब्दों में अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदू पंचांग के आधार पर चंद्रमा की गतिविधि के हिसाब से तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही लोगों को भी इसी आधार पर सतर्क रहने की सलाह दी है। चंद्रमा के प्रभाव की चर्चा पहले इस्लाम और चांद पर कर लें। रेडियो खबर के अनुसार यूपी के सभी विद्यालयों को निर्देश था कि चंद्रयान को छात्रों को दिखाया जाए। उनका ज्ञानवर्धन हो सके। इसमें करीब दस हजार मदरसा के तालिबे-इल्म भी शरीक थे। आम धारणा यह है कि इन मदरसों से ज्यादा ध्यान मजहबी शिक्षा को दी जाती है। अतः उन सबको चांद के भिन्न आकारों का भी सम्यक ज्ञान भी मिले। मसलन हिलाल अर्थात धनुषाकार चंद्र। इस्लाम के अनुसार चंद्रमा को पैगंबर ने विभाजित किया था। इस पर भी अन्य नए सिलेबस में विस्तार से अध्ययन हो। हिंदू छात्रों को चंद्रयान पर खास विश्लेषण करना होगा। चंद्रयान ने नया आयाम ही जोड़ दिया। अर्थात ग्रहण कब, कैसे और क्यों पड़ता है ? इस पर अधिक अध्ययन हो। अब केवल चांद पर झंडा गाड़ने अथवा झंडे पर चांद फहराने मात्र से अध्ययन खत्म नहीं होगा। पंडितों को तो खास कर तार्किकता सिद्ध करनी ही है कि चंद्रमा नहीं दिखता है (कृष्ण पक्ष)। अतः उस दौरान कोई भी शुभ कार्य करना उचित क्यों नहीं होता है। दरअसल इसके पीछे ज्योतिष में चंद्रमा की घटती हुई कलाएं होती हैं। इसी भांति शुक्ल पक्ष है जो अमावस्या और पूर्णिमा के दरम्यान आता है। चांद तब चमकने लगता है। पूर्णिमा के दिन बहुत बड़ा होता है। बलशाली होकर अपने पूरे आकार में रहता है। यही कारण है कि शुभ काम करने के लिए इस पक्ष को उपयुक्त माना जाता है। सनातनी हिन्दू तो प्रत्येक खगोलीय घटना का पौराणिक कारण खोज लेता है। जैसे कृष्ण और शुक्ल पक्ष क्यों पड़ते हैं ? एक कथा के अनुसार उन आदित्य वर्ग के देवता दक्ष प्रजापति के बारे में स्वयं पुराण में एक प्रसंग है। उनकी 27 बेटियां थीं। इन सभी का विवाह चंद्रमा से किया गया। ये वास्तव में 27 नक्षत्र थी। चंद्रमा सभी में सबसे ज्यादा रोहिणी से प्रेम करते थे। बाकी सभी से हमेशा रूखा व्यवहार करते थे। ऐसे में बाकी सभी ने चंद्रमा की शिकायत अपने पिता से की। राजा दक्ष ने चंद्रमा को डांटा और कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार करें। इसके बाद भी चंद्रमा का रोहिणी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ। इस बात को लेकर दक्ष प्रजापति गुस्से में आकर चंद्रमा को क्षय रोग का शाप दे देते हैं। इसी शाप के चलते चंद्रमा का तेज धीरे-धीरे मध्यम होता गया। तभी से कृष्ण पक्ष की शुरुआत मानी गई। दक्ष प्रजापति के शाप के कारण क्षय रोग से चंद्रमा का तेज कम होता गया और उनका अंत करीब आने लगा। तब चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना की और शिवजी प्रसन्न होकर चंद्रमा को अपनी जटा में धारण कर लिया। शिवजी के प्रताप से चंद्रमा का तेज फिर से लौटने लगा और उन्हें जीवनदान मिला। दक्ष के शाप को रोका नहीं जा सकता था।

एक्सप्रेस आलेख

उत्तर प्रदेश गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का मैदान है। ये नदियां राज्य की जीवन रेखा ही नहीं, खेती-किसानी का सांस्कृतिक जरिया भी हैं। जनसंख्या घनत्व ज्यादा और प्रति व्यक्ति जोत कम होने के बावजूद आज स्थिति यह है कि राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन 20 फीसद अकेले कर रहा है। इसकी बड़ी वजह है, राज्य में कृषि उपज के मूल्यों में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी। 2017 में योगी सरकार के शासन में आने के बाद एमएसपी के तहत किसानों की कृषि लागत का डेढ़ गुना रकम दिया जा रहा है। राज्य की खेती-किसानी सदियों से मशहूर रही है। विशेषकर गन्ना की खेती के मामले में राज्य एक दौर में शीर्ष पर रहता था।

योगेश कुमार गोयल

योगी शासन में एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना की गई और वह अब साकार होती नजर आ रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, विशेषकर गोरखपुर के आसपास हर साल दिमागी बुखार से सैकड़ों बच्चों की हृदयद्रावक मौत होती थी। लेकिन योगी शासन में इस पर काबू पाने की कोशिशें तेज हुईं और अब स्थिति बेहद काबू में है।

उत्तर प्रदेश की बदल रही है तस्वीर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी

इसे बिडंबना नहीं तो क्या कहेंगे कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गंगा-यमुना और घाघरा जैसी सदानीरा नदियों का उपजाऊ मैदानों के बावजूद उत्तर प्रदेश की ख्याति बीमारू यानी रोगी राज्य के रूप में रही। उत्तर प्रदेश राजनीतिक रूप से बेहद सचेत लोगों का भी राज्य रहा है। माना जाता है कि जिस इलाके की जनता राजनीतिक रूप से ज्यादा सचेत होती है, वहां विकास की धारा बहती रहती है। माना तो यह भी जाता है कि प्रभावी राजनीति जिस इलाके का प्रतिनिधित्व करती है, उस इलाके में विकास की गति अपने आप तेज हो जाती है। उत्तर प्रदेश प्रभावी राजनीति का भी केंद्र रहा है। देश को उसने आठ प्रधानमंत्री दिए, जिनमें से छह की जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश की माटी रही है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश अपनी अराजक संस्कृति और भ्रष्टाचारी शासन व्यवस्था के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। लेकिन अब इसी उत्तर प्रदेश की छवि बदलने लगी है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को दिया जा सकता है। जिसकी वजह से ना सिर्फ यहां के अराजक माहौल में बदलाव आने लगा है, बल्कि इस राज्य को अब उद्योग और कारोबार के लिए मुफीद माना जाने लगा है। अस्सी के दशक में जब उत्तर प्रदेश के ही संसदीय नुमाइंदे राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बीमारू राज्य की परिकल्पना पेश की थी। बीमार यानी रूग्ण से प्रेरित यह बीमारू शब्द बुनियादी रूप से चार राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहा था। इन्हीं में से तीन राज्य अलग होकर अब सात राज्य हो गए हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अपने मूल राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार से अलग होने के बावजूद जितनी तेज तरक्की की उम्मीद की जा रही थी, वैसी नजर नहीं आ रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश इनमें से अलग राह पर चलता दिख रहा है। निश्चित तौर पर इसके लिए योगी आदित्यनाथ की कड़क और कुशल शासन व्यवस्था को श्रेय दिया जा सकता है। किसी भी राज्य में कारोबार और उद्योग कब पनपता है, जब

बुनियादी ढांचा के मामले में भी पिछले छह सालों में राज्य ने काफी कुछ हासिल किया है। राज्य में पांच एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। वहीं 13 एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। साल 2017 में राज्य में सिर्फ दो लखनऊ और वाराणसी हवाई अड्डे ही संचालित हो रहे थे, लेकिन आज राज्य के नौ शहर हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं।

वहां की कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होती है, वहां बुनियादी ढांचा मसलन सड़क, बिजली और पानी की सहूलियत होती है। इसके साथ ही मेडिकल यानी चिकित्सा सुविधा भी बेहतर होनी चाहिए। कुछ साल पहले तक उत्तर प्रदेश में बिजली छोड़ सारे संसाधन थे, लेकिन कानून-व्यवस्था बेहद लचर थी। अराजक व्यक्तियों और समूहों के इशारे पर ही जैसे राज्य की कानून-व्यवस्था चलती थी। राजनीति एक तरह से उनकी पिछलग्गू थी। बिजली राज्य की राजधानी लखनऊ और कुछ-एक वीआईपी माने जाने वाले शहरों में ही होती थी। बाकी समूचा राज्य बिजली की आंख-मिचौनी देखता था। सरकारी दफ्तरों में बाबुओं की मनमानी चलती थी। लेकिन साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सत्ता संभालते ही सबसे पहले कानून-व्यवस्था की हालत की तरफ ध्यान दिया। ऐसा नहीं कि योगी के प्रयासों से कानून- व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश स्वर्ग बन गया है। लेकिन यह भी सच है कि कानून का भय अब अराजक समूहों में आया है। सड़कें दुरुस्त हुईं हैं। हालांकि छोटे इलाकों और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बिजली की हालत भी ठीक हुई है। अब समूचे प्रदेश में बिजली है। इसका असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। अब शेयर बाजार में उत्तर प्रदेश के निवेशक छा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डीमैट अकाउंट का आंकड़ा करीब 12 करोड़ हो चुका है। 23 करोड़ की जनसंख्या वाले राज्य में 12 करोड़ खातों के जरिए शेयर बाजारों में दस्तक देना मामूली बदलाव नहीं है। बीते अप्रैल तक के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में इक्विटी ट्रेंड की वजह से 1.26 लाख नए निवेश जुड़े हैं। दिलचस्प यह है कि यह आंकड़ा शेयर कारोबारियों की राजधानी मुंबई वाले महाराष्ट्र राज्य के मुकाबले ज्यादा हो चुका है। आंकड़ों पर ध्यान दें तो बीते अप्रैल में महाराष्ट्र में जहां 1.18 लाख नए निवेशक ही जुड़े, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा करीब 1.26 लाख रहा। राज्य के बदलते बुनियादी ढांचे और बेहतर होती कानून-व्यवस्था का ही असर कहा जाएगा कि बीती फरवरी में हुए निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कभी इलाहाबाद, आगरा, काशी हिंदू विश्वविद्यालय समेत राज्य के तमाम विश्वविद्यालय अराजकता के पर्याय माने जाते थे। हालांकि इनका गौरवशाली अतीत रहा है। भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में इन विश्वविद्यालयों का सार्थक हस्तक्षेप रहा है। लेकिन राजनीतिक संस्कृति बदलने से बाद के दिनों में उत्तर प्रदेश शैक्षिक रूप से पिछड़ता जा रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का शैक्षिक परिदृश्य बदलने लगा है। स्कूली स्तर पर भी पढ़ाई की रेल पटरी पर आने लगी है। इसका असर इस साल की नीट की परीक्षाओं के नतीजे पर भी दिखा। इस बार इस परीक्षा में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के ही विद्यार्थी कामयाब हुए हैं, जिनकी संख्या करीब 1.39 लाख है, जबकि महाराष्ट्र के 1.31 लाख और राजस्थान के एक लाख से कुछ ही अधिक छात्र सफल रहे।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	एकादशी 21:27 तक
नक्षत्रः	मूल 07:08 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	रविवार
योगः	धनु, 13:21
सूर्योदयः	06:00
सूर्यास्तः	18:44
चंद्रमाः	मकर राशि में
राहुकालः	17:09-18:44
विक्रमी संवत्:	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	श्रावण (शुद्ध)
शुभ मुहूर्तः	11:57-12:48

जन एक्सप्रेस

जाना जन दरबार !

हो रहा प्रयास अब ।
कौन किस पर भारी ?
अपने अपने ढ़ंग से ।
चल रही तैयारी ।।
आ रहा वो समय ।
जाना जन दरबार ।।
जी जान से हैं जुटे ।
दे रहे हैं धार ।।
लांछन और आरोप की ।
बह रही बयार ।।
थोड़ा थोड़ा शुरू हुआ ।
देश पर उपकार ।।
बुद्धिजीवी फ्रंट पर ।
फ़र्ज़ है निभाना ।।
कदमताल अनवरत ।
बज रहा भी गाना ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

चमत्कारिक योग, भारतीय वैदिक योग जनमानस होता निरोग, विश्व गुरु बनने की प्रथम क्रिया तथा प्रतिक्रिया में पहला कदम है वैश्विक योग दिवस, भारत की पहल पर विश्व में मनाया जाएगा वैश्विक योग दिवस। पहले निरोगी काया फिर उस पर योग का साया, पड़ जाए फिर स्वस्थ जीवन की छाया।

योग ने किया सबको निरोगी वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी। स्वस्थ रहेगा तन और मन योग शिक्षा से ही कमा पाएंगे हम पौंड,डॉलर और धन, विश्व के गुरु तो बनेंगे ही देंगे दुनिया को दिशा दर्शन, आओ अपनाएं योग को दूर भगाएं सारे रोग को, योग विद्या है भारत की संपति, अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति, आओ हम सब लोग योग सीखे और सिखाएं इस तरह इस विद्या से निरोगी स्वास्थ धन पाए।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जिस दिन से आपने अपने दर्द को अपना मोटिवेशन बनाना शुरू कर दिया उस दिन आपको सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

चना, बादाम और किशमिश भिगोकर खाने से शरीर को मिलते हैं कई फायदे

चना, बादाम और किशमिश जैसी चीजों को खाने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। रोजाना सुबह के समय इन चीजों का सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है और बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद मिलती है। चने में फाइबर, प्रोटीन, कार्ब्स और कैल्सियम जैसे पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। वहीं किशमिश भी फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम, कॉपर और विटामिन समेत कई पोषक तत्वों का भंडार होता है। इसके अलावा बादाम तो पोषक तत्वों का पॉवर हाउस है। बादाम में विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है। इनका एकसाथ सेवन करने से शरीर को कई समस्याओं में फायदा मिलता है।

चना, बादाम और किशमिश खाने के फायदे: सुबह के समय लोग भीगे चने का सेवन करते हैं। लेकिन अगर इसमें कुछ और चीजें मिला दी जाएं, तो फायदे दोगुने हो जाते हैं। भिगोए चने के साथ किशमिश और बादाम का सेवन करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इन चीजों का सेवन करने से मांसपेशियों, हड्डियों और स्किन के साथ-साथ शरीर के आंतरिक अंगों को भी फायदा मिलता है। शरीर में खून की कमी हो या कमजोरी, इन सभी परेशानियों में चना, बादाम और किशमिश एक साथ खाने से बहुत फायदे मिलते हैं।

एनीमिया में फायदेमंद: रोजाना सुबह के समय भिगोए हुए चने के साथ बादाम और किशमिश का सेवन करने से एनीमिया यानी शरीर में खून की कमी में बहुत फायदा मिलता है। चना, बादाम और किशमिश तीनों में आयरन की पर्याप्त मात्रा होती है। रात में मुट्ठी भर चने के साथ 5-6 बादाम और 10-12 किशमिश को भिगो दें। सुबह इसका सेवन करने से आपको फायदा मिलेगा।

हार्ट के लिए फायदेमंद: दिल से जुड़ी बीमारियां खानपान में गड़बड़ी और असंतुलित जीवनशैली की वजह से होती हैं। नियमित रूप से चना, बादाम और किशमिश खाने से हार्ट को बहुत फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर ठीक रहता है और नसों को फायदा मिलता है। आप रोजाना सुबह के समय भिगोए हुए चना, बादाम और किशमिश का सेवन कर सकते हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल कम करने में मददगार: चना, बादाम और किशमिश तीनों में ही फाइबर की पर्याप्त मात्रा होती है। फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करने से शरीर में जमा बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। बैड कोलेस्ट्रॉल की वजह से हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक जैसी परेशानियों में बहुत फायदा मिलता है।

एक्सप्रेस विशेष

वैश्वीकरण और 21वीं सदी का भारत

धैर्य नारायण झा

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिम्हा राव के काल में प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अच्छी गति में अनवरत चल रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले दिनों अमेरिका के दौरे पर वहां किन-किन व्यापारिक हस्तियों से मिले या स्वदेश लौटने के बाद किनसे मिले हैं, हमें इसका आभास देता है।

पुरातनकाल से भारत का समस्त विश्व के लिए कुटुंब भाव के सामने वैश्वीकरण कोई भिन्न विषय नहीं है। तथापि भारत में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा सर्वदा आदरणीय रही है। वैश्वीकरण के तमाम फायदों के बावजूद इसके अपनाने को लेकर प्रश्नचिह्न लगते आए हैं। अंतर यह कि वसुधैव कुटुंब में परिवार व विनय का भाव है, लेकिन वैश्वीकरण व्यापार और विनिमय की परिधि में घिर जाता है। फिर प्रश्न उठता है कि हम किस सीमा तक वैश्वीकरण से आच्छादित रहें और वैश्वीकरण के प्रवाह में बहें। इस संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात का उदाहरण प्रासंगिक है। यहां लगभग 200 देशों के लोग रहते हैं। वे यहां विश्वभर में आई नई तकनीक, वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, इसके बाद भी वे अपनी मौलिकता, पहनावा और भाषा इत्यादि को अक्षुण्ण बनाकर रखते हैं, यह अनुकरणीय हो सकता है। वैश्वीकरण का पर्याय भौगोलिक सीमाओं से बिना छेड़छाड़ किए अन्य सभी दीवारों को ध्वस्त होना है। अतः इसका प्रभाव हमारे जीवन के हरेक क्षेत्रों में होना स्वाभाविक है। कुछ अच्छे और कुछ बुरे, जो भी हों, यह तय है कि यह हमारी मानसिकता पर निर्भर है कि हम अपने में क्या बदलाव लाते हैं। भारत जैसे देश में

वैश्वीकरण के अगले दौर में योग और प्रिय होगा। अभी योग का प्रसार कहीं न कहीं शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उद्देश्य से ही अभ्यास होता है। हम एक सोपान और चढ़ेंगे। विश्व को योगेश्वर के संदेश व्यवाहारिक लगेंगे। जहां इंद्रियों का शमन व मन का दमन पर जोर दिया गया है। एक ओर विश्व में भौतिकतावाद में ह्रास की शुरुआत होगी तो दूसरी उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद की ओर ट्रांसफारमेशन की शुरुआत होगी।

वैश्वीकरण के घोर निंदक भी इसके आर्थिक लाभ की प्रशंसा ही करेंगे, जो प्रतिवर्ष करोड़ों लोगों को समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जा रहा है। भारत की युवा जनसंख्या, पढ़ने लिखने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि, कंपिटिटिव वेज जहां विकसित देशों से उन्नत तकनीक को अपने यहां आमंत्रित करता है, वहीं इसके विकास और प्रसार के लिए अपना बाजार उसे एक आधार के रूप में भेंट देता है। इससे और अधिक प्रगति होती है तथा उपभोक्ता बाजार और बड़ा होता जाता है। विकसित देशों का स्किल भारत जैसे के विकासशील देशों में स्केल का स्वरूप ले लेता है। भारत का विश्व अर्थव्यवस्था से इंटीग्रेट करने का जो दौर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिम्हा राव के काल में प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अच्छी गति में अनवरत चल रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले दिनों अमेरिका के दौरे पर वहां किन-किन व्यापारिक हस्तियों से मिले या स्वदेश लौटने के बाद किनसे मिले हैं, हमें इसका आभास देता है। परिणाम हमारे सामने है। भारत की आर्थिक दर में निरंतर वृद्धि, विदेशी निवेश में प्रतिवर्ष नया कीर्तमान और भारत का एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उदय होना, इस सबसे संकेत मिलता है कि अल्प समय में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। सकल घरेलू उत्पाद में अगले कुछ वर्षों में सात ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। अगले 25 से 30 वर्षों तक यह क्रम चलता रहेगा। संभव है कि उसके बाद पर्यावरण की चुनौती और प्रबल होगी तथा पूरा विश्व अधिक जोर से एकजुट होगा। सतत विकास एक नारा नहीं बल्कि विवशता होगी। प्रकृति के दोहन को न्यूनतम करने की मांग बढ़ेगी और उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद पर बल दिया जाएगा। 21वीं सदी के उत्तरार्द्ध में अर्थव्यवस्था को ही नहीं पूरी व्यवस्था को मापने के नये मापदंड होंगे। वैश्वीकरण के अगले दौर में योग और प्रिय होगा। अभी योग का प्रसार कहीं न कहीं शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उद्देश्य से ही अभ्यास होता है। हम एक सोपान और चढ़ेंगे। विश्व को योगेश्वर के संदेश व्यवाहारिक लगेंगे। जहां इंद्रियों का शमन व मन का दमन पर जोर दिया गया है। एक ओर विश्व में भौतिकतावाद में ह्रास की शुरुआत होगी तो दूसरी उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद की ओर ट्रांसफारमेशन की शुरुआत होगी। शाकाहारिता प्रबल होगी, उसके महत्व को लोग समझेंगे। सबसे बड़े गोमांस निर्यात देशों में से एक ब्राजील में शाकाहारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शाकाहारिता का यह संदेश, जो भारत में पुरातनकाल से विद्यमान है, फिर से जोर पकड़ेगा। अपनी मौलिकता, जिसमें अपनी संस्कृति व भाषा की रक्षा है, का महत्व फिर बढ़ेगा। पाश्चात्य जीवनशैली का अंधाधुंध अनुकरण करने के बाद हम इस दौर में अपनी ओर फिर लौटेंगे। संयम, जो हमारी जीवनशैली का सिद्धांत रहा है, हम उसे निर्धनता का प्रतीक नहीं अब मानेंगे। विनिमय में कमी हो सकती है, लेकिन विनयभाव में बढ़ोतरी होगी। भारत पुनः वहीं पहुंच जाएगा, जहां से वह चला था। शाश्वत, निरंतर।

परिवार की नींव नारी है, परिवार को नारी ही दिशा दिखाती: डॉ. शुचिता चतुर्वेदी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। नारी शक्ति जागरण मंच के द्वारा मातृ शक्ति सम्मेलन का डॉ0. शुचिता चतुर्वेदी सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रान्त संयोजिका मातृ शक्ति सम्मेलन, अवध प्रान्त मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उद्देश्य आधी आबादी की सहभागिता समाज और राष्ट्र के लिए हो. प्रत्येक महिला समाज राष्ट्र,परिवार और स्वयं का चिन्तन भारतीय दृष्टि कोण से कैसे कर सकती हैं।समाज के सभी प्रश्नों समस्याओं में उनके निर्णय को स्वीकृति प्राप्त हो, के भाव को चरितार्थ करने के लिए सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है।सम्पूर्ण अवध प्रान्त के सातों विभागों में विभिन्न तिथियों में नारी शक्ति जागरण मंच के द्वारा मातृ शक्ति सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। शहर, नगर, बस्ती, गांव, वनांचल सभी स्तर पर महिलाओं की स्थिति, उनके प्रश्न और समाधान में प्रयास की आवश्यकता है। उन तक पहुँचने की आवश्यकता है तथा समाजिक संगठनों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राष्ट्र को समर्थ बनाना है तो प्रत्येक क्षेत्रों में महिलाओं में मान सम्मान,सुरक्षा,सहयोग सहायतार्थ के लिए व्यापक दृष्टि कोण रखना होगा।उनके प्रति उदासीनता या उनका उदासीन होना दोनों ही समाज की प्रगति में बाधक होंगे। प्रत्येक सम्मेलन तीन सत्रों में होगा।प्रथम सत्र - भारतीय चिन्तन में महिला,द्वितीय सत्र चर्चा सत्र और तृतीय सत्र- भारत के विकास में महिला का योगदान रहेगा। भारतीय चिन्तन में महिला-जीवन दर्शन,आदर्श मूल्य और व्यवहार पर आधारित है। महिला समाज का निखरता ताना बाना पुनः एक बार शक्ति लगाकर व्यवस्थित करना होगा। चर्चा सत्र - चर्चा समूहों में महिला में (स्थानीय) प्रश्न क्या है? समस्यायें क्या हैं? उनके प्रश्नों का समाधान होना सुनिश्चित हुआ है। भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के अंतर्गत भारत का विकास परिवार व्यवस्था पर आधारित है इस व्यवस्था की धुरी महिला है।महिलाओं को जब जब अवसर दिया गया तब तब उसने अपना योगदान सुनिश्चित किया है सुजन-शक्ति स्वरूपा नारी यदि किसी परिवार का पुत्र-पुत्री किसी सामाजिक बुराई में पड़ जाए तो यही कहा जाता है। किना ने बच्चों पर ध्यान नहीं दिया होगा। किसी परिवार का पुरुष यदि कोई अवाचनीय कृत्य करे तो भी यही कहा जाता है कि घर की नारों, पत्नी हो या माँ ने उसे बांधकर नहीं रखा।यह बात निर्विवाद रूप से सत्य है कि सांस्कृतिक परम्परा और प्रगति के लिए भी समाज नारियों की और हो देखता है। जननी के रूप में इसका स्थान सदा से हो ऊंचा रहा है। देवी स्वरूपा सदा से ही उस समय अपनी सकियों का प्रयोग करती रही है जब धर्म और मानवता खतरे में पड़ी। मध्यकाल में अनेक विदेशी आक्रांताओं के कारण नारियों को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उसकी सामाजिक स्थिति का भी पतन हुआ। पर्दा प्रथा, बाल-विवाह सती प्रथा, कष्टदायक विधवापन, इन सभी कारणों के साथ ही अशिक्षा का दंश झेलती नारी ने स्वतंत्र भारत में प्रवेश किया। स्वतंत्र भारत के संविधान में समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा आदि के अधिकार सभी नागरिकों को दिए गये, परंतु जारी अपनी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान को स्वतंत्र रूप से अभी भी खोज रही थी। परिवार समाज और देश का गौरव है मारी। अब उसे अपनी परंपरा और धर्म को फिर से पहचान कर अपना खोया हुआ अस्तिल पाना है।नारी शक्ति जागरण का के माध्यम से हम अपनी संस्कृति, धर्म, आस्था, अवचेतन और राष्ट्र के लिए हमेशा से नींद की भूमिका निभाती नारी को समाज के सम्मुख उसके वास्तविक रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे। जारियाँ अपनी शक्ति और प्रेम के माध्यम से परिवारों, समाज और राष्ट्र का सम्मानपूर्वक निर्माण कर अपना अमूल्य योगदान दें। आधुनिकता का वास्तविक अर्थ संगठन है, विघटन नहीं। पारिवारिक व सामाजिक समरसता की सुदृढ़ता से स्थापना हम नारियों द्वारा ही होती आई है और आगे भी होती रहे यही इस मंच का उद्देश्य है। इस मौके पर आनंद, संजीव शुक्ला, डाक्टर अंशू, डाक्टर शुचिता चतुर्वेदी, सीमा साहनी, नीरज, आदि की सराहनीय उपस्थित रहीं।

सिंगाही मंडल वोटर चेतना महा अभियान को लेकर बेलराया चीनी मिल के गेस्ट हाउस में हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । शिव शंकर जायसवाल

निघासन खीरी। भाजपा सिंगाही मंडल के शक्ति केंद्र बेलरायां मे भाजपा संगठन के आदेशानुसार वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत सिंगाही मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बेलरायां चीनी मिल गेस्ट हॉउस मे सभी पदाधिकारी की बैठक की गईं बैठक के मुख्य अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष लखीमपुर खीरी के लोकप्रिय जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष बूथ, अध्यक्ष पन्ना प्रमुख देवतुल्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता सूची पर जोर कैसे दिया जाए इस पर विचार विमर्श करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने सभी मंडल के पदधिकारी को हर बूथ पर जाकर मतदाता सूची में नए वोटरों का नाम कैसे दर्ज कराना है इस को लेकर सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष बूथ, अध्यक्ष पन्ना प्रमुख देवतुल्य कार्यकर्तासाथी कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए मतदाता सूची में नए वोटरों के कैसे नाम दर्ज कराया जाए इस पर विचार विमर्श करते हुए दिशा निर्देश दिए, इस मौके पर ,जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमन अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा, भाजपा सिंगाही मंडल उपाध्यक्ष बेलरायां दीपक सोनी, सिंगाही मंडल उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष ध्रुव वर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बेलरायां मुकुल गुप्ता, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राम विनोद वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, सोनू अग्रवाल, किसन महावर, कमलेश निषाद, डा पोरुष गुप्ता, राम स्वरुप गुप्ता, जावेद जाफरी, सुशील तिर्वेदी, संदीप गुप्ता, महामंत्री ओम प्रकाश मौर्य, मंडल कार्यसीमिति सदस्य मोहित चौहान, उदयभान गुप्ता, ध्रुव अर्कवंशी प्रफूल सोनी, संदीप पाल, उत्तम कुमार, सुभाष अवस्थी, बूथ अध्यक्ष अंकुर भार्गव, मेथी राज, रमेश कश्यप, भाजपा नेता चंद्रप्रकाश वर्मा, पंकज मौर्या, कंचन वर्मा, भाजपा कार्यकर्ता रामखिलावन, मंडल मंत्री सरवन वर्मा, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्त्ता वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहें।

फास्ट फॉरवर्ड

बाथम वैश्य महिला सभा ने मनाया सावन महोत्सव

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। बाथम वैश्य महिला सभा गोला ने प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी 24 अगस्त को सावन महोत्सव कृष्णवाटिका के प्रांगण मे मनाया। इस अवसर पर बाथम वैश्य की महिला महासभा की अध्यक्षा सुधा गुप्ता उनकी कार्यकारणी की मंत्री रत्ना गुप्ता, कोषाध्याछ, अंजलि गुप्ता, के नेतृत्व मे मारो हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में भारी संख्या मे महिलाओ और छोटे बच्चों ने भाग लिया ।सभा की अध्यक्षता नगर की पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल द्वारा किया गया ।कार्यक्रम मे हमेशा की भाति तीज क्वीन का चुनाव हुआ जिसमे ये ख़िताब आकांक्षा गुप्ता के नाम गया। सिंगिंग प्रतियोगिता मे रश्मि गुप्ता व सरिता गुप्ता ने क्रमशः प्रथम वा द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अनु श्री गुप्ता ने बेहतर डांस प्रस्तुत कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। ग्रुप डांस मे प्रीति लोहिया, मिताली गुप्ता, दीपिका गुप्ता अंशिका गुप्ता, रेमी गुप्ता बरखा गुप्ता ने आभा बिखेरी। मोहिनी, निखिल गुप्ता द्वारा चंद्रयान -3 के सफल परीछण पे अपनी कविता पेश की। कार्यक्रम का संचालन दीपिका गुप्ता द्वारा किया गया। बाथम वैश्य सभा की अध्यक्षा सुधा गुप्ता द्वारा सबको धन्यवाद ज्ञापित करके सभा की समाप्ति की गई।

छात्राओं ने फायर स्टेशन प्रभारी राधेश्याम पाल से लिया अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस/रिजवान खान। पलिया कलां खीरी। जिला पंचायत इंटर विद्यालय में फायर स्टेशन प्रभारी राधेश्याम पाल व उनकी टीम ने जाकर विद्यालय की छात्राओं को आग से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी दी। आग लगने पर फायर उपकरण का किस तरह से उपयोग किया जाता है। इसकी जानकारी दी। जहाँ उन्होंने छात्राओं को आग लगने के दौरान किसी इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने के तरीके बताए और कहा कि आग लगने की दशा में घबराना समस्या का समाधान नहीं है इसके लिए पूर्व मनोबल के साथ आज की स्थिति में निपटने के उपाय करने का ध्यान देना चाहिए साथ ही संबंधित फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना देनी चाहिए। इस दौरान कुछ छात्राओं ने अग्निशमन से संबंधित प्रश्न भी पूछे जिनका उन्होंने संतुष्टि पूर्ण जवाब देकर उनकी शंकाओं को दूर किया।

ट्रैक्टर बेचकर उसे खींच ले जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव बक्खारी मैं ट्रैक्टर बेचने के बाद उसे फिर खींच ले जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी, धमकी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बक्खारी निवासी मेवालाल का कहना है कि उसने गांव के ही रामकिशुन से एक लाख उनतीस हजार रुपए में पुराना ट्रैक्टर और डनलप खरीदा था। जिसके लिए उसने 75 हजार रुपए नगद दिए और 54 हजार रुपए बाद में देकर आरसी लेने की बात कही थी। ट्रैक्टर लेने के कई दिन बाद जब वह बाकी 54 हजार रुपए लेकर ट्रैक्टर की आरसी लेने गया तो रामकिशुन ने उसके नाम आरसी का ट्रांसफर हो जाने के बाद आरसी देने की बात कही। उनका कहना है कि उसी शाम रामकिशुन, धर्मेंद्र, शैलेंद्र और उर्मिला उसके यहां आए और मारपीट कर जबरदस्ती ट्रैक्टर ले गए। तब उसने एसडीएम से लेकर कोतवाली पुलिस से शिकायत की पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तब विवश होकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पत्रकार मामले में साथ आई आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

* चौथे स्तंभ पर प्रहार करने वाले दोषियों पर जांच कराने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । असलम अंसारी

लखीमपुर खीरी। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश वर्मा के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारीयो के साथ जिला अधिकारी के माध्यम से माननीय राजपाल को ज्ञापन सौंपा और यह मांग की गई कि फर्जी मुकदमा लगाने वाले अधिकारियों पर शक्त से शक्त कार्रवाई हो अन्यथा आम आदमी पार्टी द्वारा बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया जा सकता है।देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार के साथ अन्याय नहीं सहा जाएगा क्योंकि देश में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए पत्रकार ही है जो जनता तक हर सच्चाई को बताने के लिए तैयार रहते हैं पत्रकारों पर हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पलिया में प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकों के कबाड़ में पड़े होने का वीडियो बनाने वाले पत्रकार पर मुकदमा लिखे जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन कर आम आदमी पार्टी ने जिला अधिकारी के माध्यम मांग की गई की पुस्तकों का वीडियो बनाने वाले पत्रकार को अपमानित करने में जिन अधिकारी कर्मचारी की संलिप्तता है।उनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए आज लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो देश में अधिकारी नेताओं की मनमानी एवं भ्रष्टाचार को जागृत करने का काम कर रहा है एवं जनता के हितों की रक्षा के लिए खड़ा रहता है।आम आदमी पार्टी लखीमपुर यह मांग करती है कि उन अधिकारियों कर्मचारियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए जिन्होंने जनता के पैसे को बर्बाद किया एवं उनकी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले पत्रकार को प्रताड़ित किया गया तत्काल फर्जी मुकदमा वापस लिए जाएं अन्यथा आम आदमी पार्टी का आक्रोश और बढ़ेगा और इससे बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

अभियुक्त को पांच साल की सजा 6 हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस/ अमीरनगर खीरी। अमीरनगर खीरी आपरेशन कनविक्शन अभियान के दृष्टिगत थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र छविनाथ ग्राम सरैया विलियम के द्वारा वर्ष 2011 में उपरोक्त अभियुक्त के घर पर दबिश के दौरान थाना मोहम्मदी पुलिस टीम पर फायर किया था जिसमें आरक्षी रामकुमार को गोली लगी थी जिसमें मुकदमा पंजीकृत कर थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में दिनांक 25.08.2023 को माननीय अपर जिला एंव सत्र न्यायालय मोहम्मदी जनपद खीरी द्वारा हत्या करने के प्रयास से संबंधित अभियोग में 01 अभियुक्त को दण्डित किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है। मु0अ0सं0 668 / 2011 धारा 307/504 भादवि थाना मोहम्मदी खीरी से सम्बन्धित अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र छविनाथ निवासी ग्राम सरैया विलियम थाना मोहम्मदी जनपद खीरी क माननीय अपर जिला एंव सत्र न्यायालय मोहम्मदी जनपद खीरी द्वारा 05 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 06 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

तमिलनाडु के मदुरै में हुए रेल हादसे में सीतापुर के दो यात्रियों की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के प्राइवेट कोच में लगी आग हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में उत्तर प्रदेश के सीतापुर के दो लोगों की मौत हो गई। अन्य लोग घायल है। जिस ट्रैवेलस एजेंसी ने यात्रियों की बुंकिग की थी उसके कर्मचारी भी मौजूद थे।

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, भसीन टूर एण्ड ट्रैवल्स एजेंसी ने चार धाम यात्रा के लिए सीतापुर और लखीमपुर के कई यात्रियों की टिकट बुक की थी। सभी यात्रा पर थे। 26 अगस्त की सुबह मदुरै यार्ड जंक्शन के पास पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस आग लग गई। इस हादसे में अभी तक 10 लोगों की मौत हो गई है। इनमें जो दो लोगों की पहचान हुई है सीतापुर के आदर्शनगर निवासी मिथिलेश कुमारी (62), शत्रुदमन सिंह (65) के रूप में हुई है। इनके साथ ही आदर्शनगर के आठ अन्य लोग झुलसे हुए है जो वहां के आसपास अस्पतालों में भर्ती बताए जा रहे हैं। ट्रैवेलस एजेंसी कर्मी भी इस हादसे का शिकार हुए हैं। वह इन यात्रियों को तीर्थयात्रा पर ले जा रहा था। इसके अलावा लखीमपुर के भी कुछ यात्री है। मिथिलेश के दमाद ने बताया कि उनकी सास मिथिलेश (50) रामेश्वरम के दर्शन के लिए काफी उत्साहित थी। उनकी मौत की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। हादसे में मिथिलेश के पति शिव प्रताप घायल हैं। इसी तरह शत्रुदमन की पत्नी भी घायल हैं। दोनों का इलाज चल रहा है। जिले की नीरज मिश्रा व उनकी पत्नी सरोजनी गंभीर रूप से घायल हैं। शिवप्रताप की साली सुशीला सिंह भी गंभीर घायल हैं।

खाद्य परीक्षण अधिकारी की अनुपस्थित होने से व्यापारियों का धंधा चौपट

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

गौरी फंटा पड़ोसी मुल्क नेपाल सीमा पर स्थित खाद्य परीक्षण विभाग में लगभग दो सप्ताह से खाद्य परीक्षण अधिकारी का पद रिक्त चल रहा है जिसके फलस्वरुप गौरी फंटा बॉर्डर से निर्यात होने वाली खाद्यान्न सामग्री आलू प्याज, टमाटर, सेव, अनार, गेहूं चावल मक्का सहित अन्य माल का धंधा चौपट हो गया है। काफी समय से रिक्त चल रहे पद पर किसी अन्य अधिकारी की तैनाती न होने के कारण भारतीय एवम नेपाली व्यापारियों में आक्रोश है। पलिया मंडी के थोक व्यापारियों ने बताया कि आज से लगभग दो सप्ताह पूर्व खाद्य परीक्षण अधिकारी विभागीय ट्रेनिंग हेतु विदेश गए थे जिनकी अभी तक न ही वापसी हुई है और न ही नेपाल सरकार ने किसी अन्य अधिकारी की तैनाती की है जिसके चलते गौरी फंटा बॉर्डर से निर्यात होने वाली खाद्य सामग्री पूर्णता बंद है। नेपाल के व्यापारी द्वारा माल आर्दर करने पर अगर हम लोग नेपाल गंज बॉर्डर से माल भेजते हैं तो चार गुना अधिक भाड़ा देना पड़ता है और प्रचंड गर्मी के कारण कच्चे माल के सड़ने की प्रबल संभावना बनी रहती है। अधिक दूरी तथा एक्स्ट्रा खर्च होने के कारण व्यापार में महंगाई आ जाने से धंधे को प्रभावित कर रहा है।

उप जिलाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के संग बैठक

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

मोहम्मदी खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मोहम्मदी उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि एक जनवरी 2024 के पुनरीक्षण के संबंध में 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची में पुनरीक्षण कार्यक्रम चला। इसी क्रम में 11 सितंबर 2023 तक जो मतदाता 31 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के पूर्ण हो रहे हैं ,वह फॉर्म 6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में बढ़ावा सकते हैं, या जो छात्र-छात्राएं हैं वह ऑनलाइन फॉर्म भी 11 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं। परिवार में किसी की मृत्यु हो गई है तो विलोपन के लिए फॉर्म 7 और किसी के नाम में कोई त्रुटि है तो फॉर्म 8 के माध्यम से संशोधन का भी प्रावधान है। 6 बी फार्म के अनुसार आधार कार्ड और वोटर लिस्ट में जोडने, लिंक करने का प्रावधान है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि .बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मोहम्मदी डिग्री कॉलेज और कृष्णा डिग्री कॉलेज में एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें छात्र और छात्राओं को मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके को जागरूक किया जाएगा तथा उप जिला अधिकारी ने बताया की मत देय स्थल का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। बैठक में तहसील के बीआरसी पुनीत अवस्थी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बलराम, रविकांत शुक्ला, बसपा से शिवकुमार गौतम, प्रमोद अग्रवंशी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने वोटर चेतना महा अभियान के तहत की बैठक

जन एक्सप्रेस । अवधेश पाण्डेय

तिकुनियां खीरी। भाजपाइयों ने वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत गठित की महा सभा..... तहसील निघासन के अंतर्गत बेलरायां क्षेत्र में जागरूक पदाधिकारिओं के समक्ष रखी गई सभा द्य भाजपा सिंगाही मंडल के शक्ति केंद्र बेलरायां मे भाजपा संगठन के आदेशानुसार वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत बेलरायां चीनी मिल गेस्ट हॉउस मे सभी पदाधिकारी की बैठक आहूत की गईं बैठक मे मुख्य अथिति भाजपा जिलाध्यक्ष लखीमपुर खीरी सुनील सिंह व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमन अवस्थी जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण वर्मा भाजपा सिंगाही मंडल उपाध्याय बेलरायां दीपक सोनी किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष ध्रुव वर्मा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बेलरायां मुकुल गुप्ता ओ बी सी मोर्चा महामंत्री राम विनोद वर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता सोनू अग्रवाल किसन महावर कमलेश निषाद डा पोरुष गुप्ता राम स्वरुप गुप्ता जावेद जाफरी सुशील तिर्वेदी संदीप गुप्ता महामंत्री ओम प्रकाश मौर्य मंडल कार्यसीमिति सदस्य मोहित चौहान उदयभान गुप्ता धुरु अर्कवंशी प्रफूल सोनी संदीप पाल सुभाष अवस्थी बूथ अध्यक्ष अंकुर भार्गव मेथी राज रमेश कश्यप चंद्रप्रकाश वर्मा पंकज मौर्या व सैकड़ो भाजपा कार्यकर्त्ता वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहें।

12 दिन से नाबालिग का नहीं चला पता परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। बरेली से कावड़ लेकर आए समूह के साथ गोला आया एक किशोर लापता हो गया जिसका अब तक पता नहीं चला है। किशोर के पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जगह-जगह पर्चे चश्पा कराए हैं। जिला बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव बसावनपुर निवासी रामगोपाल पुत्र मंगली का कहना है कि वह 12 दिन पहले 14 अगस्त को अपने ग्रुप के साथ भोले भंडारी की पूजा अर्चना के लिए कावड़ लेकर आए थे। जब मंदिर पहुंच गए तो दिन के 12:30 बजे उनका बेटा अतुल (16) लापता हो गया। उन्होंने और पूरे समूह ने उसकी काफी खोजबीन की, पर कुछ पता नहीं चला। सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने किशोर की तलाश के लिए कई जगह पर्चे चश्पा कराए हैं।

डीपीएस सीतापुर में मूल्यांकन एवं मूल्यांकन प्रथाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर में सीबीएसई द्वारा शिक्षकों के लिए दो दिवसीय शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का समापन समारोह मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर की हेड मिस्ट्रेस फरह इमाम ने किया। इस कार्यशाला का विषय मूल्यांकन एवं मूल्यांकन प्रथाओं का को सुदृढ़ बनाना था। इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य व्याख्याताओं ए. पी. एस. एकेडमी लखनऊ की प्रधानाचार्या श्रीमती हेमा कलाकोटि जी तथा बी.पी.एस स्कूल लखीमपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम अवस्थी जी थी। जिन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नीतियों से शिक्षकों को जागरूक किया । इस कार्यशाला में जनपद सीतापुर तथा लखीमपुर के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के 48 शिक्षकों ने भाग लिया एंव इस कार्यशाला का लाभ उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राकेश सिंह ने कहा कि सीबीएसई के द्वारा आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाओं से सीखकर शिक्षक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के द्वारा छात्रों का सर्वांगिण विकास करने में सक्षम होंगे। अंत में हेड मिस्ट्रेस जूनियर विंग श्रीमती सविता सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनपद में ड्राप आउट की समस्या न हो: अंजू बाला

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति श्रीमती अंजू बाला ने जनपद में अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या, प्रधानमंत्री आवास योजना, अनुसूचित जाति के विकास से संबंधित योजना (मुद्रा लोन, स्टार्टअप, स्टैंड अप, प्रतिस्थापित हैंडपंप, अनुसूचित जाति छात्रावास, पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, भूआवंटन, कृषि योग्य भूमि एवं आबादी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आवासीय एवं कृषि भूमिका विनियमितीकरण, मनरेगा, जनधन योजना, शिक्षा ऋण, सेंट्रल सेक्टर स्कीम, स्टेट सेक्टर स्कीम) आदि की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान सदस्य महोदया ने बेसिक स्कूलों में बच्चों की कम होती संख्या में सुधार किये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही की बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। ड्राप आउट बच्चों की संख्या को लेकर सदस्य महोदया ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि अगर हमे ऐसे ही डेटा मिलेंगे तो कमीशन कैसे संतुष्ट होगा। जिलाधिकारी ने सदस्य महोदया को अवगत कराया कि हमारे जनपद व प्रदेश में ज्यादातर बच्चे बेसिक में दाखिल पाये गये थे, परंतु जब बच्चों को आधार से लिंक किया गया तो मानक से भिन्न बच्चे दाखिले से बाहर हो गए। हमारे जनपद में ड्राप आउट की समस्या नही है। एस0सी0,एस0टी0 के केसों की समीक्षा के दौरान अभी तक हुई कार्यवाहियों की पुलिस अधीक्षक से जानकारी करते हुये कार्यवाहियां एवं विवेचना को समय से करने के निर्देश दिये। 156(3)के केसों की भी समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि पीड़ित की बात व समस्या सुनी जाये व वास्तविकता से अवगत होकर उनका मुकदमा पंजीकृत कराया जाये ताकि उन्हें न्यायालय से 156(3) हेतु न जाना पड़े। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि संवेदनशील घटनाओं की स्थिति में स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए तथा हाल ही में हुई घटना की विधिवत जांच कर दोषी को सजा अवश्य दिलाये। अपराधों पर नियंत्रण रखा जाये तथा प्रदेश की स्वच्छ छवि बनायी रखी जाये। अपराधियों पर अंकुश रखा जाये। अपराधी कोई भी हो, किसी भी दल का हो, यदि अपराध करता है तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि किसी को भी बेवजह न फसाया जाये। स्थलीय निरीक्षण कर एक सप्ताह में दोषियों को चिन्हित कर कठोर कार्यवाही की जाये। दोषी किसी भी दल का हो, उसे चिन्हित कर उसके कृत्यों की सजा उसे अवश्य मिलनी चाहिये। यदि इस बच्ची के केस में कोई हस्तक्षेप करने आयेगा तो बच्चियों के भविष्य के साथ क्या होगा। अतः इस मामले को गंभीरता से लेकर न्यायहित योग्य कार्यवाही की जाये।

थाना दिवस में 12 मामले प्रस्तुत, 5 शिकायतों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली में तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में 12 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिसमें 5 मामलों को मौके पर निस्तारित किया गया। कोतवाली के समाधान दिवस में देवकली निवासी राम औतार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कराया कि मेरे खेत में पड़ोसी अवैध कब्जा कर रहे हैं।

वहीं मुहल्ला मिर्जामंडी राम आदर्श मेहरोत्रा ने बताया कि सरकारी रास्ते में पड़ोसियो ने सीढ़िया बनबा ली है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। पंकज कुमार निवासी हरीगंज ने शिकायत की है कि सरकारी जमीन में दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे है। जिसे खाली कराया जाए। सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम सरसेला ने शिकायत की है कि कई पशुपालक अपने जानवरों को खुला छोड़कर फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह राठौर ने बताया कि मामलों को निपटाने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर पालिका के कर्मचारियों की अलग-अलग टीमों को मौके पर भेजा गया है।

*** सरकारी जमीन में दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिसे खाली कराया जाए**

उन्होंने बताया कि मामलों को गुणवत्ता पूर्वक निपटाया जाएगा। बताया कि समाधान दिवस में 12 मामले प्रस्तुत किए गए हैं। जिनमें 5 को मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, चेतराम बुंदेला, लेखपाल सदर जितेन्द्र कुमार यादव, प्रमोद द्विवेदी समेत जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहे।

मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/कदौरा। थाना क्षेत्र ग्राम सजेहरा में मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कदौरा थाना क्षेत्र ग्राम सजेहरा निवासी मजदूर वीरपाल 40 वर्ष का परिवार रोज की तरह खाना खाकर सो गया था। तभी शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते उसने घर में साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह जब परिवार के लोगों ने शव को फांसी के फंदे पर लटके देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के भाई वीर बहादुर ने बताया कि उसका भाई वीरपाल आर्थिक तंगी का शिकार था। जिस वजह से वह तनाव में रहता था।

विद्युत व राजस्व टीम ने लाखों के रिकवरी वाले 15 बकायेदारों की काटी बिजली

जन एक्सप्रेस। कालपी

तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह व विद्युत विभाग उपखंड अधिकारी आदर्श राज की मौजूदगी में नगर के कई मुहल्लों में रिकवरी वाले बड़े बकायदारो के कनेक्शन काटने का अभियान चलाया गया। इस दौरान बिभागीय टीम ने एक लाख रुपये के ऊपर के 15 बकायेदारों के संयोजन काटने की कार्यवाही की। साथ ही संयुक्त टीम ने रिकवरी वाले तीन लोगों को पकड़ लिया।जिला प्रशासन के निर्देश पर उपखंड अधिकारी आदर्श राज की मौजूदगी में राजस्व वसूली करने के लिए राजस्व, विद्युत विभाग के द्वारा अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम ने सबसे अधिक बकायेदारों वाले मुहल्लो को राडार में लिया तथा

चेकिंग शुरू की। टीम ने इंदिरानगर, महमूदपुरा, रावगंज, लंका मीनार वाले इलाकों के मुहल्लो में सघन चैकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों के कनेक्शन काट कर बिजली गुल कर दी। उन्होंने बताया कि 22 बड़े बकायदारों को चिन्हित किया गया है, जो कर्मचारियों के साथ हस्तक्षेप करते रहते थे। एसडीओ ने बताया कि संयोजन कटे होने के बावजूद अगर बकायेदारों के द्वारा बिजली का उपयोग किया जाता है। तो ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर अवर अभियंता अशोक कुमार, दिलीप कुमार कैलाश बाबू, रिंकू पोरवाल, भूपेंद्र सिंह, फहमीद, अजय कुमार निगम, इसरार खान, विमल, लल्लन आदि कर्मचारी जुटे रहे।

सीओ ने कोतवाली में दोनों पक्षों में कराया समझौता

मिशन स्कूल आए अधिवक्ता के साथ एक संगठन के लोगों ने की खींचा तानी, पुलिस रही मौजूद

जन एक्सप्रेस। उरई

जिला परिषद स्थित मिशन स्कूल किसी काम से गए अधिवक्ता पर एक संगठन के लोगों ने गम्भीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ता की खींचा तानी कर, पुलिस के सामने हंगामा काटना शुरु कर दिया। बाद में क्षेत्राधिकारी ने किसी तरह समझाकर मामला शांत कराया। वही दोनों पक्ष के लोगों को कोतवाली बुलाया गया। जहां पर दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया। शहर के जिला परिषद स्थित मिशन स्कूल की बेशकीमती जमीन को लेकर पिछले कई सालों से कई पक्षों

में विवाद चल रहा है। जिसके एक पक्ष के अधिवक्ता शनिवार दोपहर को किसी काम के चलते मिशन स्कूल परिसर में गए हुए थे। तभी वहां पर एक संगठन के सदस्य पहुंच गए और अधिवक्ता पर गंभीर आरोप लगाकर खींचा तानी शुरू कर दी और वहां हंगामा करने लगे। बवाल के समय पुलिस भी मौजूद रही। बाद में सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने किसी तरह अधिवक्ता को वहां से निकालकर पुलिस की गाड़ी में बैठाकर कोतवाली भेजा। इस दौरान संगठन के लोगों ने वहां हंगामा काटना शुरू कर दिया।

इसके कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों के लोग कोतवाली आ गए। जहां सीओ सिटी की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया। सीओ सिटी गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि काफी समय से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। जिसे लेकर शनिवार दोपहर को भी विवाद की स्थिति बनी पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मामले को रफा दफा कर दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया जहां उन्होंने आपस में समझौता कर लिया।

50 लीटर कच्ची शराब संग तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर 50 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उप निरीक्षक अभिलाख सिंह अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में लगे हुए थे। इस दौरान मुखबिर द्वारा उन्हें तस्करों द्वारा धड़ल्ले से बेची जा रही अवैध कच्ची शराब की सूचना मिली। तभी उपनिरीक्षक ने टीम सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी और घेराबंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से करीब 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पकड़े गए आरोपियों से पूंछतांछ कर कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र ही करें निस्तारण: ईरज राजा

जन एक्सप्रेस। उरई

थाना समाधान दिवस पर एसपी व तहसीलदार ने कोतवाली सदर में पहुंचकर जन सुनवाई की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक व तहसीलदार द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने शनिवार को थाना दिवस में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

इतना ही नहीं बल्कि मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायत का समाधान

किया जाये। एसपी द्वारा थाना समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। थाना दिवस के दौरान संबंधित को निर्देशित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि ग्रामों में चौपाल व गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुना जाए और जिनका निस्तारण तत्काल किया जाए। इस दौरान कोतवाल जितेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ एसएसआई रणवीर सिंह, एसएसआई आरिफ खान, एसएसआई राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ की बैठक, दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस। कालपी

एसडीएम केके सिंह ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन की उपस्थिति में कालपी क्षेत्र के सभी संचालित गैस एजेंसियों के संचालको व मैनेजरों के साथ बैठक की। बैठक में अवशेष उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों के ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई यथा शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

एसडीएम ने कहा कि सभी एजेंसी संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाए रखें। उपभोक्ताओं को सही वजन के सिलेंडर उपलब्ध कराएं। कहा कि विभाग तथा शासन के सभी मानकों का एजेंसी परिसर में

पालन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कालपी गैस एजेंसी का संचालक विशाल सिंह सेगर, मनिक इंडियन गैस महेवा, नरेंद्र चौहान चुर्खी, ओम साई गैस सर्विस आटा, राजीव गांधी ग्रामीण गैस वितरक इटोरा गुरु परासन, निहारिका इंडियन गैस सर्विस इमलिया, हीरालाल इंडियन गैस कदौरा के संचालक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने पर्यावरण प्रेमी का किया जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस। रामनगर-बाराबंकी

जनपद के पहले ऐसे पर्यावरण प्रेमी जिनको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया है। शनिवार को तहसील रामनगर के अधिवक्ताओं ने पर्यावरण प्रेमी मनोज शुक्ला का फूल माला पहनाकर जोर खरोश से ऐतिहासिक स्वागत किया। यह ऐसा पहला मौका था जब कोई पर्यावरण प्रेमी तहसील स्तर पर अधिवक्ताओं द्वारा इस तरह से सम्मानित किया जा रहा था। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल दिक्षित, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता सतीश शुक्ला, पूर्व महामंत्री अधिवक्ता सूर्य प्रकाश अवस्थी, पूर्व महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा, पूर्व महामंत्री अधिवक्ता राम कुमार सोनी, सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि अधिवक्ता कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

पायल देकर प्रभारी निरीक्षक लाये महिला के चेहरे पर मुस्कान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिलाधिकारी अविनाश कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार स्प्रिंग की संयुक्त अध्यक्षता में शहर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस संपूर्ण हुआ। इस दौरान उच्चाधिकारियों के सामने शिकायती पत्र पहुंचे।

जिनके जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिए गए। वहीं समस्त थानों में आयोजित हुए समाधान दिवस में 116 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 63 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिए गए।

शहर कोतवाली में सुनवाई के दौरान एक अजीबोगरीब नजारा हुआ। यहां एक विधवा महिला पुष्पलता यूपी दोनों हाथों से अपंग थी। उसने जन

सुनवाई के दौरान प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली संजय मौर्य से पहुंचकर अपनी पुत्री की शादी के लिए चांदी की पायल मांग बैठी। जिस पर उस महिला की लाचारी देख तत्काल प्रभारी निरीक्षक ने अपने पैसे से तत्काल चांदी की पायल मंगा कर महिला को दे दी। पायल पाकर महिला ने प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का आभार प्रकट किया है। और कहा है कि ऐसे कार्य लोगों को करते रहना चाहिए।

डॉक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस। उरई

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिनोरा निवासी कृष्ण कुमार पुत्र प्रेम नारायण ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कालपी रोड स्थित उर्मिला अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर विवेक निरंजन पुत्र अज्ञात ने उसके बेटे शिवम का गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया और रुपए हड़प लिए। जब उसने अपने रुपए मांगे तो उक्त डॉक्टर ने उनसे गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके चलते कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की बात की है।

फास्ट फॉरवर्ड

सीडीओ ने वितरित की बंदियों को स्टडी मैटेरियल किट

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। जिला कारागार में बंदियों के पुनर्वास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिए जा रहे है। ताकि बंदी बाहर निकल कर दोबारा ऐसा कृत्य ना करें कि उन्हें फिर जेल में आना पड़े। इस प्रशिक्षण में 108 रजिस्टर्ड बंदियों को इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह ने प्रशिक्षण में बंदियों को स्टडी मटेरियल किट प्रदान की। साथ ही निर्देश दिए कि महिला बंदियों के लिए भी कौशल विकास के कार्यक्रम संचालित किए जाएं। इस दौरान जेल अधीक्षक कुंदन कुमार ने बंदियों को प्रशिक्षण के विषय व उसके महत्व के बारे में गहनता से जानकारी दी। जिसके बाद जेलर आलोक शुक्ला ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर एसआर कृष्णा प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाराबंकी, एमआईएस मैनेजर बृजेश एवं उत्तर प्रदेश विकास समिति के पंकज सिंह, उप कारापाल रंजू शुक्ला, मनीष सिंह, श्यामाचरण, प्रेम चंद्र मौर्या उपस्थित रहे।

एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस/जैदपुर-बाराबंकी। संपूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी ने समस्याएं सुन संबंधित को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। यहां उच्चाधिकारियों के सामने विभिन्न विभागों के 6 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर तीन का निस्तारण कर शेष बचे शिकायती पत्रों के लिए संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय व तहसील प्रशासन टीम के लोग उपस्थित रहे।

किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस/सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी । किशोरी की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने गांव में ही पंचायत नामा लिखवा कर अन्तिम संस्कार कर दिया है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर निवासी वर्षा 15 वर्ष पुत्री स्वर्गीय गुरबचन शनिवार की दोपहर को घर के कमरे में साडी के सहारे छल्ले से शव लटकता देख छोटी बहन ने शोर मचाया। इसके बाद घर के अन्दर पंहुचे ग्रामीणों ने शव उतारकर बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। बताते चलें मृतक वर्षा के माता पिता का एक वर्ष पूर्व सडक दुर्घटना में मौत हो चुकी है। घर पंहुचे वृद्ध बाबा व दादी ने किशोरी का पंचायत नामा गांव में ही लिखवा कर अन्तिम संस्कार कर दिया है।

अंतिम सोमवार को लाखों श्रद्धालु लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

जन एक्सप्रेस/रामनगर बाराबंकी। जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ धाम लोधेश्वर महादेवा में सावन के अंतिम सोमवार को लाखों श्रद्धालु श्रद्धा की डुबकी लगाएंगे। अंतिम सोमवार होने के चलते रविवार से सोमवार के बीच यहां तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको लेकर एसडीएम अनुराग सिंह व बीडीओ अमित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में संबंधित टीमें मेला से जुड़ी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने में जुटी रही। जिसमें शनिवार को मेले में लगी बैरिकेडिंग सहित साफ-सफाई इत्यादि से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया गया।

अस्पताल के रास्ते पर लगा कूड़े का ढेर, चिकित्सक ने की शिकायत

जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी। प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता अभियान पर लाखों रुपए खर्च के बाद भी पंचायतों में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर प्रशासन को मुंह चिढ़ा रहे है। जिसके संबंध में पूछने पर आला अधिकारी भी एक दूसरे पर आई गई डालकर बाद ठंडे बस्ते में डाल देते है। कूढ़े के ढेर लगे उससे निकलने वाली दुर्गन्ध से ग्रामीण परेशान है। ताजा मामला विकासखंड रामनगर की बड़ी पंचायत कहे जाने वाले त्रिलोकपुर का है। जहां गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को जाने वाले रास्ते के पास कूढ़े का अम्बार लगा हुआ है। जिसके चलते अस्पताल आने वाले लोगों को तीव्र दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। तो वहीं दूसरी तरफ उनपर संक्रमण फैलने का भी खतरा बना रहता है। इस संबंध में डॉक्टर सुनील सिंह ने बताया है कि बीडीओ अमित कुमार त्रिपाठी एवं ग्राम प्रधान को मौखिक रूप से शिकायत की गई है फिलहाल गन्दगी एवं परिसर में जल भराव का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया।

प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ थाना समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी। कोतवाली परिसर में चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन भारी निरीक्षक सुरेश पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान 7 फरियादियों ने पहुंचकर अपनी फरियादें प्रभारी निरीक्षक के सामने प्रस्तुत की। जिसपर प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल चार शिकायतों का निस्तारण कर शेष राजस्व से जुड़ी शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उप निरीक्षक गजेंद्र खरवार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गोंदौरा शिवम मिश्रा सहित तहसील प्रशासन की टीम व थाना पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। जनपद रायबरेली थाना महाराजगंज अंतर्गत ग्राम मांझ गांव निवासी 22 वर्षीय सलिल अवस्थी पुत्र गंगा प्रसाद व एक अन्य ट्रक चालक बीती रात बनारस शेर रेलवे सिलापट लादकर उधौली रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर जा रहा था। इसी बीच गुणवत्ता विहीन सड़क होने के चलते किनारे की मिट्टी धंस गई और ट्रक खाई में पलट गया। जिससे ट्रक सवार सत्यम की केबिन में फंसकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर ऊपर सरयू, प्रशासन मुस्तैद

जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी। सरयू नदी का जलस्तर शनिवार को एक बार फिर खतरे के निशान 106.070 को पार कर 106.246 पर पहुंच गया। जिससे नदी खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गई। अब नदी एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है। जिससे नदी के तलहटी सहित आसपास के इलाकों में तेजी से जलभराव होना शुरू हो गया है। जिसको लेकर यहां रह रहे ग्रामीण डरे सहमे हुए है। सरयू की बढ़ती लहरें गांव, जमीन, व मकान को ध्वस्त कर रही है। लोग तेजी से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे है। बड़ी संख्या में लोगों का बंधे पर जीवन यापन हो रहा है। जहां तहसील प्रशासन एसडीएम अनुराग सिंह की अगुवाई में मुस्तैदी से दवा वितरण, प्रकाश व्यवस्था सहित लंच वितरण की समुचित व्यवस्था में लगा हुआ है।

50 हजार का इनामियां शातिर बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/उरई। डकैती के मामले में बीते डेढ़ से फरार से चल रहे इनामिया बदमाश को डकोर पुलिस ने एसटीएफ की मदद से गिरफ्तार कर लिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के गांव में बीते वर्ष 2022 में हुई डकैती के मामले में पुलिस को फरार चल रहे शातिर बदमाश नरेंद्र निषाद निवासी ग्राम भौनापुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर की तलाश थी। इतना ही नहीं बल्कि शातिर बदमाश पर 50 हज़ार रुपये का इनाम भी घोषित था। इस इनामियां शातिर बदमाश के फतेहपुर जिले में मौजूद होने की जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा को मिली। इसके बाद उन्होंने डकोर थानाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह को शातिर इनामिया बदमाश को पकड़ने का निर्देश दिया और कानपुर एसटीएफ से भी मदद मांगी। शुक्रवार रात को कानपुर एसटीएफ की मदद से डकोर पुलिस ने डेढ़ साल से फल चल रहे इनामिया बदमाश नरेंद्र निषाद को गिरफ्तार कर लिया और शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। इस बारे में सीओ सिटी गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि नरेंद्र पर जिला फतेहपुर व डकोर कोतवाली में आधा दर्जन संगीन मुकदमे है।

थाना दिवस में जहटोली प्रधान को लगाई गई फटकार

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। थाना दिवस में आई पांच शिकायतों में मौके पर तीन का निस्तारण करवाया गया। इस दौरान जहटौली के ग्रामीणों की शिकायत पर बीडियो कुठौंद ने ग्राम प्रधान को कड़ी फटकार लगाई। सिरसा कलार थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने लामबंद होकर ग्राम प्रधान बबलू चौरसिया की शिकायत बीडीओ कुठौंद सर्वेश कुमार से की। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान से कई बार कहा गया कि गायों के गौशाला में सही इंतजाम किए जाए। जिससे किसानों के खेतों में हो रहे फसल के नुकसान से बचा जा सके और गाय भी सुरक्षित रहे। जिसको लेकर बीडीओ ने शिकायत को लेकर तुरंत ही ग्राम प्रधान को फटकार लगाते हुए गौशाला में गायों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था को लेकर हिदायत दी। कहा कि ग्रामीण गायों को लेकर कई बार शिकायत कर चुके है। जिसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान को भी समझाया गया। लेकिन ये अंतिम बार चेतावनी दी जा रही है।

जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

*** डीएम और एसपी ने दो थानों में पहुंचकर खुद सुनी जनता की शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश, छोटे-छोटे राजस्व विवादों के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें निस्तारण: डीएम**

महीने के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान जिले के दो थानों में जनपद के डीएम अरविंद सिंह और एसपी केशव कुमार पहुंच गए। उन्होंने समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना और संबंधितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक केशव द्वारा थाना रेहरा बाजार एवं थाना सादुल्लाह नगर में पहुंचकर आम जनमानस की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जमीनी विवाद से जुड़े कई मामलों में मौके पर ही वादी एवं प्रतिवादी में समझौता करते हुए निस्तारण कराया गया।

उन्होंने कहा कि लेखपाल एवं कानूनगो को अपने क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े मामलों की पूर्णतया जानकारी हो तथा चकरोट,भूमि विवाद, पैमाइश आदि से जुड़े विवादों का राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए।

इस दौरान संबंधित थानों के थानाध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लापरवाही बरतने पर दो कानूनगो और एक लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश

जमीनी विवाद से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी द्वारा कानूनगो नईम अहमद, कृष्ण कुमार मिश्रा एवं लेखपाल बेचन राम शास्त्री के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए।

उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद से जुड़े मामलों की जानकारी लेखपाल एवं कानूनगो को पूर्णतया हो, ग्राम स्तर पर छोटे-छोटे जमीनी विवादों के निस्तारण में तेजी लाएं, इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा गोसाईगंज मंडल की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मंडल गोसाईगंज की बैठक बंदनपुर डॉक्टर पीएन सिंह के आवास पर आहुत की गई मंडल की अध्यक्षता कर रहे अशोक वर्मा और बैठक के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सोमनाथ वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपने संबोधन मे कहा की इस बार 'यादा से 'यादा लोगों का लोकसभा में वोट बनवाया जाए जिससे पार्टी मजबूत हो हर बूथ कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि जिस भी व्यक्ति का वोट ना बना हो उसका वोट बनवाया जाए वही मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा सभी बूथ अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता गण अपने-अपने बूथों पर और अन्य जगहों पर यशस्वी प्रधानमंत्री जी की मन की बात को सुना जाए जिसे प्रधानमंत्री की बातों को जनता को बताया जा सके ।बैठक में उपस्थित मंडल के महामंत्री शिवकुमार यादव सुशील सिंह महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रसूनलता सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता विनीत सिंह बिन्नू राम जी द्विवेदी संजय पराग अरविंद अर्पण युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

अभिभावक शिक्षक गोष्ठी में छात्र-छात्राओं की समस्याओं पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं के विभिन्न समस्याओं पर अभिभावकों से चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार 26 अगस्त को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'अभिभावकों एवं अध्यापकों की गोष्ठी' विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने बताया कि पीटीएम के जरिए आप अपने बच्चे की कमजोरी को जानकर उसे दूर करने की कोशिश कर सकते है। कुछ बच्चे अपने असफलता पर गुस्सा हो जाते हैं। ऐसे में अध्यापक से इस बारे में जरूर बात करे कि क्लास मे कम मार्क्स आने या फिर खेल मे हार जाने के बाद आपका बच्चा कैसा व्यवहार करता है? जिससे कि उसे सही तरीके से सही रास्ते पर लाया जा सके। कुछ अभिभावक को लगता है कि उनका बच्चा तो स्कूल में बहुत अच्छा कर रहा है, तो उन्हें पीटीएम में जाने की क्या जरूरत है? लेकिन आपके बच्चे के विकास से जुड़ी कुछ बातें तो स्कूल जाने पर ही पता चलती है, इसलिए आपको अपने बच्चे की हर सफलताओं को जानने के लिए पीटीएम मे जाना चाहिए। दरअसल, अभिभावक और अध्यापक के आपस में बातचीत का मुख्य मकसद बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना होता है। उसके व्यक्तित्व से जुड़ी बातों को एक-दूसरे से आपसी बातचीत करना और उसकी कमियों को जानना भी है। अ प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय की नेतृत्व में कक्षा-नर्सरी से कक्षा-5 के अपने-अपने कक्षा अध्यापक अध्यापिकायें द्वारा आये हुए छात्र-

छात्राओं के अभिभावकों को उनके बच्चों के कक्षाकार्य, गृहकार्य कक्षा मे उपस्थिति एवं पी0टी0-2 परीक्षा के परीक्षाफल तथा उनके प्राप्तांको को दिखाकर उनके बारे में विस्तृत रूप से बताया एवं दिखाया गया। जिसे जानकर अभिभावकों के मन में अपने-अपने बच्चों के प्रति जागरूकता प्राप्त हुयी।

ताकि उन्हे आने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए पूरा ध्यान देकर परीक्षा दिलायें जिससे उनका परीक्षाफल एवं भविष्य आने वाले समय में उज्ज्वल हो सके। जिन बच्चों का परीक्षाफल में कम नंबर आया है उनके कक्षा अध्यापक अध्यापिकाओं ने अभिभावको से बताया कि आपके बच्चों के विद्यालय में विशेष रूप से शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि वे रूक कर अपने-अपने प्रत्येक विषय के कमियों को दूर कर सके। प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी के नेतृत्व में कक्षा- 6 से कक्षा-12 के अपने-अपने कक्षा अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा आये हुए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को कक्षाकार्य, गृहकार्य, कक्षा मे उपस्थिति एवं पी0टी0-2 परीक्षा के परीक्षाफल तथा उनके प्राप्तांको को दिखाकर उनके बारे में विस्तृत रूप से बताया एवं दिखाया गया। कक्षा-9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी ने स्वंय कक्षा अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा मिल करके उनके बच्चों के बारे में पूर्ण से जानकारी दी एवं अभिभावकों से बताया कि जो छात्र-छात्रायें विगत परीक्षा में उचित प्राप्तांक नही कर पायें है उनके लिए विद्यालय मे अध्यापकों के द्वारा अलग से उन्हें रोककर शिक्षा देने एवं उनके कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे जिससे वह आने वाले परीक्षा अधिक से अधिक अंक लाकर अपना भविष्य उज्जवल करें। इसके लिए इसमें आप सभी अभिभावकों का सहयोग अति आवश्यक है। तभी हम आपके बच्चों का भविष्य सुधार सकते है। यह जानकर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक अत्यन्त प्रभावित हुए और उन्होनें आश्वासन दिया कि मेरा पाल्य पाल्या प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में किया गया ग्रीन डे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को ग्रीन डे का आयोजन किया गया। आयोजन के माध्यम से नन्हे मुन्ने बच्चों को हरी सब्जियों से लाभ व उनके प्रकृति तथा हरे रंगों से लाभ के विषय में जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 26 अगस्त को सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में के जी विंग के बच्चों में ग्रीन डे मनाया गया। ग्रीन डे के अवसर पर के जी विंग के सभी बच्चे हरे रंग की ड्रेस में आए। बच्चे अपने लंच बॉक्स में भी

हरी सब्जी, हरा सलाद और पालक की चपातियां लेकर आए। कुछ बच्चे सब्जियों के कटआउट गले में डाल कर आए थे। एक एक करके सभी ने अपना परिचय दिया। के जी विंग की अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को सब्जियों के आकार के बने हुए बैजेस लगाए और हरे रंग से बनी वस्तुओं का पहचान कराया उनको हरे रंग से संबंधित एक्टिविटी करा कर हरे रंग की विशेषता बताई गई।

इस अवसर पर बच्चे **ग्रीन इज दा कलर ऑफद डे** गीत पर झूमते रहे। बच्चों को हरे रंग वाली टॉफी बांटी गई। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साह को देखते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने कहा कि ऐसी छोटी छोटी गतिविधियां ही बच्चों के मन मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डालती है और बच्चों को कुछ न कुछ सीखने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर स्कूल की समन्वयक सीमा बंका ने सभी बच्चों को ग्रीन डे का महत्व को बताते हुए कहा कि हरा रंग हरियाली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जहां हरियाली ही हरियाली होती है वहां वातावरण शुद्ध रहता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहीन खान, आफरीन खान, रिचा तिवारी, अंजली मिश्रा, गजाला खान, चांदनी पांडे, जैनब खान और अंजली सिंह का विशेष योगदान रहा।

आने वाले पर्व को लेकर अधिकारी सभ्रान्त नागरिकों के साथ शान्ति समितियों की बैठक सुनिश्चित करें

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व स्थापना 06/07 सितम्बर 2023 विसर्जन 13 सितम्बर 2023 तथा श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना 19 सितम्बर 2023 व विसर्जन का कार्यक्रम 28 सितम्बर 2023 तक मनाया जाना सम्भावित है। इस अवसर पर जनपद के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूर्तिया स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है, झांकियां सजायी जाती है व कही-कहीं भण्डारा आदि का कार्यक्रम आयोजित होता है और नदियों सरोवरों में प्रतिमायें विसर्जित की जाती है। समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट जनपद अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए सम्बन्धित पूजा समितियों के पदाधिकारियों, मुख्य धार्मिक स्थलों के पुजारियों व प्रबन्धकों एवं सम्बन्धित सभ्रान्त नागरिकों के साथ शान्ति समितियों की बैठक सम्बन्धित पुलिस थाना चौकी में ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि कहीं विवाद की स्थिति संज्ञान में आती हो तो उसको पूर्व से ही सुलझा लेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी अयोध्या उक्त पर्वो के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अवसर पर पर्याप्त सचल चिकित्सा व्यवस्था एवं एम्बुलेंस आदि की आवश्यक व्यवस्था कार्यक्रम स्थलों एवं विसर्जन घाटो पर सुनिश्चित करते हुए जनपद के अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था करायेगें। प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, अयोध्या सड़कों शोभायात्रा आदि मार्गों तथा विसर्जन घाटो व कार्यक्रम स्थलों के आस-पास पेड़ों की डालों की कटाई छटाई की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करायेंगे।

भाकियू ने उपखंड अधिकारी विद्युत कार्यालय का किया घेराव

जन एक्सप्रेस । बीकापुर - अयोध्या

विद्युत आपूर्ति प्रतिदिन 18 घंटे लगातार किए जाने, निजी नलकूपों पर मीटर ना लगने, रू.20,000 से कम विद्युत बिल बकायेदारों का उत्पीड़न न करने, बीकापुर में उप खण्ड अधिकारी मीटर का कार्यालय खुलवाने, खराब मीटर को अबिलंब बदलवाने, गलत ढंग से काटे गए विद्युत कनेक्शन को अभिलंब जुड़वाने, मीटर की खराबी से आ रहे गलत बिलों को ठीक करने आदि मांग को लेकर उपखंड अधिकारी विद्युत बीकापुर के कार्यालय का घेराव राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन द्वारा किया गया। उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मौर्य किसान पंचायत में बैठकर ज्ञापन की एक-एक समस्याओं पर किसान नेताओं से चर्चा करके समाधान किया उपखंड अधिकारी ने स्पष्ट किया की

ट्यूबेल के बिलों के लिए कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं तथा ट्यूबेलो पर मीटर नहीं लगाये जा रहे हैं और यह भी कहा कि जो मीटर गलत रीडिंग दे रहे हैं रू.50 शुल्क जमा करके उनके बगल में दूसरा मीटर लगाकर मीटर की जांच करा लेवे उसी के अनुसार विद्युत बिल लिया जाएगा भाना पत्नी मायाराम का कनेक्शन जोड़ दिया गया। विद्युत आपूर्ति 18 घंटे प्रतिदिन न होने की बात को स्वीकार करते हुए उपखंड अधिकारी ने कहा कि बेरूगंज बाजार में एक उपकेंद्र की स्थापना होने जा रही है उसके बाद बीकापुर खंड में विद्युत आपूर्ति बहुत अच्छी हो जाएगी। घेराव प्रदर्शन में घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव, सूर्यनाथ वर्मा प्रदेश सचिव मध्यांचल, राम गणेश मौर्य जिला अध्यक्ष, भागीरथी वर्मा ,देवी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, राम गोपाल मौर्य, बैजनाथ निषाद, रंजीत कोरी, चंदू भाई पटेल, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, मोहम्मद अयूब, मस्तराम वर्मा, बुदिराम मौर्य, जितेंद्र कुमार, उर्मिला निषाद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

विवि ने महिला समानता दिवस पर गांव की महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा मसौधा गांव में महिला समानता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, स्वास्थ केंद्र अवध विश्वविद्यालय की डॉ0 दीपशा दुबे रही। उन्होंने कहा कि समानता दिवस का उद्देश्य है महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उनके साथ समानता का व्यवहार करना। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आज भी भारत वर्ष में बहुत सी ऐसी महिलाएं हैं जो अपने अधिकारों से वंचित हैं और न ही उनके साथ समानता का व्यवहार किया जा रहा है। इसके लिए सभी को साक्षर होना बहुत जरूरी है। इसके विपरीत जहां साक्षरता कम वहां महिलाओं के साथ असमानता का व्यवहार प्रायः देखने को मिलता है। इसलिए सभी लड़कियों को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ0 दीपशा ने कहा कि परिवार की महिलाएं यदि शिक्षित होगी तो बिना भेदभाव लड़के एवं लड़कियों को पोषित एवं शिक्षित करेंगी। वर्तमान में महिलाओं को अपने लड़कों को यह शिक्षा देनी चाहिए कि वह सभी महिलाओं का सम्मान करें। उन्हें लड़के लड़कियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। उनको सही दिशा में शिक्षित करते हुए उनके पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि परिवार की बालिकाएं शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगी।

सेवा संतृप्तिकरण अभियान में 6190 प्रकरणों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस । बहराइच

पात्र असंतृप्त लोगों को विभिन्न योजनाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को न्याय पंचायत खुटेहना में संचालित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान राजस्व विभाग द्वारा राजस्व विभाग द्वारा वरासत अंकन के 9, खतौनी निर्गमन के 12, घरौनी प्रपत्र-5 सत्यापन के 1557, मतदाता पंजीकरण के 119, वसूली संग्रह के 27, जाति प्रमाण-पत्र के 50, आय के 67, निवास के 79, ई.डब्लू.एस. प्रमाण-पत्र के 14, धारा 24 के 05, ग्राम समाज भूमि सत्यापन के 74 तथा 93 शिकायती प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण एवं पुनः सत्यापन की कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत के 112, पीएमएमवीआई-02 के 22, जन्म प्रमाण-पत्र 14, 39 क्षय रोगियों को चिन्हित, 13 की बीबीटी तथा 27 को गोद लेने की कार्यवाही, परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 84, जननी सुरक्षा के 44, मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा 67 जांच, ई. संजीवनी ओपीडी द्वारा 36, निःशुल्क चश्मा वितरण 73, 09

बच्चों व 12 गर्भवती महिलाओं की जांच व टीकाकरण, 27 किशोरियों को निःशुल्क सैनेटरी पैड व आयरन गोली का वितरण, 87 की एनसीडी जांच, 554 का स्वास्थ्य परीक्षण, 06 की कुष्ठ स्क्रीनिंग, 44 को फाइलेरिया दवा का वितरण तथा 44 लोगों को जे.एस.वाई. के अन्तर्गत धनराशि का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा ईकेवाईसी के 24, ओपेन सोर्स सत्यापन के 48, स्टेट लेबिल पेन्डिंग के 108, लैण्ड सीडिंग के 04, स्टॉप वेमेन्ट के 06, पीएफएमएस रिजेक्ट के 35 व अन्य प्रकृति के 22, पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अन्तर्गत 05, निराश्रित गोवंशों संरक्षण के 10 तथा 280 पशुओं की चिकित्सा तथा 630 का टीकाकरण किया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीकरण के 16, शिशु मातृत्व एवं बालिका मदद योजना के 04 तथा पी.एम. श्रम योगी मान धन योजना के तहत 02, उद्योग विभाग द्वारा पीएमईजीपी श्रण योजना व ओडीओपी के 01-01, विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजना के 10 तथा ओडीओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना के तहत 07 लोगों को आच्छादित किया गया। शिविर के दौरान पूर्ति विभाग द्वारा 13 लोगों को राशन कार्ड तथा उज्ज्वला योजना के तहत 57 लोगों का आधार लिंक किया गया। इण्डियन बैंक द्वारा 07 नवीन खाते, 18 को आधार से लिंक करने, ऋण आवेदन के 06, बन्द खाता खोलने के 01, पैन कार्ड लिंकेज के 03 तथा 18 लोगों के आधार बनाएं गये। जबकि आर्यावर्त बैंक द्वारा 18 खातों को आधार से लिंक करने की कार्यवाही की गई।

रोवर्स रेंजर्स से शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का भी होता है विकास: डा. धर्मेंद्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच

किसान पीजी कॉलेज में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के सत्रीय कार्य के अंतर्गत पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 अगस्त से प्रारंभ होकर 30 अगस्त तक चलेगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षक कल्लन इदरीसी एवं कायमा इस्लाम बीएड के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

शनिवार प्रातः 10:30 बजे प्रशिक्षण का प्रारंभ झण्डारोहण के पश्चात हुआ। यह कार्यक्रम अपरान्ह 3:30 बजे तक संचालित चला। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उप प्राचार्य प्रो. मोहम्मद उस्मान ने शिक्षकों को ड्यूटी लाइन में अनुशासन, संयम, कर्तव्य निष्ठा एवं समाज के प्रति सहयोग की भावना जागृत करने की अपेक्षा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कठिन परिस्थितियों से जूझने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में विभाग प्रभारी प्रोफेसर ओपी सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है, इसलिए उसके अंतर्गत विभिन्न प्रभावी योग्यताओं का विकास होना जरूरी है। इसके लिए प्रशिक्षु शिक्षकों को स्काउट गाइड के द्वारा योग्यताओं को विकसित करना होगा। प्रशिक्षण में कॉलेज के रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के कार्यक्रमों से शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विकास होता है। कार्यक्रम में डा. प्रमोद कुमार एवं डा. दयानंद तथा अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई पंचायत उप निर्वाचन की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । बहराइच

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2023 अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत जरवल के वार्ड सं. 24 में सदस्य पद, ब्लाक हुजूरपुर की ग्रा.पं. सिरौला, महसी की ग्रा.पं. गदामार कलां एवं मिहींपुरवा की ग्रा.पं. कटघर में 06 सितम्बर 2023 को सम्पन्न होने वाले मतदान तथा 08 सितम्बर 2023 को होने वाले मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान सीआरओ/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि ग्राम प्रधान पद के मतदान हेतु सिरौला व कटघर में 03-03 तथा महसी में 02 एवं क्षेत्र पंचायत जरवल के वार्ड सं. 24 के सदस्य पद हेतु 03 बूथों पर 06 सितम्बर को मतदान होना है। श्री मिश्र ने बताया कि प्रधान पद के मतदान हेतु 03 आरक्षित सहित कुल 11 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत के मतदान हेतु 01 आरक्षित सहित कुल 04 पोलिंग पार्टियों की आवश्यकता होगी। मतदान व मतगणना हेतु बेसिक शिक्षा, पंचायती राज व चकबन्दी

विभाग के कार्मिकों से पार्टियों का गठन किया जायेगा। पोलिंग पार्टियों को रवानगी की तिथि 05 सितम्बर को पूर्वान्ह 09:00 द्वितीय प्रशिक्षण के उपरान्त मतदान सामग्री किट, मतपेटी, मतपत्र, आदि प्रपत्र प्राप्त कराकर गन्तव्य की ओर रवाना किया जायेगा।

सीआरओ श्री मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत कटघर के मतदान केन्द्र प्रा.पा. कटघर में 03 बूथों पर 1860, गदामारकला में प्रा.पा. गदामारकला के 02 बूथों पर 1259, सिरौला में प्रा.पा. सिरौला के 03 बूथों पर 2270 तथा सदस्य क्षेत्र पंचायत पद हेतु प्रा.पा. गौर के 02 बूथों तथा प्रा.पा. हिसामपुर के 01 मतदान केन्द्र पर कुल 1436 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जायेगा। श्री मिश्र ने मतपत्रों, मतदान/मतगणना सामग्री किट, मतपेटी, वाहन इत्यादि के सम्बन्ध में की गई तैयारियों को विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार उप निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

डीएम ने डीपीआरओ व बीडीओ को निर्देश दिया कि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेकर साफ-सफाई, प्रकाश व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जायें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, मोतीपुर के संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

चोरी की दो बाइक संग दो शातिर पुलिस के हत्थे चढ़े

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। नैनी में दो शातिर चोर दो मोटर साइकिल समेत पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बरामद दोनों मोटर साइकिल चोरी की बताई जा रही है। पकड़े गए लोगों में भरत प्रसाद पांडेय निवासी चक गरीबदास मामा भांजा तालाब नैनी और दूसरा जितेंद्र कुमार पटेल निवासी आईटीआई कॉलोनी, दूरवाणी नगर नैनी बताए जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यह गिरफ्तारी नैनी क्षेत्र स्थित नारायण गेस्ट हाउस के पास से की है। पकड़े गए दोनों बदमाशों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। पकड़े गए भरत प्रसाद पांडेय के खिलाफ गैंगस्टर समेत कई आपराधिक मामले अलग अलग थानों में दर्ज हैं।

ड्राइवर ने व्यापारी से मांगी 3 लाख की रंगदारी

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार निवासी संतोष जायसवाल से उनके पूर्व ड्राइवर द्वारा गुरुवार की सायंकाल में फोन से 3 लाख रुपए रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया। इस बाबत पीड़ित द्वारा शुक्रवार को फूलपुर पुलिस को तहरीर दी गई। बताते है कि पिंडरा बाजार के संतोष जायसवाल की जनरल स्टोर व पतंजलि उत्पाद बिक्री केंद्र है। गुरुवार को सायंकाल में उनके पूर्व ड्राइवर व पिंडरा बाजार निवासी कुलदीप जायसवाल ने फोन कर तीन लाख रुपए की रंगदारी न देने पर फर्जी मुक़दमे में फसाने की धमकी दी।पीड़ित फोन से धमकी मिलने के बाद जब बदमाश के पिता के घर जाकर पता किया तो उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व कुलदीप अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार होने के बाद मिर्जापुर जेल में बन्द था। गुरुवार को सायं 6 बजे फिर रात 8 बजे के लगभग फोन आने के पूरा परिवार दहशत में है।

एनसीसी कैडटों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता महारैली

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। 327/97/यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेटों के द्वारा के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत महारैली निकाली गयी। कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडटों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत एक महारैली निकाली गईं ! जिसमें कटिंग मेमोरियल इंटर कॉलेज से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महात्वाकांक्षी नमों घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कैडेट्स द्वारा इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस दौरान कैडेट्स के द्वारा 97 बटालियन के जेसीओ कंगल उराँव, हवलदार रामजन्म सिंह, प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार, स्कूल के सबसे वरिष्ठ शिक्षक उमेश मसीह, रीना, गैर-शिक्षण कर्मचारी वीरेन्द्र द्वितीय, नरेश यादव आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

बच्चों का वजन सही और नियमानुसार करने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा अचानक विकासखंड मछली शहर आकांक्षात्मक ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र सरायबीका का निरीक्षण किया आंगनबाड़ी केंद्र सरायबीका में नवीन प्रयास के अंतर्गत सेंसर के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन किया जा रहा था, इस नवीन प्रयास के अंतर्गत माह जुलाई में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन किया गया था और पुनः इस माह अगस्त मे उन्ही बच्चों का वजन लिया गया जिससे यह सत्यापित किया जा सके की यह सेंसर आधारित वजन मशीन ठीक से कार्य कर रही है कि नहीं। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि बच्चों का वजन सही और नियमानुसार करें।

कृष्ण जन्म लीला की झांकी ने मन मोहा

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। नगर के बड़ा स्थल मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ महोत्सव में प्रस्तुत की गई भगवान कृष्ण जन्म लीला की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान कृष्ण के जयकारे लगाए। बड़ा स्थल मंदिर सभा भवन का हाल भगवान श्री कृष्ण के जय घोष से उस समय गूंज उठा जब कथा के दौरान गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने भगवान कृष्ण के जन्म की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। पंडाल से श्रद्धालुओं ने पुष्पों की वर्षा की। पूरा पंडाल भगवान कृष्ण की भक्ति से झूम उठा। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कथा का संचालन कर रहे वृंदावन से पधारे कथावाचक जगदीश प्रसाद व्यास ने भगवान कृष्ण के संगीतमय भजन सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की संदिग्ध हालत में मौत समर सिंह की जमानत पर सुनवाई अगले सप्ताह

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की संदिग्ध मौत के मामले में आरोपी सिंगर समर सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी। गौरतलब है कि भोजपुरी सिनेमा की अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत संदिग्ध दशा में हुई थी। इस चर्चित मामले में आकांक्षा के परिजनों ने उसकी हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद गायक समर सिंह को आरोपित करते हुए उसको गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपित समर सिंह की तरफ से कोर्ट में जमानत की अर्जी दी गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। जमानत अर्जी के मामले में अब अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

उपजिलाअधिकारी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस/अमरिया। थाना परिसर में उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह अजीत की अध्यक्षता में अमरिया थाना समाधान दिवस का आयोजित किया गया है। जिसमें एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, सीओ सदर प्रतीक दहिया ने जनता की शिकायतों को गंभीरता पूर्ण सुना गया है। उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व लेखपाल मौके पर जाकर को निस्तारण के लिए आदेशित किया । थाना अमरिया में शिकायतें खेत जमीन मेड से जुड़ी संबन्धित समस्याएं एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने तत्काल टीम बनाकर गांवों में आए शिकायती पत्रों को निपटाने के निर्देश दिए हैं इस मौके पर पुलिस वरिष्ठ उप निरीक्षक सिद्धार्थ उपाध्याय लेखपालों और कानूनगो को टीम बनाकर गांवों में भेज कर फरियादियों की शिकायतों को निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए हैं। समाधान दिवस में लेखपाल और दरोगा सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर थरवई, फाफामऊ सोरांव में डीएम ने सुनी जन समस्यायें

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर थाना थरवई, फाफामऊ एवं सोरांव पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना।थाना थरवई में जनता की समस्याओं को सुनते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने थाना फाफामऊ पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना। सुनवाई के लिए कुल चार शिकायतें आयीं, जिनमें सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष सोरांव थाने में आठ शिकायतें आयीं, जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में आयी शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया।

चंदिया हजारा के ग्रामीणों ने बाढ़ बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

- बाढ़ खंड के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप,एसडीएम को दिया ज्ञापन
- पूरनपुर एसडीएम को ज्ञापन देकर बाढ़ और कटान की समस्या दूर कराने की मांग की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। करीब दो माह से शारदा नदी की बाढ़ और कटान का सामना करते चले आ रहे चंदिया हजारा के लोगों के सब्र का बांध टूट गया है। आरोप है कि अब तक सिर्फ बचाव कार्य कराने का आश्वासन मिला लेकिन कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं किए गए। नदी की तबाही से परेशान सैकड़ों की संख्या में लोग शनिवार को पूरनपुर तहसील पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर आबाज बुलंद की। एसडीएम को ज्ञापन देकर बाढ़ और कटान की रोकथाम के लिए स्थाई व्यवस्था कराने आदि की मांगे उठाई। ग्रामीणों ने 10 सितंबर तक सुनवाई न होने पर अगले दिन 11 सितंबर से गांव के खेल मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा और राहुलनगर के समीप करीब दो माह से शारदा नदी द्वारा जमीन का कटान हो रहा है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है अब तक वन विभाग की सैकड़ों एकड़ जमीन कटने के बाद किसानों की दो सौ एकड़ जमीन फासल समेत नदी की भेंट चढ़ चुकी है। बाढ़ और कटान की रोकथाम के लिए डेजिंग द्वारा चेनेलाइजेशन का कार्य प्रस्तावित है लेकिन वन विभाग से एनओसी न मिलने से यह कार्य नहीं हो पा रहा है। पिछले चार साल से लोग शासन-प्रशासन से प्रस्तावति कार्य को कराने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इस वक्त नदी का रुख खिरकिया बरगदिया की कालोनी नंबर छह की तरफ है। अगर नदी के कटान की गति नहीं थमी तो कुछ ही दिनों में नदी की धार राहुलनगर मजदूर बस्ती और चंदिया हजारा की आबादी को भी चपेट में ले लेगी। इससे तीनों गांव की आबादी पर खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र के लोग पिछले दो माह से निरंतर बाढ़ का दंश झेल रहे है। गांवों में नदी की बाढ़ से लोगों का काफी नुकसान भी हुआ और हो रहा है। प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कोई राहत नहीं पहुंचाई। बचाव कार्य कराने को प्रशासन से अब तक आश्वासन की घुट्टी मिली। जमीन के साथ तबाह को रही फसल को देख अब ग्रामीण आंदोलन पर उतर आए हैं। तहसील में प्रदर्शन करने के बाद तीन बिंदुओं का मांगपत्र एसडीएम को दिया गया है। इसमें पिछले चार-पांच सालों से वन विभाग से एनओसी के लिए लंबित प्रस्तावतित डेजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन का कार्य कराने शारदा नदी के पुराने बहाव के खोले जाने का कार्य, बाढ़ और कटान रोकने के लिए स्थाई व्यवस्था कराने, जिन किसानों की कृषि भूमि व फसल नदी में समा चुकी है या बाढ़ से फसल बर्बाद हुई है उनको मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि अगर 10 सितंबर तक बाढ़ और कटान की समस्याओं के समाधान के लिए वन विभाग से एनओसी प्राप्त कर चैनेलाइजेशन व तटबंध का कार्य शुरू नहीं किया जाता है तो 11 सितंबर से ग्राम पंचायत चंदिया हजारा और खिरकिया बरगदिया के लोग चंदिया हजारा के खेल मैदान पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। यह आंदोलन जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक चलेगा।

> शारदा नदी की बाढ़ और कटान की समस्या को लेकर चंदिया हजारा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग तहसील आए थे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों की समस्या को दूर कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। शारदा नदी किनारे प्रस्तावित चैनेलाइजेशन कार्य और वन विभाग द्वारा एनओसी न देने के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है।
> **-राजेश कुमार शुक्ला**
> एसडीएम, पूरनपुर।

एमओआईसी ने सीएमओ को भेजी जांच आख्या, अब पैनल गठित कर होगी जांच

- पूरनपुर के चंदी अस्पताल में आपरेशन से डिलीवरी के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने का मामला
- शिकायत के 26 दिन बीतने के बावजूद कार्रवाई न होने से संचालक के हौसले बुलंद

जन एक्सप्रेस । प्रशांत शर्मा

पूरनपुर। प्रसव पीड़ा पर नगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती महिला की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने के मामले में एमओआईसी ने अपनी जांच आख्या सीएमओ को भेज दी है। अब सीएमओ स्तर से पैनल गठित कर जांच कराई जाएगी। ऐसे में अस्पताल पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। हालांकि कार्रवाई से बचने के लिए संचालक अपने शिकायकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए प्रलोभन देने के अलावा स्वास्थ्य विभाग तक सिफारिस करा रहा है। बतादें कि सिफारिसों की बजह से ही जांच अधिकारी ने जांच पूरी करने में इतना लंबा समय लगा दिया। जब जांच अधिकारी पर भी सबाल उठे तो उन्होंने आनन-फानन में जांच पूरी कर आख्या भेज दी। फिलहाल इस मामले में करीब 26 दिन बीतने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। ऐसे में संचालक के हौसले बुलंद हैं। मामला पूरनपुर में संचालित चंदी हास्पिटल का है। गांव लोदीपुर निवासी फरचंद का कहना है कि 29 जुलाई को उनकी पत्नी सीमा देवी को प्रसव पीड़ा हुई। नगर के ही चंदी अस्पताल में में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्रसूता की हालत देखकर ऑपरेशन की जरूरत बताते हुए 28 हजार का खर्च बताया। आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही से ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद प्रसूता को ब्लीडिंग शुरू हो गई। धीरे-धीरे हालत खराब होने लगी। पूछने पर भी डॉक्टर ने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि उन्होंने इलाज के नाम पर 40 हजार वसूल लिए। आरोप है कि प्रसूता को गलत इंजेक्शन लगा दिया। स्वास्थ्य के बारे में पूछने पर डॉक्टर तिलमिला उठा। उसने कहा कि अब ऐसा उपचार करेंगे कि तुम्हारी पत्नी कभी नहीं उठेगी। करीब सप्ताह बाद भी हालत में सुधार न होने पर जबरन अस्पताल से सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया। इसपर महिला के परिजनों ने हंगामा भी काटा। इस दौरान चिकित्सक और परिजनों के बीच तीकी नोकझोक हुई। महिला को गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोप है कि शिकायत करने पर चंदी अस्पताल के चिकित्सक ने जान से मारने की धमकी दी। महिला के पति ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की। मामला जिला स्वास्थ्य चिकित्साधिकारी तक पहुंचा तो उन्होंने एमओआईसी पूरनपुर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसपर चिकित्सक में खलबली मच गई है। कार्रवाई से बचने के लिए हर जुगत अपनाई जा रही है। इधर, जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और महिला का आपरेशन करने वाली चिकित्सक के बयान दर्ज किए। बेहद ढिलाई से चली जांच एमओआईसी स्तर से पूरी हो गई है। उन्होंने जांच आख्या सीएमओ को भेज दी है। अब सीएमओ स्तर से पैनल गठित कर जांच होने की बात कही जा रही है। लोगों का कहना है कि अगर स्वास्थ्य विभाग के अफसर प्रलोभन में नहीं आए तो चंदी अस्पताल पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

> प्राइवेट अस्पताल पर प्रसूता के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने से हालत बिगड़ने का आरोप लगाया गया था। मामले में बेसिक जांच कर रिपोर्ट सीएमओ को प्रेषित की गई है। सीएमओ की ओर से पैनल गठित कर अंतिम जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **अनिकेत कुमार**
> एमओआईसी पूरनपुर

बिजली का तार टूटकर नीचे गिरा दो गोवंशीय पशुओं की हुई मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में देर रात्रि बिजली का तार टूट कर रोड के किनारे गिर गया। जिसकी चपेट में आकर दो गोवंशीय पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई। वही गोवंशीय की मौत के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेवाजी कर प्रदर्शन किया व लाइन को शीघ्र ही ठीक करने की मांग की। मौके पर पहुंची बिजली विभाग की टीम ने मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।
बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चठिया सेवाराम में रोड के किनारे बालाजी पंचमुखी मंदिर स्थापित है। मंदिर के बराबर में आवारा गोवंशीय पशु बैठे रहते हैं। आज सुबह लगभग 7:00 बजे मंदिर के ऊपर से गुजर रही बिजली के लाइन का तार टूट कर नीचे गिर गया। जिसकी चपेट में आकर दो आवारा गोवंशीय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गांव के ही कुछ जागरूक लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद बिजली विभाग की टीम ने लाइन बंद कर दी। जिसके बाद लोगों ने राहत के साथ ली। मंदिर के महंत का कहना है कि इससे पहले भी कई बार घटनाएं घट चुकी हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया था किंतु कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों ने आज बिजली विभाग के खिलाफ मृतक पड़े गोवंश के समीप खड़े होकर जोरदार नारेवाजी कर प्रदर्शन किया व लाइन को ठीक करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से गिरजा शंकर वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, महंत दामोदर नाथ, पंडित गजानंद, नरेश चंद्र, इंद्रजीत, विशाल भारती, शिवदत्त वर्मा सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

नवागत तहसीलदार ने नेपाल सीमावर्ती थाना हजारा में सुनी जन समस्याएं निस्तारण करने का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हजारा(पूरनपुर)। थाना समाधान दिवस के मौके पर पूरनपुर तहसील के नवागत तहसीलदार हजारा थाना पहुंचकर ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। शनिवार को हजारा थाना पहुंचकर पूरनपुर के नवागत तहसीलदार ने थाना समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना जिसमें मुरैना गांधीनगर निवासी रामनजर दुबे ने उनके पिता के नाम की 10 एकड़ कृषि भूमि पर कुछ दबंग के द्वारा षड्यंत्र के तहत कब्जा कर लिए जाने की शिकायत किया और षड्यंत्रकारियों से जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई है दूसरी तरफ अशोक नगर निवासी विश्वनाथ वाल्मीकि की जमीन सवा तीन एकड़ कृषि भूमि पर अशोकनगर गांव के ही एक दबंग भू माफिया ने अपने एक सरकारी कर्मचारी भाई के साथ मिलकर नाजायज रूप से कब्जा कर लिया है पीड़ित जब भी जमीन छोड़ने के लिए कहता है तो दबंग भूमि माफिया गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए जमीन नहीं छोड़ने की धमकी दे रहे हैं जबकि जमीन विश्वनाथ वाल्मीकि के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज चली आ रही है। इन दोनों समस्याओं को नवागत तहसीलदार ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल नरेश चंद्र गंगवार से जानकारी लिया तो वही विश्वनाथ बाल्मीकि की जमीन से संबंधित मामले में उपनिरीक्षक संजीव कुमार को दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामले के इंस्टॉल के लिए कहा है।यहां बता दे की मुरैना गांधीनगर निवासी राम नजर दुबे और अशोकनगर निवासी विश्वनाथ वाल्मीकि अपनी ही जमीन पाने के लिए काफी समय से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं इसके विपरीत इन्हीं पीड़ितों की जमीन जोतकर भू माफिया दबंगई के बल पर जमीन जोतकर फसल पैदा कर मौज उड़ा रहे हैं।थाना समाधान दिवस के मौके पर तहसीलदार के अलावा हजारा थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह उपनिरीक्षक संजीव कुमार राजस्व कानून गो महेश सिंह यादव राजस्व लेखपाल नरेश चंद्र गंगवार,भूपेंद्र शर्मा,राहुल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीएम एसपी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गजरौला व पूरनपुर में की जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गजरौला व पूरनपुर में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

'विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए है, विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि'

- प्रो. वंदना सिंह ने कुलपति का पदभार संभाला
- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व माता शीतला धाम चौकियां का सपरिवार किया पूजा अर्चन

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना सिंह ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। कुलपति कार्यालय में प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने उन्हें कार्यभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के पहले कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने माता चौकियां का विधिवत सपरिवार दर्शन-पूजन किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए है, उनकी अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कक्षाएं नियमित चलें, विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए शिक्षकों को अध्ययन पद्धति में बदलाव लाना होगा ताकि छात्र कक्षा में आने पर मजबूर हो। विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। उनका मानना है कि सभी विभागों में विद्यार्थी संख्या बढ़े। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा इसके साथ ही इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार किया जाएगा। माननीया कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की मंशा के अनुरूप विश्वविद्यालय को शिखर तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो.वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राकेश यादव, डॉ. जगदेव, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ अमित वत्स, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ दिव्येंदु मिश्र समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

> **कुलपति ने किया पौधरोपण**
> वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने मुक्तांगन परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए वृक्ष जरूरी है। पौधरोपण के साथ-साथ उसकी रक्षा भी हमें करनी चाहिए। इस दौरान निवर्तमान कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, डॉ. मनोज पांडेय, उद्देश्य सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

'जनता को राहत दिलाने के लिए भाजपा को हटाना होगा'

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बनने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र सिंह का शनिवार को जार्जटाउन पार्टी कार्यालय पर गंगापार इकाई द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत नरेन्द्र सिंह बड़ी संख्या मे उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों वाली डबल इंजन की सरकारों की डबल मार झेल रहे लोग अब सपा मुखिया अखिलेश यादव के शासनकाल को याद कर रहे हैं। प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जनता को राहत दिलाने के लिए भाजपा सरकारों को हटाना होगा। भाजपा सरकारों ने किसानों और युवाओं के साथ छल किया। केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियां गरीब, किसान और युवा विरोधी है। गरीब और मध्यम वर्ग को परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। श्री सिंह ने पदाधिकारियों से अपील किया कि सभी लोग मिलकर पार्टी की नीतियों एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सपा सरकार के दौरान जनहित में किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचायें तथा भाजपा सरकार में हो रही ज्यादतियों के खिलाफ आवाज उठायें। जरूरत पड़ने पर आमजन के साथ सड़क पर भी उतरें। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए कहा कि नरेन्द्र सिंह को प्रदेश सचिव बनाने से प्रयागराज को सांगठनिक बल मिलेगा। संचालन जिला महासचिव रामसुमेर पाल ने किया। कार्यक्रम मे राम सुमेर पाल, मेराज आरिफ,दीना नाथ यादव, वजीर खान,महबूब उस्मानी, डॉ राजेश यादव, दान बहादुर मधुर,प्रतिमा रावत, संदीप यादव प्रमुख , राम कृपाल यादव, वीरेंद्र पाल,डॉ आकाश यादव,आरएन यादव,अभय राज यादव, राहुल पटेल, अमित यादव बगई, कुलदीप यादव, पद्मा यादव, आशुतोष तिवारी, राम प्रताप, नाटे चौधरी, राकेश सिंह, जगदीश यादव, त्रिभुवन यादव,रामसेवक पटेल, बच्चा यादव,गुफरान मालिक, चौधरी देवीलाल, राजवंत पटेल,आदि सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अंशू ने ऑल इंडिया एथलेटिक्स में तीन गोल्ड झटककर जनपद का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* बेस्ट एथलीट का खिताब भी अपने नाम पर किया दर्ज
* गुजरात में सम्पन्न हुई जवाहर नवोदय विद्यालय की ऑल इंडिया चैंपियनशिप
* बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है नवोदित एथलीट

कहते है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। मन में लगन हो तमाम दुश्वारियां भी आपको पुरूस्कृत करने के लिए सिर झुका ही देती है। कुछ ऐसा ही मुकाम हासिल किया है सदर क्षेत्र मैनीखेड़ा गांव निवासी अंशू सोनकर ने। उसने नवोदय विद्यालय की आल इंडिया एथलीट प्रतियोगिता में न सिर्फ लगातार तीन गोल्ड मेडल जीते बल्कि बेस्ट एथलीट का खिताब भी अपने नाम किया। उसकी इस उपलब्धि से घर वालों के साथ कोच खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं।

सदर क्षेत्र के मैनीखेड़ा गांव निवासी अंशू सोनकर पुत्र सुनील कुमार नवोदय विद्यालय में इंटरमीडिएट का

छात्र है। कानपुर में एक फैक्ट्री में काम के दौरान पिता सुनील ने उसका दाखिला नवोदय कानपुर में कराया था जहां से इंटर में माइग्रेट कर उसे नवोदय फतेहपुर भेज दिया गया। सुनील की मांस पेंसियों में आयी समस्या के चलते उसकी नौकरी छूट गयी। जिसके चलते वह पत्नी मालती और छोटे बेटे आदर्श के साथ अपने गांव आ गया। अकेले कमाऊ सदस्य के घर बैठने के चलते परिवार जिन आर्थिक दुश्वारियों से गुजर रहा है उसे बयां नहीं किया जा सकता। अंशू स्वयं छुट्टी पर आने पर परिवार के गुजर बसर के सब्जियां बेच लेता है। लेकिन खेल के मैंदान में उसकी दुश्वारियां कहीं नहीं टिकती। उसके प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन नवोदय विद्यालय की आल इंडिया एथलीट टीम में हुआ। कोच आमिर खान ने बताया कि गुजरात के नडियाद 24 से 26 अगस्त तक चली आल इंडिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंशू ने 1500 मीटर, 3 व 6 किलोमीटर की एथलीट में तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उसने बेस्ट एथलीट का खिताब भी अपने नाम किया। बकौल कोच अंशू ने जो प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ है। उसे अगर उचित सहायता मिलती रही तो आने वाले समय वह देश का प्रतिनिधित्व कर विश्व पटल भी देश का परचम फहरा सकता है।

अधेड़ की हत्या कर शव जलाने वाले दोनों आरोपी भेजे गए जेल

* हरिद्वार निवासी तंत्रमंत्र करने वाले बाबा का निकला था शव
* बेटे की मौत का बदला लेने के लिए दिया था घटना को अंजाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ में घर के अंदर अधेड़ की गला कस कर हत्या के बाद शव जलाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके साथी को शनिवार जेल भेजने की कार्रवाई की है। शिनाख्त होने के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने हत्या, साक्ष्य छिपाने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बता दें कि बीती 22 अगस्त को संतोष कुमार कनौजिया उर्फ बिहारी पुत्र बैजूलाल कनौजिया न्यू कटरा कस्बा बांगरमऊ के मकान में एक अज्ञात अधेड़ का शव मिला था। उसी घर में नशे की हालत में मिले मकान मालिक व उसके साथी मन्नूमियां तलइया निवासी शेरू को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। नशा उतरने के बाद दोनों मृतक को प्रमोद (55) उर्फ सर्वांग बाबा पुत्र चमनलाल निवासी लंढोरा थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड के रूप मे हुई थी। जो एक तांत्रिक था। उसने बताया कि उक्त बाबा ने उसके बेटे को सट्टे का लती बनाया था जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली थी। बेटे की मौत का बदला लेने के लिए ही पांच दिन पूर्व बाबा को हरिद्वार से कार के जरिए यहां लाया। जहां उसे नशे में करने के बाद गला कस कर उसकी हत्या की। उसके बाद शव पर पहले एसिड डाला उसके बाद उसे जला दिया। पुलिस ने उसके बताए अनुसार मृतक के पते पर संपर्क किया तो मृतक की शिनाख्त हुई। गुरुवार रात मृतक का बड़ा भाई प्रदीप, भतीजा शुभम व भाभी बाला बांगरमऊ पहुंचे। प्रदीप ने बताया कि सर्वांग उर्फ प्रमोद अविवाहित था। वह गांव के बाहर बने काली मंदिर में ही रहकर तंत्र-मंत्र करता था। अखिरी बार उसे 18 अगस्त को देखा गया था। कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े भाई प्रमोद की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

फास्ट फॉरवर्ड

वृद्ध ने निगला जहरीला पदार्थ, गंभीर हालत में हुआ रेफर

मवेशियों के फसल तबाह करने से आहत होकर यह कदम उठाने की चर्चा

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। खेत में छुट्टा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान वृद्ध ने विषाक्त पदार्थ निगल लिया। जानकारी पर परिजनों ने एम्बुलेंस के जरिए वृद्ध को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना दही क्षेत्र के गांव कोईथर का मजरा मर्दनखेड़ा निवासी राजकुमार (63) शनिवार को गांव के बाहर स्थित अपने खेत पर गया था। दोपहर में खेत से लौटा राजकुमार अपने घर पर अकेला था। जहां उसे पड़ोसियों ने बेसुध पड़ा देखा। आशंका है कि उसने अपने घर पर कोई विषाक्त पदार्थ निगल लिया। जिसकी जानकारी पड़ोसियों ने उसके बेटों दीपक व मानस को फ़ोन कर सूचना दी और आननफानन उसे एम्बुलेंस की सहायता से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां राजकुमार को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पड़ोसी शारिक अहमद एवं अनूप सिंह ने बताया कि राजकुमार शनिवार दोपहर अपने खेतों पर गया था। जहां छुट्टा मवेशियों द्वारा खेत में खड़ी फसल बबार्द देख वह आहत हुआ।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव। नानी के घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय कस्बे के मोहल्ला शीतल गंज निवासी सचिन (25) पुत्र चंद्रशेखर शनिवार को घर से कांथा निवासी नानी राजरानी के घर जाने के लिये बाइक से निकला था। इस दौरान सोहरामऊ थाना क्षेत्र में भल्लाफार्म-कांथा मार्ग पर सरायजोगा मोड़ के समीप उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर सीएचसी पहुंची घायल की बहन संध्या ने बताया कि सचिन बाइक से नानी के घर जा रहा था। इस दौरान हादसा होने की खबर मिली।

समाधान दिवस में तीन मामलों का निस्तारण

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान नायब तहसीलदार पहुंचे और कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने फारियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 10 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 7 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं तीन मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें सभी मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। वहीं राजस्व के मामलों का निस्तारण न होने से फारियादी मायूस होकर लौट गये।

रेलवे खंती के किनारे साठ वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड के सामने रेलवे खंती के किनारे एक साठ वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। जिस पास आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर शव को पीएम के लिये भेजा गया है। वहीं पश्चिमी चौकी पुलिस ने बताया कि शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक भिखारी लग रहा है।

गंगा का पानी खतरे के निशान से बह रहा ऊपर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा का रौद्र रूप दिखने लगा है। चारों ओर पानी भरने से कोहराम मचा हुआ है। जिला प्रशासन ने किसी की स्थिति से निपटने के लिए जल बराबर नजर अनाये हुये हैं। वहीं राजस्व विभाग की टीम बाढ़ केन्द्र पर रहने के साथ ही बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रही है। कई मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं। वहां के लोग सड़क पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रशासन की ओर से अभी कोई राहत नहीं पहुंचाई गई है। गंगा का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। नगर के चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, इंद्रा नगर, रविदास नगर, श्री नगर, अवस्थी फार्म हाउस, गायत्री नगर, भातू फार्म, ठाकुर खेड़ा में सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के सरैयां, लक्ष्मी खेड़ा, रजवा खेड़ा, पीपर खेड़ा डेरा, निहाल खेड़ा, पोनी, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा, त्रिभुवन खेड़ा समेत दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं। गंगा का पानी ग्रामीण क्षेत्रों में भर गया है। जिससे ग्रामीणों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। कच्चे मकानों के लिये खतरा बना हुआ है। वहीं मुख्य मार्गें में पानी भरने से आवागमन भी बाधित हो गया है। गंगा का पानी तेजी से शुक्लागंज में पहुंच रहा है। भातू फार्म, कंचन नगर में बाढ़ का पानी भरने से जिला प्रशासन की ओर से नावें लगवाई गई हैं। लेखपाल ने बताया कि अब तक बाढ़ क्षेत्रों में 42 नावें लगवाई जा चुकी हैं।

किशोर की चप्पलें पुलिया के पास मिलीं, डूबने की आशंका खोजबीन जारी

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में घर से निकले किशोर की चप्पलें पुलिया के पास दिखने से ग्रामीणों को उसके डूबने की आशंका हुई। मामले की सूचना पर सक्रिय हुई थाना पुलिस ने खोजबीन शुरू करा दी है। खबर लिखे जाने तक किशोर का कोई पता नहीं चल सका। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर नौगवां गांव के मजरा बरधाई निवासी शिशुपाल का 14 वर्षीय बेटा निखिल शनिवार दोपहर दो बजे घर से निकला था। बरधाई नौगवां मार्ग पर स्थित पुलिया के पास उसकी चप्पल पड़ी देख ग्रामीणों ने उसके डूबने की आशंका जताई। इस जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने किशोर की खोजबीन शुरू की। पुलिया के आसपास भारी भीड़ मौजूद है। मौके पर थाना पुलिस ने भी खोज बीन शुरू कर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं लगा था। कार्यवाहक थानाध्यक्ष विष्णुदत्त ने बताया कि डूबने की आशंका के आधार पर गोताखोरों की मदद से पुलिया के आस पास खोज कराई जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भतीजे की मौत, चाचा गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* भंवरेश्वर मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा
* असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा मार्ग पर पहासा मोड़ के पास हुई घटना

मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे चाचा भतीजे की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने भतीजे को मृत घोषित कर दिया जबकि चाचा की नाजुक हालत देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। घटना असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा भंवरेश्वर मार्ग पर पहासा मोड़ के निकट शनिवार दोपहर की है। असोहा थाना क्षेत्र के मलाखेड़ा गांव निवासी सुमित यादव (20) पुत्र अजय सिंह शनिवार को अपने परिवार के चाचा विक्रांत (45) पुत्र रामप्यारे के साथ बाइक से भंवरेश्वर मंदिर में दर्शन करने गया था। वापस लौटते समय कालूखेड़ा मार्ग पर पहासा मोड़ के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि विक्रांत की नाजुक हालत देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसकी मौत पर मां रेखा, बड़े भाई देवगन समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अविवाहित था और मजदूरी कर आजीविका कमाता था। उसकी एक बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। पिता फाइलेरिया के चलते पैर से दिव्यांग है। असोहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जेएमडी समूह के अध्यक्ष व समाजसेवी संजीव दीक्षित सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रामकुटी फाउंडेशन के तत्वाधान में पंडित राम बालक मिश्र स्मृति समारोह के अंतर्गत छत्रपति साहू जी महाराज विश्व विद्यालय स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में जेएमडी समूह के अध्यक्ष और समाजसेवी संजीव दीक्षित को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द द्वारा

सम्मानित किया गया। रामकुटी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पत्रकारों से बात करते हुए संजीव दीक्षित ने बताया कि समाज के हित में वे हमेशा काम करते रहे हैं और जरूरतमंदो की हर संभव सहायता करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को मेहनत और लगन से काम करना चाहिए, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने युवाओं से समाज के जरुरतमंद लोगों की सहायता करने की अपील की।

रक्षाबंधन 31 अगस्त को मानना सर्वोत्तम रहेगा : पं. शरद शास्त्री

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के पंडित जी ने बताया इस वर्ष (2023) में रक्षाबंधन पर्व मानने को लेकर आम जन मानस भ्रमित हैं। इस संदर्भ में कर्मकांड के सुप्रसिद्ध आचार्य पं. श्री शरद शास्त्री जी ने शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा को भद्रा के उपरांत मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पंचांग के अनुसार पूर्णिमा दिनांक 30 अगस्त 2023 दिन में 10:20 से प्रारंभ हो रही है भद्रा भी इसी समय दिन में 10:20 से प्रारंभ हैं जो रात्रि 9:15 तक रहेंगी। इसके बाद रक्षाबंधन होगा। शरद जी ने कहा कि रात्रि 9:15 के बाद में पर्व मनाना अधिकांश बहनों के लिए संभव नहीं हो पाएगा। 31अगस्त को पूर्णिमा प्रातः 8:20 तक है। इसलिए उदया तिथि को मानते हुए 31 अगस्त को

राहु काल का समय (दोपहर 1:04 से दोपहर 3:20 को छोड़कर) पूरा दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाना शुभ रहेगा। आचार्य जी ने कहा कि यदि बहनों के मन में संशय हो तो 31 अगस्त को प्रातः 8:11 के पूर्व रक्षा सूत्र को भगवान गणेश जी को स्पर्श करा कर रख लें तत्पश्चात बहनें अपनी सुविधानुसार रक्षा सूत्र भाई की कलाई में बांधें। क्योंकि गणेश जी समस्त विघ्नों को हरने वाले हैं उनके आशीर्वाद से सारे दोष स्वतः ही समाप्त हो जाएंगे।

मानसिक रोग शिविर में एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने कराया इलाज

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मानसिक शिविर में सौ से भी अधिक लोगो ने इलाज कराया। चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम व विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सौ से भी अधिक लोगो ने पहुंच कर अपना इलाज कराया जिसमे मानसिक रोगी नींद का न आना, चिंता करना, आत्महत्या का विचार जहन में आना, गुस्सा बहुत आना, किसी प्रकार का नशा करना व अन्य कई मरजो का इलाज किया जिसमे स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ डॉ चिरंजीवी प्रसाद, संदीप कुमार सिंह, कीर्ति प्रभा पाल,अरुण यादव, जितेंद्र कुमार व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम उपस्थित रही।

चौबेपुर में राम भरोसे चल रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

स्वास्थ्य सेवाएं रामभरोसे चल रही हैं जिसमे आपातकालीन सेवाएं धक्का मार नजर आई हैं। जहा प्रदेश सरकार एक तरफ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के दावे भर रही हैं वही चौबेपुर क्षेत्र में वही सेवाएं ठप नजर आ रही हैं जिसके चलते शनिवार जो एम्बुलेंस मरीजों के लिए जीवन रथ होना चाहिए जिससे मरीज समय पर अस्पताल पहुंच सके और उसका जीवन सुरक्षित हो सके उसके लिए जरुरी हैं कि एम्बुलेंस को स्वास्थ्य

विभाग द्वारा सही रखा जाये जिससे मरीज बीच सफर में ना लटक जाये लेकिन यहां तो एम्बुलेंस ही रामभरोसे चल रही हैं जिसका प्रत्यक्ष शनिवार को देखने को मिला जहा ब्रह्मनगर में एम्बुलेंस कई घंटे ख़राब खड़ी रही और बाद में उसे धक्का मार कर ले जाया गया ज़ब ख़राब एम्बुलेंस के बारे में पूछा तो बताया गया कि उसकी वायरिंग शार्ट हो गईं हैं जिसके करम एम्बुलेंस ने बीच सड़क पर ही दम तोड़ दिया अब सवाल यह उठता हैं कि क्या इसी तरीके से प्रदेश सरकार आम जनता को आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करायगी जिससे मरीज बीच में फसा रहे और ऐसी लापरवाही किसी का जीवन भी छीन सकती हैं।

आओ बनें हुनरमंद कार्यक्रम का आगाज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बिछिया। आओ बनें हुनरमंद कार्यक्रम के तहत शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 85 बच्चों को हुनर सिखाया जा रहा है जिसका मूल्यांकन समकूल के द्वारा कराया जा रहा है। वार्डेन बीना चौहान ने बताया की मीनाक्षी तिवारी और अंजना गौतम द्वारा बालिकाओं को दो घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें कक्षा छह, सात, आठ के 85 बच्चे हुनर सीख रहे हैं जो की पहले 15दिन का था अब एक माह में और बढ़ा दिया गया है इसके बाद प्रदर्शनी लगाई जायेगी इसके बाद इसको भेजा जाएगा। बताया कि बच्चे ऊन से तोता सहित पेंटिंग बनाना बच्चे सीख रहे हैं।

ढाबे से शराब बेचे जाने की सूचना पर आबकारी व पुलिस ने की संयुक्त छापेमारी

* एक युवक गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में देशी, अंग्रेजी शराब व बियर हुई बरामद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

ढाबे पर चोरी छिपे शराब बेंचे जाने की शिकायत पर आबकारी व बीघापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके बाद से बड़ी मात्रा में देशी अंग्रेजी शराब के साथ बियर की केन बरामद हुई है। आबकारी अधिनियम की कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सफीपुर पुरषोत्तम प्रसाद टंडन व आबकारी निरीक्षक हसनगंज ने अवैध रूप से शराब बेंचे जाने की सूचना पर बीघापुर कोतवाली पुलिस के साथ सिकंदरपुर गर्ण स्थिल कलश ढाबा में बीती रात छापेमारी की। इस दौरान टीम ने अशोक सिंह पुत्र स्व. रामचंद्र सिंह निवासी बहुराजमऊ थाना बीघापुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 8 पीएम ब्रांड के 52 टेट्रा क्वार्टर, मैकडावल के 35 क्वार्टर, देशी शराब के दीवाना ब्रांड के 20 क्वार्टर, किंगफिशर बियर के 10 केन बरामद किए। टीम ने बीघापुर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। जिस पर शनिवार उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

हैलट अस्पताल के आकस्मिक विभाग में रेड जोन बनाने का कार्य प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित लाला लाजपत राय चिकित्सालय के आकस्मिक विभाग में शनिवार को रेड जोन बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है जिसके लिए कार्यदायी संस्था हेरिटेज राउंड टेबल 125 द्वारा पूर्व में ही अनुमति दी जा चुकी थी। रेड जोन बनाने के कार्य का शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. संजय काला, प्रमुख अधीक्षक डॉ.आर.के.सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एन. सी. त्रिपाठी, कैंपस प्रभारी डॉ.अनुराग राजौरिया एवं आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डॉ.संजय ने बताया कि चिकित्सालय में इस रेड जोन के बनने से जनपद

के आसपास के 15 से 16 जिलों के रोगी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के अध्यक्ष साहब सेठी, सदस्य रिषि बंसल, प्रासून अग्रवाल, सतेन चोपड़ा एवं तनमय गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की टोलियां गली गली खोजेंगी नए मतदाता

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा वोटर चेतना महाअभियान के अंतर्गत 1 से 15 सितम्बर तक भाजपा कार्यकर्ताओं की टोलियां गली गली नए मतदाताओं को खोजेंगी। इसी क्रम में भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ. वीना आर्या पटेल के निर्देश पर शनिवार को किदवई नगर ,छावनी, बर्रा, निराला नगर,जूही,श्याम नगर, हरजेन्दर नगर, जरौली, सरसौल, यशोदा नगर, बाबूपुरवा सहित सभी मंडलों में वोटर चेतना महाअभियान की मण्डल कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में जिले से भेजे गए मण्डल प्रभारी व जिला पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को फार्म6,7,8 भरने और ऑनलाइन वोटर बढ़ाने के टिप्स दिए। 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म 6, पता बदलने वाले वोटरों के लिए फार्म 8 का प्रयोग होगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद वोटर चेतना अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का सत्यापन, उन्हें पढ़ने और परीक्षण का कार्य होगा। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर और स्मार्ट फोन से आवेदन करने के लिए वेबसाइट http://www.ceout-tarpradesh.nic.in तथा https://www.eci.nic.in एवं www.nvsp.in से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल में फार्म 6 भर कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करके भी मतदाता बना जा सकता है। आईटी टीम को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर एक्स और इंस्टाग्राम पर इन वेबसाइट को प्रचारित करने के निर्देशित किया जिससे पढ़े लिखे युवा अपने कंप्यूटर और स्मार्टफोन का उपयोग कर वोटर बन सके।

खेत की रखवाली कर लौट रहे किसान पुत्र डीसीएम से टकराया, मौके पर मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के थाना शिवराजपुर अन्तर्गत भटपुरा गांव के सामने एनएच 34 हाइवे पर से गुजर रहे युवक को डीसीएम की जोरदार टक्कर लगने से युवक की मौके पर मौत हो गई शनिवार को भटपुरा गांव निवासी भोला पुत्र राजेश (24)वर्ष खेतो में फसल की रखवाली कर घर वापस लौट रहा था तभी गांव से निकले नेशनल हाइवे एनएच 34 की रोड पार करते समय सामने से तेज रफ्तार से चली आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मारते हुए युवक को रौंद दिया था आसपास खेतों में फसल की रखवाली कर रहे किसानों ने जब एक्सीडेंट की घटना सुनी तो मौके पर पहुंचकर वाहन सहित चालक को पकड़ लिया घटना की सूचना मिलते ही गांव भर के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पिता राकेश की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक व वाहन को हिरासत में ले लिया था ग्रामीणों ने बताया कि युवक की दो वर्ष पहले ही विवाह हुआ था पत्नी सीमा का रो रोकर बुरा हाल था युवक की एक पुत्री है। थाना पुलिस ने बताया पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पानी की छींटें पड़ने पर दबंगों ने पीटा

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा नगर निवासी सरफराज अली ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह मकान का निर्माण करवा रहा है। शुक्रवार को दीवारों को तरी करने के लिये मोटर की पाइप से पानी डाल रहा था, तभी पानी की छींटें पास में खड़े कुछ लोगों पर पड़ गई। गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर चार लोगों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और मामला दर्ज किया है।

मोदी चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से मिलकर भावुक हुए, कहा, आपके दर्शन करना चाहता था

चांद पर लैंडर जहां उतरा, वह शिवशक्ति पॉइंट कहलाएगा

मोदी ने इसरो चीफ की पीठ थपथपाई, कमांड सेंटर पहुंचे तो 5 मिनट तक बजती रहीं तालियां, वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने 3 घोषणाएं कीं। पहली- 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा। दूसरा- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह शिव-शक्ति पॉइंट कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम तिरंगा होगा। मोदी ने 45 मिनट के भाषण में कहा, मैं साउथ अफ्रीका में था, फिर ग्रीस के कार्यक्रम में चला गया, लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मेरा मन कर रहा था आपको नमन करूं। लेकिन मैं भारत में (रुंधे गले से) भारत में आते हीज जल्द से जल्द आपके दर्शन करना चाहता था। मोदी बोले, मैं आपको सैल्यूट करना चाहता था। सैल्यूट आपके परिश्रम कोज सैल्यूट आपके धैर्य को.. सैल्यूट आपकी लगन को सैल्यूट आपकी जीवटता को... सैल्यूट आपके जज्बे को। बाद में शनिवार दोपहर पीएम मोदी बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने पालम एयरपोर्ट पर एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर बेंगलुरु के इसरो के कमांड सेंटर पहुंचे। यहां वे चंद्रयान-3 की टीम के वैज्ञानिकों से मिले। इसरो कमांड सेंटर पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पीएम मोदी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पीएम ने सोमनाथ को गले लगाया और पीठ थपथपाई। उन्हें चंद्रयान 3 मिशन के सफल होने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। मोदी अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद ग्रीस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे थे। सुबह 6 बजे एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उन्होंने लोगों को 10 मिनट तक संबोधित किया। उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा लगाया। इसमें उन्होंने जय अनुसंधान का नारा भी जोड़ा। उन्होंने कहा, सूर्योदय की बेला हो और बेंगलुरु का नजारा होज देश के वैज्ञानिक देश को जब इतनी बड़ी सौगात देते हैं, इतनी बड़ी सिद्धि प्राप्त करते हैं, जो दृश्य मुझे बेंगलुरु में दिखाई दे रहा है, वो मुझे ग्रीस और साउथ अफ्रीका में भी देखने को मिला। आप सुबह-सुबह इतना जल्दी आए, मैं अपने आप को रोक नहीं पा रहा था। मैं दूर विदेश में था। तो मैंने सोच लिया था कि पहले भारत जाऊंगा तो पहले बेंगलुरु जाऊंगा। सबसे पहले उन वैज्ञानिकों से मिलूंगा और उन्हें नमन करूंगा।

23 अगस्त राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि 23 अगस्त को जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया, उस दिन को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनकर जरूर उभरेगा। अनुसंधान की ये ताकत भारत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी और 2047 में भारत को विकसित देश बनाएगी। भारत के शास्त्रों में जो खगोलीय सूत्र हैं, उन्हें वैज्ञानिक तौर पर सिद्ध करने के लिए, नए सिरे से उनके अध्ययन के लिए नई पीढ़ी आगे आए। ये हमारी विरासत के लिए भी जरूरी है और विज्ञान के लिए भी।

आपकी जितनी सराहना करूं, उतनी कम है: पीएम मोदी

1. **चंद्रयान की सफल लैंडिंग पर:** आप देश को जिस ऊंचाई पर लेकर गए, ये कोई साधारण सफलता नहीं। अनंत अंतरिक्ष में भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य का शंखनाद है। इंडिया इज ऑन द मून, वी हैव अवर नेशनल प्राइड प्लेस्ड ऑन मून। हम वहां पहुंचे जहां कोई नहीं पहुंचा था। हमने वो किया जो पहले कभी किसी ने नहीं किया था। ये आज का भारत है निर्भीक भारत, जुझारू भारत। ये वो भारत है जो नया सोचता है नए तरीके से सोचता है। जो डॉर्क जोन में जाकर भी दुनिया में रोशनी की किरण फैला देता है।
2. **वैज्ञानिकों की सराहना में:** मेरी आंखों के सामने 23 अगस्त का वो दिन, वो एक-एक सेकेंड बार-बार घूम रहा, जब टचडाउन कन्फर्म हुआ। जिस तरह देश में लोग उछल पड़े वो दृश्य कौन भूल सकता है। वो पल अमर हो गया। वो पल इस सदी के प्रेरणादायक पलों में एक है। हर भारतीय को लग रहा था कि विजय उसकी अपनी है। ये सब मुमकिन बनाया है आप सब ने। देश के मेरे वैज्ञानिकों ने ये मुमकिन बनाया है। मैं आप सबका जितना गुणगान करूं वो कम है। मैं आपकी जितनी सराहना करूं वो कम है।
3. **विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर पर:** साथियों मैंने वो फोटो देखी, जिसमें हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमाया। एक तरफ विक्रम का विश्वास है, तो दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। हमारा प्रज्ञान चंद्रमा पर अपने पदचिह्न छोड़ रहा है। मानव सभ्यता में पहली बार धरती के लाखों साल के इतिहास में उस स्थान की तस्वीर मानव अपनी आंखों से देख रहा है। ये तस्वीर दुनिया को दिखाने का काम भारत ने किया है।
4. **भारत की साइंटिफिक स्पिरिट पर:** आज पूरी दुनिया भारत की साइंटिफिक स्पिरिट का, हमारी टेक्नोलॉजी का, हमारे साइंटिफिक टेंपरामेंट का लोहा मान चुकी है। हमारा मिशन जिस क्षेत्र को एक्सप्लोर करेगा, उससे सभी देशों के लिए मून मिशन के नए रास्ते खुलेंगे। यह चांद के रहस्यों को खोलेगा।
5. **नारी शक्ति पर:** हमारे यहां कहा गया है कि निर्माण से प्रलय तक पूरी सृष्टि का आधार नारी शक्ति ही है। आप सब ने देखा है चंद्रयान-3 में देश में हमारी महिला वैज्ञानिकों ने कितनी बड़ी भूमिका निभाई। चंद्रमा का शिव शक्ति पाइंट सदियों तक भारत की इस वैज्ञानिक क्षमता का साक्षी बनेगा। ये शिव शक्ति पाइंट आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। हमें विज्ञान का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए ही करना है। ये हमारा सुप्रीम कमिटमेंट है।
6. **थर्ड रो से पहली रो तक का सफर:** आज भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश है जिसने चंद्रमा की सतह को छुआ है। एक समय था जब भारत के पास जरूरी तकनीक नहीं थी। हमारी गिनती थर्ड रो में खड़े देशों में होती थी। वहां से निकलकर भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ इकोनॉमी बना। आज ट्रेड से लेकर टेक्नोलॉजी तक भारत की गिनती पहली रो में खड़े देशों में होती है। थर्ड रो से फर्स्ट रो में आने में इसरो की अहम भूमिका है।

इसरो 2 सितंबर को लॉन्च कर सकता है सोलर मिशन

4 महीने में लैग्रेंजियन पॉइंट पर पहुंचेगा आदित्य एल1, यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर कामयाब लैंडिंग के बाद इसरो अब सूर्य के अध्ययन के लिए एक हफ्ते के भीतर यानी 2 सितंबर को सौर मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह जानकारी स्पेस एप्लिकेशन सेंटर अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम देसाई ने न्यूज एजेंसी को दी। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली स्पेस बेस्ड इंडियन लेबोरेट्री होगी। इसे सूर्य के चारों ओर बनने वाले कोरोना के रिमोट ऑब्जर्वेशन के लिए डिजाइन किया गया है। आदित्य यान, एल1 यानी सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा। यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 120 दिन यानी 4 महीने लगेंगे। यह लैग्रेंजियन पॉइंट के चारों ओर की कक्षा, फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर के अलावा सबसे बाहरी परत कोरोना की अलग-अलग वेब बैंड्स से 7 पेलोड के जरिए टेस्टिंग करेगा।

आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा से बाहर जाने वाला इसरो का 5वां मिशन

- 22 अक्टूबर 2008 चंद्रयान 1
- 22 जुलाई 2019 चंद्रयान 2
- 2 सितंबर 2023 आदित्य एल1
- 5 नवंबर 2013 मार्स आर्बिटर मिशन
- 14 जुलाई को 2023 चंद्रयान 3

'इसके बाद अंतरिक्ष में महिला रोबोट व्योममित्र भेजेंगे'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महिला रोबोट व्योममित्र इंसानों जैसी सारी एक्टिविटीज कर सकेगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो हम इसके आगे बढ़ेंगे। चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर पहुंचने ने इसरो और देश को जबर्दस्त ऊंचाई दी है। जितेंद्र सिंह ने ये भी कहा कि भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो भी सफलता मिली है, वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्पेस सेक्टर को खोलने के चलते मिली है। 2019 में श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश स्थित स्पेस सेंटर और लॉन्चिंग स्टेशन) के गेट बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब यहां मीडिया और स्कूल के बच्चों को बुलाया गया।

पूरी तरह स्वदेशी है आदित्य एल1

इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक आदित्य रुा देश की संस्थाओं की भागीदारी से बनने वाला पूरी तरह स्वदेशी प्रयास है। बेंगलुरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ने इसके पेलोड बनाए हैं। जबकि इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पुणे ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोड विकसित किया है। यूवी पेलोड का इस्तेमाल कोरोना और सोलर क्रोमोस्फीयर पर, जबकि एक्स-रे पेलोड का इस्तेमाल सूर्य की लपटों को देखने के लिए किया जाएगा। पार्टिकल डिटेक्टर और मैग्नेटोमीटर पेलोड, चार्ज्ड पार्टिकल के हेलो ऑर्बिट तक पहुंचने वाली मैग्नेटिक फील्ड के बारे में जानकारी देंगे।

आदित्य यान एल1 पॉइंट पर ही क्यों भेजा जाएगा

आदित्य यान को सूर्य और पृथ्वी के बीच हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसरो का कहना है कि रुा पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। उम्मीद की जा रही है कि आदित्य रुा के पेलोड कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर एक्टिविटीज की विशेषताओं, पार्टिकल्स की मूवमेंट और स्पेस वैदर को समझने के लिए जानकारी देंगे।

इसरो की टीम को सम्मानित करेगी कर्नाटक सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरू में इसरो का दौरा किया और वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बधाई दी। वहीं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसरो की टीम को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में मिशन संचालन परिसर का दौरा किया और सफल लैंडिंग पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ और उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने वहां इसरो वैज्ञानिकों और अधिकारियों से बातचीत की और उनकी उपलब्धि की सराहना की। सिद्धारमैया ने कहा, सरकार विधान सौध के बैंक्वेट हॉल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें आधिकारिक तौर पर सम्मानित करेगी। कर्नाटक के लगभग 500 वैज्ञानिक इसका हिस्सा थे। इसरो के अध्यक्ष (एस) सोमनाथ और उनकी टीम को सम्मानित किया जाएगा।

एमपी में चुनाव से दो महीने पहले तीन नए मंत्री

शिवराज बोले, 75 दिन बाद फिर बनेगी हमारी सरकार, जरूरत पड़ेगी तो एक विस्तार और

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से करीब दो महीने पहले शिवराज मंत्रिमंडल में शनिवार को 3 नए मंत्रियों को शामिल किया गया। तीनों को राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने राजभवन में शपथ दिलाई। नए मंत्रियों में सबसे पहले महाकौशल से गौरीशंकर बिसेन, विंध्य से राजेंद्र शुक्ला और बुंदेलखंड से पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के भतीजे राहुल लोधी ने शपथ ली। बिसेन और शुक्ला को कैबिनेट मंत्री, जबकि लोधी को राज्यमंत्री बनाया गया है। शिवराज कैबिनेट में अब 33 मंत्री हो गए हैं। 1 पद अब भी खाली है। मंत्रिमंडल विस्तार पर कांग्रेस नेताओं के सवालों पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा- 75 दिन बाद भी हमारी सरकार आने वाली है। हम अभी विस्तार कर रहे हैं। बाद में फिर देखेंगे क्या करना है। उसके बाद भी हम ही आने वाले हैं और जरूरत पड़ेगी तो एक विस्तार अभी और करूंगा। इससे पहले मध्यप्रदेश कैबिनेट में 23 कैबिनेट मंत्री, 7 राज्य मंत्री थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में आने के बाद गठित मंत्रिमंडल को लेकर पूर्व सीएम उमा भारती कई मर्तबा कह चुकी थीं कि मंत्रिमंडल में जातीय संतुलन नहीं है। उमा के इस बयान के पीछे की वजह यह थी कि मंत्रिमंडल में लोधी समाज का एक भी मंत्री नहीं था, जबकि पिछली भाजपा की सरकारों में कुसुम महदेले और जालम सिंह पटेल मंत्री थे। 2014 में बनी केंद्र में मोदी सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती केंद्रीय कैबिनेट में शामिल थीं। विंध्य क्षेत्र में 2018 की विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिलने के बाद भी दमदार नेता राजेंद्र शुक्ला कैबिनेट में शामिल नहीं हो पाए थे। इस वजह से उनके समर्थकों में नाराजगी बढ़ रही थी। गौरीशंकर बिसेन महाकौशल में ओबीसी का बड़ा चेहरा हैं और पार्टी के सीनियर लीडर भी हैं।

नए मंत्रियों पर बढ़ेगा दबाव

प्रदेश में अक्टूबर के पहले हफ्ते में आचार संहिता लग सकती है। इसलिए नए मंत्रियों को मंत्रालय संभालने और काम करने के लिए महज डेढ़ माह का ही समय मिलेगा। ऐसे में उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों के कामों और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए बहुत कम समय है। इन डेढ़ माह में मंत्रियों पर अपने पद के दायित्वों को पूरा करने का दबाव लगातार बना रहेगा। इस दौरान लोगों के काम नहीं हुए तो उन्हें चुनाव में इसकी खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 2 आतंकी समेत 4 गिरफ्तार

एके-47, हेंड ग्रेनेड समेत कई हथियार बरामद, आतंक फैलाने के लिए 47 लाख मिले थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने असम राइफल्स और सीआरपीएफ की मदद से लश्कर के 2 आतंकी समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा जिले में एक टेरर मॉड्यूल पकड़ा। ऑपरेशन में एक महिला समेत दो आतंकी गिरफ्तार किए गए। इनसे एके-47 समेत कई हथियार बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि एक आरोपी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर मुश्ताक अहमद मीर के संपर्क में था। उसे आतंक को बढ़ावा देने के लिए 47 लाख रुपए भी मिले थे। अहमद मीर 1999 में पाकिस्तान चला गया था। वहीं, दूसरी घटना कुपवाड़ा जिले की है जहां लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकियों को पकड़ा गया है। इनके पास से पाकिस्तान और चीन में बने 5 हेंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आतंकियों के नाम जुबैर अहमद शाह पीरजादा और पीरजादा मुबाशिनर यूसुफ है।

हथियारों की डिलीवरी लेने जा रहा था आरोपी

अधिकारियों ने बताया कि 25 अगस्त को एक हाइब्रिड टेररिस्ट के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद इलाके में एक चेकपॉइंट बनाया गया। इस चेकपॉइंट से एक शख्स ने भागने की कोशिश की, जिसे सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। उस शख्स के पास से एक पिस्टल, एक पिस्टल मैगजीन, 8 गोलियां और दूसरा आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शफायत जुबैर के रूप में हुई।

2009 में सेना की गाड़ी जलाने का भी आरोप

जुबैर को बांदीपोरा में आतंकियों को बढ़ावा देने के लिए 47 लाख रुपए मिले थे। जुबैर साल 2000 में हुए कोठीबाग आईईडी ब्लास्ट में भी शामिल था। इस ब्लास्ट में 12 पुलिसकर्मियों समेत 14 लोगों की मौत हो गई थी। उस पर 2009 में सेना की गाड़ी जलाने का भी आरोप है। इस मामले में वह जमानत पर बाहर है।

मारे गए आतंकी की पत्नी के पास से हथियार बरामद हुए

जुबैर ने पूछताछ में बताया कि वह हथियारों की डिलीवरी लेने के लिए मुनीरा बेगम नाम की महिला के पास जा रहा था। मुनीरा बेगम मारे गए आतंकी युसूफ चौपान की पत्नी है। इसके बाद पुलिस ने मुनीरा के पास से 1 एके-47 राइफल, 3 मैगजीन, 90 गोलियां और एक पेन पिस्टल बरामद की। पूछताछ में सामने आया कि मुनीरा दो बार पाकिस्तान जा चुकी है।

ट्रिपल पी फार्मूला पर केंद्रित रहेगा 'आगरा फुटवियर कॉन्क्लेव'

- कॉन्क्लेव में जूता उद्यमियों और विशेषज्ञों के बीच होगा बौद्धिक मंथन, जुटेंगे प्रदेश और देश के दिग्गज
- कॉन्क्लेव की प्रदर्शनी में फुटवियर, कम्पोनेंट्स और आधुनिक मशीनों का होगा प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। आगरा

फेटर्निटी ऑफ आगरा फुटवियर मैन्यूफैक्चर्स (एफएएफएम), आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चेम्बर (एफमेक) एवं कॉरपोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को होटल फेयरफील्ड बाय मैरिएट में 'आगरा फुटवियर कॉन्क्लेव' का उद्घोषणा समारोह आयोजित किया गया। एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर द्वारा मंच से कॉन्क्लेव की उद्घोषणा के बाद मौजूद आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने अपने अपने विचार साझा किये। कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कोहली ने कहा कि दो दिवसीय 'आगरा फुटवियर कॉन्क्लेव' आगामी 16 और 17 सितम्बर को आगरा के होटल हॉलिडे इन में संपन्न होगा। कॉन्क्लेव का स्लोगन शोकेस ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्री रखा गया है जिसके अनुरूप इस आयोजन में भारतीय जूता उद्योग के व्यापक स्वरुप को बौद्धिक चर्चा और प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने बताया कि कॉन्क्लेव में जूता उद्यमियों और विशेषज्ञों के बीच बौद्धिक मंथन ट्रिपल पी यानी प्रिपरेशन, प्रोडक्शन, प्रोजेक्शन पर केंद्रित रहेगा। साथ ही साथ जूता उद्योग के प्रोत्साहन और वर्तमान परिदृश्य में चुनौतियों पर मंथन होगा। आगरा के लेदर फुटवियर को मिले बौद्धिक सम्पदा अधिकार (जीआई) को किस प्रकार मार्केटिंग टूल के रूप में इस्तेमाल करें इस पर भी विशेषज्ञ व्यख्यान देंगें। बीआईएस से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक विशेष सत्र रहेगा। इफ्कोमा के महासचिव दीपक मनचंदा ने कहा कि भारत की खपत 1.9 प्रति कैपिटा पेयर है वहीं अमेरिका में यह आकंड़ा 7 से 8 पेयर का है अन्य देशों में इसके मध्य खपत रहती है। भारत के घरेलू बाजार में यदि प्रति व्यक्ति एक पेयर की मांग बढ़ेगी तो हमें 140 करोड़ पेयर निर्माण की जरुरत है इसलिए इस बात को हमें समझना होगा हमारा घरेलू जूता बाज़ार अपार संभावनाओं से भरा है। श्रॉफ ग्रुप के चेयरमैन अनिल मगन ने कहा कि विश्व के बदलते परिवेश में चाइना प्लस वन की पॉलिसी पर काम कर रहा है। आज चाइना के विकल्प के रूप में भारत को देखा जा रहा है। यह स्थिति जूता निर्यात के लिए व्यापक विस्तार की संभावनाओं को दर्शाती है। इस दौरान संचालन नकुल मनचंदा ने किया। इस मौके पर एलर्ट सोल के एमडी चंद्र मोहन सचदेवा, एफमेक के प्रदीप वासन, चंद्रशेखर जीपीआई, एफएएफएम के उपाध्यक्ष मनीष लूथरा, संयुक्त सचिव नकुल मनचंदा, कोषाध्यक्ष रोमी मगन, सीसीएलए के महासचिव अजय शर्मा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

कॉन्क्लेव की महत्वपूर्ण बातें जो इसे बनाएगीं ख़ास

- ट्रिपल पी फॉर्मूले को अमलीजामा पहनायेगा कॉन्क्लेव
- आगरा को ग्लोबल फुटवियर फैक्ट्री के रूप में विकसित करने को बनेगी रणनीति
- निर्यात और घरेलू बाज़ार में आगरा की भागीदारी बढ़ाने को विशेषज्ञ करेंगें मंथन
- जूता निर्माण में कला और तकनीक के समावेश को शुरू होगी शोध और विकास की पहल
- कॉन्क्लेव की प्रदर्शनी में फुटवियर, कम्पोनेंट्स और मशीनों की आधुनिकता का प्रदर्शन होगा
- जीआई और बीआईएस पर होंगें विशेष सत्र

बीएसएफ को मिली बड़ी कामयाबी, तीन करोड़ से ज्यादा के सोने के बिस्कुटों के साथ तस्कर दबोचा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सीमा सुरक्षा बल (दक्षिण बंगाल सीमांत) के तहत आईसीपी पेट्रापोल (जिला-उत्तर 24 परगना) 145वीं जवानों ने एक तस्कर को 45 सोने के बिस्कुटों के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त सोने का वजन 5242.910 ग्राम है और जिसकी कीमत 3,07,44,424 रुपए बताई गई है। तस्कर सोने के बिस्कुटों को बांग्लादेश से वापस भारत आ रहे खाली ट्रक में बने छेदों (कैविटी) में छिपाकर लाने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के जन संपर्क अधिकारी एके आर्य, डीआईजी ने बताया कि सुबह 4.15 बजे आईसीपी पेट्रापोल पर जवानों ने वाहन चेकिंग के दौरान बेनापोल (बांग्लादेश) में निर्यात का माल छोड़कर वापस भारत लौट रहे एक ट्रक को तलाशी के लिए रोका। तलाशी में ट्रक में बने कुछ चुनिंदा छेदों से पारदर्शी टेप से लिपटे और कपड़े में बंधे 21 सोने के बिस्कुट बरामद किए। जवानों ने सोने के बिस्कुटों तथा ट्रक को जब्त कर लिया तथा ट्रक चालक से पूछताछ की। पकड़े गए ट्रक चालक की पहचान उत्तर 24 परगना जिला के सम्राट बिस्वास के रूप में हुई है। इसी बीच, बीएसएफ जवानों को उसी ट्रक में सोने के और भी बिस्कुट छुपे होने की पुख्ता खबर मिली। कंपनी कमांडर ने तुरंत एक सिविल मैकेनिक को बुलाकर ट्रक के दूसरे हिस्से में बने कुछ और चुनिंदा छेदों (कैविटी) को खुलवाया।

नूंह में इंटरनेट फिर बंद, बल्क एसएमएस पर भी 3 दिन रोक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नूंह । हरियाणा के नूंह में फिर से इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। होम डिपार्टमेंट ने शनिवार दोपहर 12 बजे से 28 अगस्त की रात 12 बजे तक जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं और बल्क एसएमएस पर प्रतिबंध लगा दिया है। नूंह में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की ओर से 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने के ऐलान को देखते हुए गृह विभाग ने एहतियात के तौर पर यह फैसला लिया है। नूंह जिला प्रशासन ने विहिप और दूसरे हिंदू संगठनों को 28 अगस्त को दोबारा यात्रा निकालने की परमिशन नहीं दी है, लेकिन हिंदू संगठन यात्रा निकालने पर अड़े हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)